ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 11:35 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 जून 2025
वर्ष 6, अंक 200, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



केरल तट के पास जहाज में आग लगी 14

एसबीआई चेयरमैन ने वित्तमंत्री को सौंपा लाभांश चेक 12

## खेत गए किसान को बाघ ने मार डाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम-एसडीएम और सीओ पहुंचे पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा
- जंगल से सटे गांव मेवातपुर में सोमवार तड़के हुई घटना

**अमृत विचार :** गन्ने की सिंचाई करने गए किसान पर बाघ ने हमला कर मार डाला। किसान का अधखाया शव तड़के खेत में पड़ा मिला। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। डीएम, एसडीएम और सीओ सिटी भी मौके पर पहुंचे। डीएम के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



मुकेश कुमार

घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज के वनकटी जंगल से सटे इलाके में हुई। गांव मेवातपुर उर्फ शेरगंज निवासी मुकेश कुमार (35) पुत्र मंगली प्रसाद रविवार देर शाम बड़े भाई योगेश के साथ गन्ने की सिंचाई करने गए थे। खेत में पानी छोड़ने के बाद दोनों भाई लौट आए थे। मृतक के बड़े भाई के मुताबिक सोमवार सुबह तड़के मुकेश खेत देखने गया हुआ था। इस बीच जंगल से निकले बाघ ने मुकेश पर हमला कर मार डाला। काफी देर तक जब मुकेश घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने तलाश शुरू की। कुछ देर बाद ही मुकेश का अधखाया शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। घटना को लेकर ग्रामीण भी आक्रोशित हो उठे। सूचना मिलने के बाद न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी पहुंचे। कुछ देर बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह भी पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि जंगल से सटे इलाके में घटना हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम व क्षेत्रीय वनाधिकारी के नेतृत्व में टीम मौके पर लगी हुई है।

## महाराष्ट्र में लोकल ट्रेन से गिरकर 4 की मौत, 9 घायल

### ठाणे में मुंब्रा स्टेशन के पास दो ट्रेनों के एक-दूसरे को पार करते समय हुआ हादसा

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि हादसे में मारे गए लोग दो ट्रेनों के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसा दो ट्रेन के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई।



परिजन को खोने पर बिलखती महिला।

पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन घटना के कारण की जांच कर रहा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे जीआरपी कांस्टेबल विकी मुखीयाद के रूप में हुई है। वहीं, कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### अब मुंबई में लोकल ट्रेनों के दरवाजे होंगे स्वचालित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए सभी मौजूदा और नई लोकल ट्रेनों के डिब्बों में स्वचालित दरवाजे की सुविधा देने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में घटी भयावह घटना के बाद मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजों की सुविधा देने का फैसला किया है।

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ठाणे जिले में मुंब्रा के निकट उपनगरीय रेल से जुड़े हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देगी। महाजन ने यह भी कहा कि राज्य सरकार घायलों का सभी चिकित्सा खर्च वहन करेगी तथा उन्हें सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। घायलों को भी वित्तीय सहायता की जाएगी।

## एक नजर

### एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुए सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीबी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण विभाग के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मणिपुर में 55.52 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क, 37 बीएन असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन व्हाइट वेल विशेष अभियान में लगभग 55 .52 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ और नकदी जब्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पांच से सात जून के बीच अभियान चलाया गया था।

### ट्रेनिंग पूरी, नौसेना को मिले 18 पायलट

**अरक्कोणम।** आईएनएस राजाली स्थित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल से एक महिला समेत नौसेना के 18 अधिकारियों ने पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया। इन अधिकारियों ने भारतीय नौसेना के एयर स्क्वाड्रन-561 में प्रशिक्षण स्कूल में अपने 22 सप्ताह लंबे गहन उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के सफल समापन पर एक प्रभावशाली 'पासिंग आउट परेड' में हिस्सा लिया। सब-लेफ्टिनेंट सिद्धि हेमंत दुबे ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर भारतीय नौसेना की दूसरी महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रच दिया।

### वैष्णो देवी में सुरक्षा को बना एकीकृत कमांड सेंटर

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली वाले 'एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र' का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सही समय की निगरानी और भीड़ प्रबंधन को सक्षम करेगी।

## भारत ने बीते 11 वर्षों में विविध क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा : प्रधानमंत्री

### सरकार के तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर कहा- सुशासन से आया यह बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। सोमवार को अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए एक लिंक में कहा गया है कि वर्तमान केंद्रीय मंत्रियों में से 60 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों से हैं। इस संदेश का उद्देश्य कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के खिलाफ काम करने के आरोपों के बीच उनकी सरकार की सामाजिक न्याय संबंधी साख को उजागर करना है। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में, हाशिए पर पड़े इन समूहों का यह अब तक का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है।



एक्स पर अपने पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेज गति से, उचित अनुपात में और संवेदनशीलता के साथ पथ-प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। 'उज्ज्वला' हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

### स्वर्णाक्षरों में लिखे जाएंगे मोदी सरकार के कार्य : नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल को 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'गैर-जिम्मेदार' नेता करार दिया। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त रही। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचनाओं और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में भारत के लड़ाकू विमानों के मार गिराए जाने की आशंका जताए जाने के बारे में पूछे जाने पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह बेबुनियाद सवाल पूछकर गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे।

## पत्नी सोनम ने ही कराई थी भाड़े के हत्यारों से राजा रघुवंशी की हत्या

शिलांग/इंदौर/लखनऊ/झांसी, एजेंसी

मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी की हत्या में कथित रूप से उसकी पत्नी शामिल थी, जिसने भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की डीजीपी आई नोंगरांग ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सोनम के पिता ने अपनी बेटी के बेगुनाह होने का दावा किया है जबकि राजा के भाई ने कहा कि सोनम को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

डीजीपी ने बताया कि राजा की पत्नी सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि रातभर की छापेमारी के बाद तीन अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीन लोगों में से दो मध्यप्रदेश के इंदौर और एक उत्तर प्रदेश के ललितपुर का निवासी है। पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि सोमवार को मध्यप्रदेश के सागर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक होमस्टे से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक खाई में मिला था। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया और दो अन्य को इंदौर से पकड़ा।



- हनीमून के लिए मेघालय गए थे इंदौर के दंपती, पति की मिली थी लाश
- पांच आरोपी गिरफ्तार, सोनम को उप्र के गाजीपुर जिले से दबोचा गया

डीजीपी नोंगरांग ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें भाड़े पर बुलाया था। गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति आकाश राजपूत (19) उत्तर प्रदेश के ललितपुर से था। दूसरा विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) मध्यप्रदेश के इंदौर से था। सोमवार को अपराह्न मध्यप्रदेश के सागर जिले से आनंद कुर्मी (23) को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि इंदौर के गोविंदनगर खारचा की निवासी सोनम रघुवंशी रात में वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित काशी ढाबा पर मिली।

### सोनम के पिता ने कहा-मेरी बेटी बेगुनाह

वहीं, इंदौर में सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी ने कहा कि मेरी बेटी बेगुनाह है। हम इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि मेघालय पुलिस मेरी बेटी के बारे में गलत बयान दे रही है। सनमाइका शीट के कारोबारी देवी सिंह ने दावा किया कि उनकी बेटी के खिलाफ मेघालय पुलिस के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने सुपारी देकर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या कराई थी।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में बारूदी सुरंग में विस्फोट से एएसपी की गई जान

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक राज्य में पिछले 14 वर्ष में यह पहली बार है जब किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मौत नक्सली घटना में हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक, एएसपी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भानुप्रताप चंद्राकर तथा निरीक्षक (थाना प्रभारी कोंटा) सोनल ग्वाला, जिले के कोंटा क्षेत्र में मिट्टी हटाने की एक मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना पर आज सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव गिरपुंजे, चंद्राकर और ग्वाला घायल हो गए। तीनों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गिरपुंजे ने दम तोड़ दिया।



हमले में घायल पुलिस अधिकारी।

- नक्सलियों के हमले में डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (कोंटा क्षेत्र) आकाश राव गिरपुंजे की मौत पर दुख व्यक्त किया। बस्तर क्षेत्र के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि विस्फोट की सीधी चपेट में आने से गिरपुंजे को गंभीर चोटें आईं और उनके पैर कट गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## स्वास्थ्य योजनाओं में 9.94 करोड़ का फर्जी भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में इलाज के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसका खुलासा विभागीय जांच में हुआ। 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को फर्जी तरीके से 9,94,13,386 रुपये का भुगतान किया गया। यह भुगतान 6239 दावों के संबंध में किया गया है।

जांच में सामने आया कि यह सारे भुगतान इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी और कम्प्रीहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के अधिकारियों के लॉगिन से किया गया है। हकीकत सामने आने पर संबंधित योजनाओं के स्टेट नोडल अधिकारी डा. बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



- 22 दिन में 39 अस्पतालों को किया 9.94 करोड़ का भुगतान
- आयुष्मान भारत, पीएम व सीएम जन आरोग्य योजना में गड़बड़ी

डॉ. बृजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक इन योजनाओं के लाभार्थियों के उपचार के दावे प्रस्तुत करने के बाद भुगतान किए जाने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा विकसित एवं प्रबंधित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था है। जो दावे पोर्टल पर आते हैं, उनकी शुरुआती स्तर पर स्टेट एजेंसी साचीज द्वारा निविदा के माध्यम से चयनित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आईएसए) द्वारा ऑन लाइन संस्तुति पोर्टल पर ही साचीज को भेजा जाता है। इसकी जांच मेडिकल ऑडिटर लॉगिन पर करने के बाद लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त को भेजे जाने की व्यवस्था है। लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त की संस्तुति के बाद साचीज के सीईओ द्वारा अनुमोदन कर संबंधित बैंक के जरिए अस्पताल को ऑनलाइन भुगतान के लिए भेजा जाता है।

### आधी रात को 6239 मामलों में किया भुगतान


दावों की ऑन लाइन प्रोसेसिंग कई स्तरों पर जांची गई तो पता चला कि इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी, लेखाधिकारी, प्रबंधक वित्त साचीज और मुख्य कार्यपालक अधिकारी साचीज की लॉगिन से आधी रात को भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। नोडल अधिकारी के मुताबिक 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को 9 .94 करोड़ रुपये का अनियमित भुगतान किया गया। इन अस्पतालों ने 6239 दावे भुगतान के लिए प्रस्तुत किए थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक स्टेट नोडल अधिकारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। साइबर क्राइम सेल की टीम के साथ मिलकर मामले की जांच की जा रही है।

## गर्मी ने किया बेहाल, पारा 45° पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सोमवार को भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहे। झुलसा देने वाली धूप ने खूब परेशान किया। लखनऊ में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आगरा और झांसी सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ी गर्मी के कारण बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। 8 जून की रात बिजली की मांग 30,161 मेगावाट रही।

बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी के साथ लू की भी चपेट में रहे। मौसम विभाग ने 10 जून के लिए प्रदेश के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा व ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का 'आरेंज अलर्ट' जारी किया है। दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहने के आसार हैं। पश्चिमी यूपी और एनसीआर के लगभग 25 जिलों के लिए लू का 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार राजधानी में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।



- बिजली की मांग भी 30 हजार मेगावाट के पार पहुंची
- प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहे झांसी और आगरा जिले

### और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार 10 जून तक मौसम शुष्क बने रहने, गर्म सतही पछुआ हवा चलने और ऊपरी क्षोभमंडल के प्रतिचक्रवात के संयुक्त प्रभाव से तापमान में 2-3 डिग्री की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। ऐसे में 11 जून तक बुंदेलखंड, विंध्य आदि क्षेत्रों में लू चलने की संभावना है। 11 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठी नमी से पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर शुरू होने की संभावना है।

## 22 हजार करोड़ से गांवों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

### 10.5 हजार करोड़ की केंद्रीय और 11.5 हजार करोड़ की राज्य की योजनाओं से संवारे जाएंगे गांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार केंद्र और राज्य की योजनाओं से 22 हजार करोड़ रुपये खर्च करके गांवों का कायाकल्प करेगी। इस अभियान में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता, रोजगार, आवास और जलनिकासी जैसी जरूरी सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना में कोई भी गांव अछूता न रहने का सख्त निर्देश दिया है।

योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए बड़े अभियान पर काम कर रही है। इसमें 10 हजार 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय योजनाएं और लगभग 11 हजार 500 करोड़ रुपये की राज्य योजनाएं शामिल हैं। इनके माध्यम से गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी ग्रामीण क्षेत्र विकास के लिहाज से अछूता न रहने पाए।



- 2 हजार करोड़ से स्वच्छ भारत मिशन को मिलेगी रफ्तार, सीएम का निर्देश कोई भी गांव अछूता न रहे

स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसके लिए 2 हजार करोड़ रुपये विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत खर्च किए जाएंगे। इस धनराशि से शौचालय निर्माण, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम स्वच्छता समितियों का सशक्तिकरण और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

### 1 हजार करोड़ से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

ग्रामीण विकास योजना के तहत अब तक 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अलावा शुरुआती चरण में लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत भी कर दी गई है। इसमें सड़क निर्माण, जलनिकासी, पंचायत भवनों का निर्माण, सामुदायिक शौचालय और पेयजल आपूर्ति जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

### ग्रामीणों को मिले हर आवश्यक सुविधा: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक-एक गांव को विकसित किया जाए, जहां ग्रामीणों को हर आवश्यक सुविधा सुलभ हो। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है।

# पालिका को भवन पर मिलेगा कब्जा या नहीं, फैसला आज

**सपा कार्यालय प्रकरण**

## नगर पालिका प्रशासन के स्तर से की जाती रही तैयारियां, समाजवादी पार्टी के नेताओं का भी चला मंथन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- लंबे समय से चली आ रही जद्दोजहद के बीच आज खाली कराया जाना है सपा कार्यालय

**अमृत विचार:** नकटादाना चौराहा पर स्थित नगर पालिका ईओ आवास में संचालित समाजवादी पार्टी कार्यालय के भवन को खाली कराए जाने की कार्रवाई भले ही प्रशासनिक स्तर से अमल में लाई जा रही है। मगर, भवन खाली कराने के लिए समय निश्चित किए जाने के बाद जनपद की राजनीति गरमा गई है। ईओ की ओर से चस्पा किए गए नोटिस के तहत आज कार्यालय खाली कराया जाना है। इसके लिए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी पुख्ता इंतजाम करने की चर्चा तेज है।

वहीं, एक दिन पूर्व समाजवादी पार्टी खेमे में भी हलचल बनी रही। डीएम-एसपी से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज कराई गई है। वहीं, कार्यकर्ताओं संग भी बैठकें देर शाम तक चलती रहीं। फिलहाल आज तय होगा कि नगरपालिका को लंबे अरसे बाद अपने भवन पर कब्जा मिलेगा या फिर एक बार फिर आस अधूरी रह जाएगी।

बता दें कि नकटादाना चौराहा पर स्थित नगर पालिका का अधिशासी अधिकारी आवास का एक कमरा और आंगन 2005 में नगरपालिका बोर्ड द्वारा अस्थाई रूप से किराए पर दिया गया था। आवंटन में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन न किए जाने के चलते तत्कालीन ईओ ने 12 नवंबर 2020 को आवंटन निरस्त कर दिया था। पालिका के अनुसार, इसकी सूचनाएं सपा नेताओं को दे दी गई थी। तत्कालीन जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य को प्रतिवादी बनाते हुए योजित तो की गई, मगर उसे 1 दिसंबर 2020 को वापस भी ले लिया गया था। वर्ष 2021 में सपा के तत्कालीन जिला महासचिव यूसुफ कादरी ने नगपालिका पीलीभीत, ईओ के प्रतिवादी बनाते हुए एक वाद न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन में योजित किया गया। यह वाद वर्तमान में विचाराधीन है। हालांकि न्यायालय का न तो किसी प्रकार अंतरिम आदेश पारित किया गया है, न ही नगरपालिका पीलीभीत को अपने भवन पर कब्जा लेने से रोका गया है। इसके अलावा मामला लेकर सपा नेता सर्वोच्च न्यायालय भी पहुंचे और उनका कहना है कि वहां पर भी विचाराधीन है। इन सबके बीच 18 मई को नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने 18 मई को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इस प्रकरण को रखा, जिसके बाद शासन स्तर से संज्ञान लिया गया। इसके बाद से कम समय में ही प्रशासनिक स्तर से कार्रवाइयां तेज हो गई।

रविवार को सपा कार्यालय पर ईओ संजीव कुमार की ओर से नोटिस चस्पा कर दिया गया है, जिसमें 10 जून की सुबह तक कब्जा न छोड़ने पर नगरपालिका द्वारा अपने भवन पर कब्जा लेने की बात कही गई है। इसके दूसरे दिन मामला और गरमा गया। एक तरफ नगर पालिका प्रशासन की तरफ से दस जून को लेकर तैयारियां की जा रही है। वहीं, समाजवादी पार्टी के नेता भी इसे लेकर अपनी रणनीति बनाने में जुटे रहे। पार्टी हाईकमान को भी इस प्रकरण से अवगत करा दिया गया है।



समाजवादी पार्टी कार्यालय। ● अमृत विचार

### सपा ने बतौर सूचना चस्पा किया पोस्टर

सपा कार्यालय की जिस दीवार पर रविवार को ईओ की तरफ से नोटिस चस्पा किया गया था। उसी के ठीक बराबर में गेट पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष की ओर से एक आपत्ति के साथ पोस्टर चस्पा कर दिया है। इसमें लिखा है कि प्रशासन और नगर पालिका परिषद को सूचित किया जाता है कि सपा कार्यालय का प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। प्रतिकूल कार्रवाई करने वाला व्यक्ति अथवा संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी।




### सपा जिलाध्यक्ष बोले: बलपूर्वक खाली कराने पर दर्ज कराएंगे विरोध



समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि राजनीतिक द्वेष भावना के तहत सत्ता के दबाव में असंवैधानिक तरीके से कार्रवाई की जा रही है। जान-बूझकर सिविल न्यायालय के ग्रीष्मकालीन अवकाश (माह जून) में नोटिस चस्पा किया गया है। बलपूर्वक कब्जा लेने की कार्यवाही की तैयारी की गई है। न्यायिक प्रक्रिया अपनाते हुए कोई आदेश नगरपालिका लेकर आए, जोकि नहीं अपनाया गया है। अगर बलपूर्वक गलत तरीके से हटाने का प्रयास किया गया तो हम अपनी बात रखते हुए विरोध दर्ज कराएंगे। पार्टी हाईकमान को भी पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया है। कार्यकर्ताओं संग भी इसे लेकर बैठकें की गई हैं।

### सक्षम न्यायालय में चस्पा नोटिस को चुनौती देने को मांगा समय

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव को एक दिन पूर्व चस्पा किए गए नोटिस के संबंध में आपत्ति दर्ज कराई है। इसमें बताया कि 8 जून को देर शाम कार्यालय पर नोटिस चस्पा किया गया, जो 6 जून यानी बैकडेट का है। इसे नगर नगर पालिका अधिनियम और संविधान के विरुद्ध बताया। ये भी आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष भावना के तहत कार्रवाई की तैयारी है। इस नोटिस के खिलाफ सक्षम न्यायालय में चुनौती देने के लिए समय मांगा। इसके अलावा कार्यालय पर भी कार्यकर्ताओं संग बैठकें चलती रही। सपा जिलाध्यक्ष के अनुसार, अधिकारियों ने इसे लेकर विधिक राय लेते हुए निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

# सिद्धबाबा देवस्थल पर भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद


सिद्धबाबा स्थल पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की पसगवां बीट के कंपार्टमेंट चार स्थित प्राचीन सिद्ध बाबा देव स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

बता दें कि ज्येष्ठ मास में सिद्ध बाबा देव स्थल पर हर रोज श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन कराया जा रहा है। सोमवार को गांव परेवा के शंकरलाल राजपूत, पूर्व प्रधान रविंद्र शर्मा द्वारा भंडारे का आयोजन कराया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह समेत लोगों ने शिरकत की। जिला अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ पहुंच कर सबसे पहले देव स्थल की परिक्रमा की। उसके बाद वह जंगल के अंदर स्थित गढ़ा देव मंदिर और ब्रह्मचारी आश्रम पर भी गए। उनके साथ बीसलपुर गन्ना समिति के सभापति राजेश सिंह उर्फ बबलू, चीनी मिल के उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, भाजपा जिला मंत्री आयुष मिश्रा, राजू शर्मा, पूर्व प्रधान रविंद्र शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष सियाराम शास्त्री, संचालक महिपाल सिंह, देवेश कुमार शर्मा आदि ने पूजा की और प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में अतुल शर्मा शीलू, राहुल सिंघल, नरेश प्रजापति, प्रधान धर्मेंद्र गंगवार, सालिगराम राजपूत, प्रधान ब्रजनंदन राजपूत, बृजेश राजपूत, अमरपाल आदि का सहयोग रहा।

# बाढ़ के दौरान विद्युत चलित उपकरणों का काट दें संपर्क

संवाददाता, बीसलपुर

- एडीएम ने अधिकारियों को दिए बाढ़ संबंधी टिप्स

**अमृत विचार:** तहसील परिसर स्थित सभागार में बाढ़ राहत चौपाल का आयोजन सोमवार को किया गया। एडीएम ने आवश्यक सुझाव व निर्देश दिए।

एडीएम ऋतु पूनिया ने कहा कि वर्षा ऋतु में आने वाली संभावित बाढ़ को मद्देनजर नजर रखते हुए क्षेत्र में नौ बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं, जिनमें प्रमुख रूप से बाढ़ चौकी बरखेड़ा कलां जूनियर हाईस्कूल, भैसहा ग्वालपुर प्राथमिक विद्यालय, ग्राम कटकबारा जूनियर हाईस्कूल, अर्जुनपुर प्राथमिक विद्यालय, परेवा ताल्लुके किसनी प्राथमिक विद्यालय, मीरपुर वाहनपुर प्राथमिक विद्यालय, बीसलपुर तहसील कार्यालय, अमृताखास सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज के अलावा ग्राम मोहम्मदपुर भजा प्राथमिक विद्यालय में है। इन सभी चौकियों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई है। एडीएम ने कहा कि बाढ़ के समय ग्रामीण ऊंची जगह पर चले जाएं। वृद्ध व्यक्तियों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को भी ऊंचे एवं सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं। सभी विद्युत चलित उपकरणों को डिसकनेक्ट कर देना चाहिए। अपनी मूल्यवान वस्तु या सामान को बांधकर सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर रखें या जमीन के अंदर गहरे में दबा दें। पशुओं को बाढ़ शरणालय गौशालाओं में ऊंची भूमि पर पहुंचा दें। उनके लिए चारा व भोजन आदि सुरक्षित रखें। बाढ़ के पानी से प्रभावित भोजन का सेवन न करें, अपने बच्चों को बाढ़ के बहते पानी में खेलने की अनुमति न दें। एडीएम ने बताया कि ग्रामीण आपदा कंट्रोल रूम का नंबर 05881-297054 भी अपने पास सुरक्षित रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर वह सूचना दे सकें।

# पीलीभीत के तीन खिलाड़ियों का चयन

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन बरेली जोन की टीम के लिए पीलीभीत के तीन युवा खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह तीनों खिलाड़ी 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी इनिशियम ग्लोबल स्कूल में प्रशिक्षण लेते हैं।

पीलीभीत के कार्तिकेय शर्मा को जोनल टीम का कप्तान बनाया गया है। बरेली में हुए ट्रायल में पीलीभीत के कार्तिकेय शर्मा, तन्मय प्रताप सिंह और सुभांश गंगवार का चयन किया गया है। सभी चयनित खिलाड़ी उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के जोनल ट्रायल मैचों के लिए 10 और 11 जून को होने वाले मैचों में प्रतिभा करेंगे।

इन तीन खिलाड़ियों का चयन होने पर माइकल सिंह विर्क, पुनीत धामेजा, पैरी सिंह, अकादमी के कोच रिजवान खान सहायक कोच सैयद नातिक अली, अर्शी खान ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# कलेक्ट्रेट में भाकियू भानु का प्रदर्शन, पांच घंटे चला धरना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** चौदह सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरी। जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम कार्यालय का घेराव करने का ऐलान करते हुए धरना देकर नारेबाजी शुरू कर दी गई। कई अफसर पहुंचे और मनाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बन सकी। करीब पांच घंटे बाद डीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया।

बता दें कि भाकियू भानु की ओर से एक दिन पहले ही सोमवार को डीएम कार्यालय का घेराव करने का ऐलान कर दिया गया था। उनका कहना था कि पूर्व में संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापनों को अनदेखा कर दिया गया है। ऐसे में अगर समाधान निकलता नहीं दिखा तो आंदोलन अनिश्चितकालीन कर दिया जाएगा। इसी के तहत सोमवार सुबह 11 बजे कार्यकर्ता मंडी समिति परिसर में जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अध्यक्षता में जमा हुए। इसके बाद जुलूस निकालते कलेक्ट्रेट पहुंच गए। चूंकि सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया था। ऐसे में अधिकारी कलेक्ट्रेट में नहीं मिले। कई कार्यकर्ता ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर पहुंच गए थे।


कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते भाकियू भानु के पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- 14 सूत्रीय मांगों को लेकर मंडी समिति से जुलूस निकालकर पहुंचे थे कलेक्ट्रेट
- डीएम के आश्वासन पर माने, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट भी पहुंचे थे मौके पर

खास बात थी कि कार्यकर्ता अपने साथ खाद्य सामग्री और रसोई गैस बर्तन आदि भी लेकर आए थे, ताकि अगर धरना अनिश्चितकालीन हो जाएगा तो वहीं पर भोजन की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। भूख हड़ताल की भी चेतावनी दी जाती रही। एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट समेत कई अधिकारी शाम को पहुंचे और वार्ता की। मगर, कार्यकर्ताओं ने साफ कहा कि वह डीएम से ही अपनी बात रखेंगे।

इसके बाद शाम को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह भी कलेक्ट्रेट पहुंचे और कार्यकर्ताओं का ज्ञापन लिया। उन्होंने हरसंभव व निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिस पर कार्यकर्ता मान गए और धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। तहसील अध्यक्ष नंद किशोर राठौर ने भी विचार रखे।

### इन मुद्दों पर रखी गई कार्रवाई की मांग

ज्ञापन में कहा गया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की मिलीभगत से मिलावटखोरी का धंधा पनप रहा है। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होती। खनन पर रोक लगाने की मांग की गई। सरकारी राशन के कोटे और पेट्रोल डीजल पंप पर घटतौली का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। इसके लिए पूर्ति विभाग के जिम्मेदारों पर मिलीभगत के आरोप लगाए। कहा कि थाना स्तर पर पीड़ितों की सुनवाई नहीं हो रही है। मनरेगा में आए दिन भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद भी सख्ती नहीं है। छुट्टा पशुओं, बंदरों और कुत्तों के झुंड लोगों की मुसीबत बने हुए हैं। जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। रूपपुर कृपा में बस्ती के बीच तेजाब फैक्ट्री संचालित होने पर खतरा बताया। कहा कि सब्जी मंडी में अवैध तरीके से केला पकाने के प्लांट चल रहे हैं। पुष्टाहार बांटने के नाम पर धांधली हो रही है। ज्ञापन में इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

# टहलते वक्त वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिलसंडा, अमृत विचार:** गांव घनश्यामपुर में नहर की पुलिया पर टहलते वक्त एक युवक को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव धनश्यामपुर निवासी सोनू उर्फ सोनपाल (38) रविवार रात करीब 9 बजे गांव के मध्य से गुजरी करेली माइनर पुलिया के समीप टहल रहे थे। इसी दौरान चार पहिया वाहन ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर तेज लगने से करीब 30 मीटर तक घसीटते रहे। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसओ सिद्धांत शर्मा ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रास्ते में युवक की मौत हो गई। एसओ ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बाजार में भोंपू बजाने को लेकर कहासुनी के बाद चले लाठी डंडे

संवाददाता, बिठौराकलां

**अमृत विचार:** क्षेत्र के हटुआ बिजलई बाजार में सोमवार को भोंपू बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें बिठौराकलां गांव के पांच लोग घायल हो गए, जबकि संतोषपुर गांव के एक व्यक्ति को भी चोट आई। एक महिला ने कुंडल लूटने का भी आरोप लगाया। संतोषपुरा गांव के ग्रामीण मौके से भाग गए। घटना के चलते हड़कंप मचा रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताते हैं कि गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां से रविवार को श्रद्धालु इलाबांस देवल के लिए झंडी पदयात्रा लेकर गए थे। सोमवार को जब यह जत्था इलाहाबाद देवल से लौटकर हटुआ बिजलई बाजार में रुका, तो भोंपू बजाने को लेकर विवाद शुरू हो गया।


घटना के चलते मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

दूसरा पक्ष संतोषपुरा गांव का बताया जा रहा है। वह भी झंडी पदयात्रा लेकर गया था। कुछ ही देर में कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। लाठी-डंडे चल गए। घटना में संतोषपुर पक्ष का एक व्यक्ति और बिठौराकला के पांच लोग घायल हो गए। बिठौराकलां की एक महिला के कान से कुंडल छीनने का भी आरोप लगा। एक पक्ष के जाने के बाद हंगामा होता रहा।

सूचना मिलने पर गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। पुलिस ने संतोषपुरा जत्थे में शामिल डीजे लगे ट्राले को कब्जे में ले लिया। मामले की जांच की जा रही है।

# प्लॉट में कूड़ा डालने का विरोध करने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**माधोटांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया खास के रहने वाले राजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर के सामने खाली प्लाट पड़ा हुआ है। वहां पर वह परिवार के साथ बैठता है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने चार जून की शाम को कूड़ा डालना शुरु कर दिया।

जब उसने विरोध किया। तो गांव के रहने वाले रामकुमार, ईश्वर दयाल, भगवानदास और शांति स्वरूप ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट करना शुरू कर दी। मारपीट में राम खिलौना गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में आगामी 21 जून होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में सभी विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।

गांधी सभागार में सोमवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर मंथन के लिए बैठक हुई। इसमें डीएम ने सभी अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी नामित किया गया। इस दौरान डीएम ने पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था के लिए एवं शिक्षा विभाग को स्कूलों में एवं आयोजन स्थल पर छात्रों को अधिक से अधिक योग कार्यक्रम में प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए। बैठक में स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए गए। बैठक में एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बीएसए अमित कुमार, डीआईओएस अचल कुमार मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


गांधी सभागार में बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम ने अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

# बोरिंग की हकीकत परखने बरेली से आएगी जल निगम की टीम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नकटादाना चौराहा के पास बने पंप हाउस का देखेगी बोरिंग

**अमृत विचार :** नगर पालिका की शिकायत के बाद नकटादाना चौराहा स्थित पंप हाउस की बोरिंग की हकीकत परखने के लिए जल निगम की विशेषज्ञ टीम बरेली से पीलीभीत आएगी। टीम मौके पर पहुंचकर पंप हाउस की बोरिंग का स्थलीय निरीक्षण करेगी और खराबी के कारणों की पड़ताल करेगी।

नगर पालिका ने तकनीकी खामी की जानकारी जल निगम को भेजकर जल्द समाधान की मांग की थी, ताकि पेयजल को सुचारु रुप से चालू किया जा सके। बता दें कि 30 मई को निरंजन कुंज कॉलोनी पंप हाउस के साथ नकटादाना चौराहा की मोटर हाई वोल्टेज की वजह से फुंक गई थी। मोटर फुंकने के बाद नगर पालिका की ओर से मोटर बदलवा दी गई है, लेकिन अब नकटादाना पंप में मोटर लगने के बाद बोरिंग दिक्कत देना शुरू हो गया।

मोटर चलने पर पानी के साथ रेत फेंक रहा है। आलम यह है कि एक लीटर पानी के साथ करीब 300 ग्राम रेत निकल रही है। ऐसे में मोटर भी खराब हो गई है, जबकि बोरिंग की गारंटी 15 साल तक तय की गई थी। यह बोरिंग अमृत योजना 1.0 के तहत कराए गए कार्ये के तहत वर्ष 2021-22 में कराया गया था। ऐसे में बोरिंग को लेकर अब नगरपालिका ईओ संजीव कुमार की ओर से शुक्रवार को जल निगम एक्सईन बरेली को पत्राचार करते हुए ठीक कराने के लिए लिखा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए जल निगम बरेली से एक टीम मुख्यालय पर भेजी जा रही है, जो स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराएगी। माना जा रहा है कि मंगलवार को बरेली से टीम निरीक्षण के लिए आ सकती है। जल कल प्रभारी तारिक हसन ने बताया कि बोरिंग की खराबी को लेकर पत्राचार किया गया था। टीम आने की संभावना है।

# मामूली विवाद के बाद दी तहरीर कोतवाली के बाहर हो गई मारपीट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के लोधीपुर गांव स्थित एक स्विमिंग पूल पर मामूली कहासुनी हो गई। इसके बाद स्विमिंग पूल संचालक और एक संगठन से जुड़े युवकों के बीच पहले मारपीट की स्थिति बन गई। संचालक ने थाने में तहरीर दी और फिर कुछ देर में ही कोतवाली के बाहर निकलने पर मारपीट हो गई। घायलों को सीएचसी भेजा गया तो वहां पर भी मारपीट हो गई।

घटना सोमवार शाम साढ़े 7 बजे की है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के लोधीपुर गांव में बने एक स्वीमिंग पुल पर सात-आठ लोग पहुंचे थे, जहां एक संगठन से जुड़े होने की बात कहते हुए सभी ने स्विमिंग पूल संचालक के रिश्तेदार से अभद्रता शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग एकत्र हो गए। इस पर आरोपी मौके से भागने लगे। इस पर एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उसकी पिटाई भी कर दी। इसके बाद स्वीमिंग पूल संचालक ग्रामीणों के साथ कोतवाली में तहरीर देने के लिए पहुंचे। दूसरे पक्ष के लोग भी तहरीर देने के लिए आए हुए थे। पहले से एकत्र भीड़ ने कोतवाली से निकलते ही मारपीट की। इसके बाद अस्पताल में भी झगड़ा किया गया। अतिरिक्त पुलिस बल ने पहुंचकर मामला शांत कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उठे रामु सुनि प्रेम अधीरा, कहुं पट कहुं...

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** सुंदरकांड सेवा समूह द्वारा हनुमान मढ़ी मंदिर पर चल रही संगीतमय रामकथा में सोमवार को भरत मिलाप की कथा का प्रसंग सुनाया गया। जिसका श्रवण कर श्रोता भावुक हो गए।

फर्रुखाबाद से आए कथावाचक पंडित अम्बरीश तिवारी ने बताया कि जब भगवान राम के भाई भरत, राम के 14 वर्ष वनवास के दौरान उनसे मिलने चित्रकूट आते हैं, यह भाई-भाई के प्रेम को दर्शाता है। भरत अयोध्या का राज्य संभालने के लिए तैयार तो होते हैं, लेकिन राम के बिना उन्हें यह राज्य नहीं चाहिए था। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में भरत और राम के बीच भावपूर्ण मिलन होता है और राम उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं कि वे पिता के वचन का पालन कर रहे हैं और आप अयोध्या का राजपाट संभाल सकते हैं। भरत राम के चरणों में गिरकर क्षमा मांगते हैं और उन्हें वापस अयोध्या चलने के लिए कहते हैं। लेकिन भगवान राम मना कर देते हैं, तो भरत अंततः राम की चरण पादुका अयोध्या ले जाते हैं और उन्हें सिंहासन पर रखकर राज्य का संचालन करते हैं।

आरती के बाद प्रसाद वितरित हुआ। व्यवस्था में राजेश मिश्रा राजू, विनोद शुक्ला, डॉ. हिमांशु सक्सेना, सौरभ गुप्ता, रामाधार मिश्रा, अशोक शुक्ला, राम कुमार मिश्रा, श्रीधर मिश्रा, अरविन्द अवस्थी, नीरज वैश्य आदि का सहयोग रहा।


बिलसंडा के हनुमान मंदिर पर रामकथा श्रवण करती हुईं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार




## शहर में आज

- अखिल भारत हिंदू महासभा की ओर से गौरीशंकर मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ शाम 6 बजे।
- गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत अन्य स्थानों पर भंडारा और पूजन सुबह 6 बजे से।
- श्रीबालाजी नीव करौली धाम कांशीराम ईदगाह कॉलोनी में दरबार और भंडारा दोपहर 12 बजे से।
- बिलसंडा के हनुमान मढ़ी मंदिर पर संगीतमय रामकथा शाम 6.30 बजे।

## दहेज हत्या में पति व ससुर को जेल भेजा

**जहानाबाद, अमृत विचारः** दहेज हत्या के आरोपी पति और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अमरिया क्षेत्र के गूलरबोझ गांव के रहने वाले खूबकरन ने जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि उनकी पुत्री जशोदा देवी की शादी 5 साल पहले मिश्रणटोला के रहने वाले राकेश पुत्र सियाराम से हुई थी। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले विवाहिता को प्रताड़ित करने गले। इसी के चलते 4 जून की शाम को सूचना मिली कि उनकी पुत्री को ससुराल वालों ने मार दिया है। पुलिस ने मामले में पति राकेश, ससुर सियाराम, सास प्रेमवती, समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

### बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के बाद हुई घटना, शोर-शराबा कर बची जान, हमलावर बाघ को जंगल में खदेड़ने में जुटा महकमा

# फिर आक्रामक हुआ बाघ, रेंजर समेत वन कर्मियों पर झपटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गांव मेवातपुर में बाघ हमले की घटना के बाद बाघ एक बार फिर आक्रामक हो उठा। दरअसल, घटना के माला रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी टीम के साथ बाघ की लोकेशन ट्रेस कर रहे थे। इसी बीच गन्ने के खेत में छिपा बाघ टीम पर झपट पड़ा।

टीम ने संयम से काम लेते डंडा दिखाकर शोर-शराबा कर बमुश्किल सुरक्षित किया। फिलहाल बाघ की मौजूदगी को लेकर उसे देर शाम जंगल की ओर खदेड़ने के की योजना बनाई गई है। सोमवार तड़के जिस मेवातपुर उर्फ शेरगंज गांव में घटना हुई, यह इलाका पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से सटा हुआ है।

इलाके को संवेदनशील मानते हुए टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा इस इलाके में जंगल सीमा पर पूर्व में ही जाल फेंसिंग करा दी गई थी। हालांकि एक दो स्थानों पर जाल फेंसिंग को क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया है।

आशंका जताई जा रही है कि सोमवार तड़के बाघ इसी क्षतिग्रस्त जाल फेंसिंग वाले हिस्से से निकलकर आबादी क्षेत्र में आया होगा और इसके बाद ही उसने किसान मुकेश कुमार पर हमला कर किया। सोमवार सुबह तड़के हुई बाघ हमले की घटना की खबर आसपास के गांवों तक जा पहुंची थी। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंच गए। पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीमें भी मौके पर पहुंच गई। किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद टीमों ने घटना स्थल के आसपास खेतों में पड़ताल करने के साथ बाघ के पगमार्क तलाशने शुरू किए।

माला रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी रॉबिन सिंह भी कुछ वनकर्मियों के साथ आसपास के खेतों में पगमार्क की तलाश में जुट गए। बताते हैं कि क्षेत्रीय वनाधिकारी के साथ टीम एक तालाब के किनारे खेत में पगमार्क तलाश ही रही थी कि गन्ने के खेत में बैठा बाघ क्षेत्रीय वनाधिकारी और टीम पर दहाड़ने के साथ झपट पड़ा। बाघ करीब तीन मीटर की दूरी पर मौजूद था। क्षेत्रीय वनाधिकारी और टीम ने संयम दिखाते हुए भागने के बजाय बाघ को डंडा दिखाने के साथ शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। बताते हैं कि इस पर बाघ रुक गया और टीम ने धीरे-धीरे पीछे हटकर बमुश्किल खुद को बचाया।

### बाघ की मौजूदगी पर लगाया जाल, ड्रोन से हो रही निगरानी

घटना के बाद हमलावर बाघ की मौजूदगी आसपास खेतों में होने की बात कही जा रही है। खेतों में बाघ की मौजूदगी या फिर देर शाम बाघ के पुन : घटनास्थल की आशंका को देखते हुए टीम अलर्ट है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी के साथ क्षेत्रीय वनाधिकारी रॉबिन सिंह मौके पर निगरानी में जुटे हुए हैं। बाघ की मौजूदगी वाले स्थान के आसपास जाल लगाकर इलाके को सुरक्षित किया गया, ताकि बाघ आबादी की ओर से बढ़े। टीम ड्रोन कैमरे के माध्यम से बाघ की लोकेशन तलाशने में जुटी हुई है।

### जरूरत पड़ी तो बाघ को खदेड़ने के होंगे प्रयास

रिहायशी इलाके में बाघ की मौजूदगी को लेकर वन अफसर लगातार मौके पर ही मौजूद हैं। जिस स्थान पर बाघ होने की बात कही जा रही है, वह स्थान जंगल के काफी नजदीक है। ऐसे में यदि बाघ की लोकेशन ट्रेस होती है तो उसे शाम को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास किए जाएंगें। वन अफसर इसकी रणनीति भी बना चुके हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि जरूरत पड़ी तो माला रेंज से हाथियों को भी बुलाया जाएगा और जाल फेंसिंग को हटाकर बाघ को जंगल की ओर ले जाने प्रयास किए जाएंगें।

# ग्रामीणों ने चेताया था, काश! मुकेश ने मान ली होती बात

### कटी जाल फेंसिंग को देखकर किसान को ग्रामीणों ने किया था आगाह, दो घंटे तक आक्रोशित रहे ग्रामीण, डीएम के पहुंचने से शांत हुए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** किसान मुकेश कुमार ने यदि गांव के लोगों की बात मान ली होती, तो शायद उनकी जान बच सकती है। बताते हैं कि कुछ ग्रामीणों को जंगल सीमा पर लगी जाल फेंसिंग के कटे होने की जानकारी थी। इसी के चलते उन्होंने मुकेश को आगाह भी किया था और देर-सवेर खेत की ओर सोच-समझ कर जाने की बात भी कही थी। इधर बाघ हमले में हुई किसान के मौत पर करीब दो घंटे तक ग्रामीणों आक्रोशित देखे गए। इस बीच डीएम के मौके पर पहुंचने और उनके आश्वासन देने के बाद ग्रामीण शांत हो सके।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव मेवातपुर उर्फ शेरगंज निवासी मुकेश कुमार अपनी पैतृक भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे थे। बारिश न होने के कारण गन्ने की फसल में सिंचाई की भी जरूरत थी। बताते हैं कि मृतक किसान मुकेश कुमार ने कुछ दिन पूर्व इस बाबत अन्य गांव वालों से बातचीत की थी। ग्रामीणों ने बताया कि उस दौरान गांव वालों ने जाल फेंसिंग के कुछ स्थानों पर कटी होने की जानकारी होने पर मुकेश कुमार को आगाह करते हुए सोच-समझकर कर खेत पर जाने की बात भी कही थी।


घटना स्थल पर किसान के परिजनों से बात करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार


किसान की मौत के बाद घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार


घटनास्थल से कुछ दूर पड़ी टॉर्च।

इधर, घटना के बाद कुछ ग्रामीण इसी बात पर चर्चा करते देखे गए कि यदि मुकेश ने ग्रामीणों की बात को गंभीरता से लिया होता तो शायद आज किसान मुकेश कुमार जीवित होते। फिलहाल जाल फेंसिंग काटी गई है या फिर किसी अन्य वजह से क्षतिग्रस्त हुई है, इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो सकी है। किसान मुकेश कुमार अपनी पैतृक जमीन पर खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। परिवार में उनकी पत्नी चित्रा और दो पुत्र हैं। चित्रा बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षामित्र हैं। इधर परिवार के मुखिया की मौत पर पत्नी चित्रा और बच्चे बदहवास देखे गए। परिवार के अन्य सदस्यों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल पर चित्रा और उनके बेटे को रोता देख हर किसी की आंखें नम हो रही थीं।

### रेंजर के देरी से पहुंचने से ग्रामीण हुए आक्रोशित जिलाधिकारी पहुंचने पर थमा आक्रोश

बाघ हमले में किसान की मौत आसपास गांवों में पहुंचने के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। न्यूरिया पुलिस के पहुंचने के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी प्रभाग के वनकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। बताते हैं कि माला रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी रॉबिन सिंह कुछ देर बाद पहुंचे। इधर जैसे ही क्षेत्रीय वनाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। करीब दो घंटे तक ग्रामीण गुस्से में भरे रहे। इस बीच डीएम ज्ञानेंद्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मृतक किसान के परिजनों को बातचीत कर उसे हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान डीएम ने वन अफसरों जंगल से सटे गांवों में जाल फेंसिंग कराने और मृतक परिजनों को नियमानुसार मुआवजा देने के निर्देश दिए।


घटना स्थल पर विलाप करते किसान के परिजन। ● अमृत विचार

## आक्रामक हुए बाघ 27 दिन में हमलों में गई पांचवीं जान

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व बनने के बाद जिले में बाघ हमलों में वर्ष 2016 से लेकर अब तक करीब 56 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। पीलीभीत के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। उस दौरान वाहवाही लूटने को आनन फानन में टाइगर रिजर्व का दर्जा तो दे दिया गया, मगर जिम्मेदार यहां जरूरी संसाधन दिलाना ही भूल गए। नतीजतन बाघों ने जंगलों से बाहर निकलना शुरू कर दिया और मानव-वन्यजीव संघर्ष का सिलसिला शुरू हो गया।

हालांकि गत वर्ष बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काफी सख्ती भी की। टाइगर रिजर्व प्रशासन ने जंगल से सटे गांवों में बाघ एक्सप्रेस भेजकर ग्रामीणों का जागरूक किया गया। अभियान का असर भी देखा गया। जहां वर्ष 2016 से साल के शुरुआती महीनों में बाघ हमलों में इंसान जान गंवा रहे थे, वर्ष 2025 में शुरुआती चार महीनों में इक्का-दुक्का बाघ हमले की घटनाएं तो प्रकाश में आई, मगर 14 मई से लेकर 9 जून तक बाघ हमले में पांच व्यक्तियों की जान जा चुकी है। ऐसे में बाघ हमलों में यकायक आई तेजी के बाद वन महकमा भी खासा सकते में है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से श्रमिक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचारः** काम निपटाकर साइकिल से घर जा रहे श्रमिक की अज्ञात वाहन की टक्कर में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर गांव के रहने वाले 36 वर्षीय पातीराम पुत्र बलजीत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। रविवार शाम वह साइकिल पर सवार होकर घर ला रहे थे। नए बाईपास पर ललपुरिया गांव के पास पहुंचते ही उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। घायल को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। सोमवार को इलाज क दौरान श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है। उधर, हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा रहा। मृतक के 17 वर्षीय पुत्र अरुण और 16 वर्षीय पुत्री पायल है।

## सार-संक्षेप

### त्तराखंड के युवक से लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तराखंड के युवक से मारपीट कर लूटपाट करने वाले दोनों आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। उनके पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। उधमसिंह नगर ( उत्तराखंड ) के थाना सितारगंज क्षेत्र के ग्राम शक्ति फार्म नंबर पांच के रहने वाले अंकित शील 31 मई को सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलगवां में आए थे। उनके साथ परिचित मिथलेश चक्रवर्ती भी थे। अंकित किसी कार्य के चलते गांव के भीतर चले गए थे। आरोप है कि जब गाड़ी में बैठे हुए थे तो दो युवक आए और हमला कर मारपीट की। मोबाइल भी लूट लिया था। जिसके बाद छानबीन करने पर पता चला कि आरोपी बिलगवां गांव के ही अंकित उर्फ इसरी और भानू प्रकाश हैं। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है।

### तीन वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट भेजा

**जहानाबाद, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर चलाए गए अभियान में जहानाबाद पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने नगर के मोहल्ला ठाकुर द्वारा निवासी स्वर्गीय मोहनलाल के पुत्र अंकुश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसकी पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में न्यायालय द्वारा भरण पोषण भत्ता निर्धारित होने के बाद भी 1.80 लाख रुपये की धनराशि जमा न करने पर बरेली न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। थाना जहानाबाद में वर्ष 2024 में दर्ज किए गए प्रतिबंधित पशु वध अधिनियम के मुकदमें में न्यायालय से जारी किए गए वारंट के आधार पर ग्राम चक कटईया निवासी यूनुस उर्फ गंठा और बरहा विक्रम गांव के मोहम्मद उमर को गिरफ्तार किया गया था।

### तीन साल की मासूम से किशोर ने की दुष्कर्म की कोशिश

**पीलीभीत, अमृत विचार :** तीन साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश की गई। आरोपी भी नाबालिग है। पूरनपुर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी तीन साल की बच्ची से गांव के ही 14 साल के किशोर ने 4 जून को दुष्कर्म करने की कोशिश की। बेटी के चीखने की आवाज सुनकर जब मां मौके पर पहुंची और विरोध किया तो आरोपी के पिता ने आकर धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी दी गई। सीओ प्रतीक दहिया ने मामला संज्ञान में आने पर जानकारी की। कोतवाली पूरनपुर में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टाइगर ट्रैकर के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**माधोटांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर के रहने वाले टाइगर ट्रैकर कंधई लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर वह रोड पेड की टहनियों को कटवा रहा थे। इसी बीच गांव के ही कुछ लोगों ने खेत पर हुए प्लांटेशन में आग लगा दी। इसका विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के ही दीपक, पप्पू उर्फ हरिशंकर, वीरेंद्र, हरदयाल और रामप्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### एसडीएम से लगाई गुहार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ के संगठन मंत्री हरिवंश सिंह, जिला उपाध्यक्ष झंकार सिंह, कमल वर्मा व राजकुमार ने सोमवार को एसडीएम नागेंद्र पांडेय से मुलाकात की। उन्हें डीएम को संबोधित ज्ञापन दिया। इसमें चोरी की घटनाओं को लेकर रात्रि गश्त बढ़ाने और सख्ती करने की मांग की है।

### बाइकों की टक्कर में पंचायत कर्मचारी घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** दो बाइकों की टक्कर में पंचायती राज विभाग में तैनात एक कर्मचारी सहित तीन लोग घायल हो गए। इसमें दो युवकों की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। जिला लखीमपुर खीरी के गांव बेला परसुआ के रहने वाले सतीश राना पुत्र पोपीलाल राना पंचायती राज विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। सतीश राना पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार में किराये के भवन में रहते हैं। सोमवार सुबह वह मोहल्ले के ही अपने साथी रमेश चंद्र के साथ बाइक से किसी काम से पूरनपुर से पीलीभीत जा रहे थे। अमरैयाकलां मोड़ के पास पहुंचे तभी सूरजपाल पुत्र हरिराम निवासी खमरिया पट्टी की बाइक से टक्कर हो गई, जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सतीश और सूरजपाल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## राज्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई माधोटांडा क्षेत्र का है आरोपी
- 7 जून को फेसबुक पर डाली थी आपत्तिजनक पोस्ट

**अमृत विचार :** गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर टिप्पणी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी कस्बा माधोटांडा क्षेत्र का रहने वाला है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के संजय रॉयल पार्क कॉलोनी के निवासी अनूप सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जून को रात साढ़े 9 बजे सोशल साइट फेसबुक पर एक व्यक्ति ने गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्प्णी पोस्ट की है। इसकी जानकारी होने पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के समर्थकों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने अनूप सिंह द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

कोतवाली पुलिस द्वारा साइबर सेल की मदद से उक्त युवक के बारे में जानकारी की गई, जिसके बाद इस मामले में बलजीत सिंह उर्फ लाली पुत्र रघुवीर सिंह निवासी चकपुर मजरा आनंदपुर थाना माधोटांडा पीलीभीत को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने आरोपी बलजीत सिंह का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ विवेचना पूरी करके शीघ्र ही आरोप पत्र न्यायालय में भेजा जाएगा।

## खुलकर कीजिए प्रदूषण, जिम्मेदार मेहरबान हैं...

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चार माह पहले भी एक शिकायत की जांच में खुली थी ईंट-भट्ठों की पोल
- संबंधित भट्ठा संचालक नहीं दिखा सके थे प्रदूषण से जुड़ा कोई अभिलेख

**अमृत विचारः** तराई की आबोहवा में जहर घुल रहा है। ईंट-भट्ठों पर ब्लैक कार्बन प्रतिबंधित होने के बाद भी खुलकर जलाया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अभी तक कोई सख्ती नहीं कर सके हैं। मानो एक तरह से प्रदूषण फैलाने की खुली छूट दे दी गई हो। हालांकि ऐसा नहीं कि पूर्व में शिकायत नहीं हुई। शिकायतें हुई जांच में भी लापरवाही उजागर हुई, लेकिन कार्रवाई औपचारिकता में सिमटकर रह गई। फिलहाल अब सीजन समाप्ति की ओर हैं। ऐसे में कार्रवाई को टालने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि इस प्रदूषण के शोर को ठंडे बस्ते में डाला जा सके।

कार्बन उत्सर्जन रोकने को जिग-जैग तकनीक पर ईंट-भट्ठे संचालित करने के आदेश दिए गए हैं। इसका सख्ती से पालन कराए जाने की बात तो बैठकों में की जाती है, लेकिन धरातल पर इसका पालन कराने की कोई सुध लेने वाला नहीं है। दावे कुछ भी हों, लेकिन मौजूदा हालात कुछ इसी ओर इशारा कर रहे हैं। पीलीभीत में अधिकांश ईंट-भट्ठा संचालक खतरनाक कार्बन ब्लैक जलाकर ही ईंटों को पका रहे हैं। ये सब खुलेआम किया जा रहा है। किसी भी जिम्मेदार को कार्रवाई का डर नहीं है। ऐसे में भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों और आसपास की आबादी प्रदूषण की मार झेलने को मजबूर है। न्यूरिया कस्बे से सटे इलाकों में संचालित हो रहे भट्टे हों या फिर बीसलपुर रोड पर तमाम ईंट भट्ठे। सभी में ब्लैक कार्बन जलाकर ईट पकाने की बात उजागर हो चुकी है।


न्यूरिया क्षेत्र के एक ईंट-भट्ठे में रखे ब्लैक कार्बन के कट्टे। ● अमृत विचार

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली से लेकर जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी इसे गलत बता रहे हैं और कार्रवाई की बात भी कही जा रही है, लेकिन निचले स्तर पर कुछ जिम्मेदार संरक्षक की भूमिका निभाने से भी नहीं बच रहे हैं। नतीजतन प्रदूषण से जुड़ा गंभीर प्रकरण होने के बाद भी कोई एक्शन अभी तक नहीं लिया जा सका है।

### जनवरी में बीसलपुर क्षेत्र से हुई थी शिकायत

ईंट-भट्ठों के प्रदूषण से जुड़ी एक शिकायत बीते दिनों बीसलपुर क्षेत्र से हुई थी। इसमें जांच कर 7 फरवरी को आख्या भी लगाई गई। आख्या के अनुसार, जब टीम मौके पर पहुंची तो शिकायतकर्ता से भी संपर्क किया गया था, लेकिन वह कहीं काम से बाहर थे। जांच में सामने आया था कि संबंधित ईंट-भट्ठा संचालक कोई प्रदूषण प्रमाण पत्र मुहैया नहीं करा सके थे। मुशी ने जवाब दिया कि प्रदूषण प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। मगर, ऑनलाइन चेक करने पर कोई आवेदन ही प्रस्तुत नहीं मिला था। कार्रवाई की संस्तुति भी कर दी गई थी। इसके बावजूद आगे सख्ती नहीं की जा सकी।

## बाइक की टक्कर से मोबाइल ठीक कराने जा रही वृद्धा की मौत

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** अलग-अलग मार्गों पर हुए सड़क हादसों में एक वृद्धा की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिंदपुरा की रहने वाली स्वर्गीय जागीर सिंह की पत्नी 65 वर्षीया हरभजन कौर सोमवार को मोबाइल ठीक कराने के लिए नगर के रामलीला मार्ग पर स्थित दुकान पर पैदल जा रही थीं। एक गैस एजेंसी के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गईं और बाइक सवार मौके से भाग गया। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया गया। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर आ गए। चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर हादसे की जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने हादसा स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी चेक की। इसके अलावा


सीएचसी में वृद्धा की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

### ● एक अन्य हादसे में पशु बचाने के चक्कर में बाइक सवार घायल

बिलसंडा थाना क्षेत्र के परेवा तुर्राह निवासी सचिन गंगवार बीसलपुर डाकघर में कार्यरत हैं। वह बाइक से डाकघर आ रहे थे। बिलसंडा मार्ग पर ग्राम केंचुआ के पास पहुंचते ही सड़क किनारे खड़ी बछिया अचानक भागी तो उसे बचाने के चक्कर में गिरकर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया है।

## निर्माणाधीन मकान में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका मिला। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का बताया गया। फिलहाल शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस जांच में जुटी है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम रूपपुर कमालू निवासी 28 वर्षीय बृजनंदन पुत्र बनवारी लाल प्राइवेट नौकरी करते थे। रविवार रात उसका शव अपने ही निर्माणधीन मकान में पंखे के कुंडे के सहारे से रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। पत्नी और तीन साल की पुत्री उस वक्त छत पर थीं। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। मृतक मूल रूप से थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सकतपुर का निवासी था।

## महिला के साथ छेड़छाड़ तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, माधोटांडा

- 4 जून को कंडों की बठिया बनाते वक्त आरोपियों ने की थी हरकत

**अमृत विचार :** कंडों की बठिया बना रही महिला से गांव के कुछ लोगों ने अभद्रता करते हुए अश्लील हरकतें करना शुरू कर दी। शोर मचाने पर जब पति और जेठ बचाने के लिए आए तो आरोपी भाग गए। लेकिन दोबारा आकर पीड़िता के पति पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 जून की शाम को वह कंडो का बठिया बना रही थी। तभी गांव के ही कुछ लोग आए। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे बुरी नीयत से जमीन पर गिरा दिया। उसके कपड़े फाड़ने लगे। चीख पुकार पर उसका पति और जेठ आ गए। इस पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

आरोप है कि इसके बाद उक्त लोग लाठी और डंडा के अलावा धारदार हथियारों को लेकर आ गए। पति पर हमला कर उसे मरणासन्न अवस्था में कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राम खिलावन, रामनाथ और अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली




सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# लुधियाना से तीसरे दिन पूरनपुर पहुंचा युवक का शव

संवाददाता, पीलीभीत

- लुधियाना में एक शराब की दुकान पर संदिग्धावस्था में फंदे पर लटका मिला था शव
- परिवार कर रहा हत्या का इशारा, पुलिस को नहीं दी अब तक कोई तहरीर

**अमृत विचार :** लुधियाना में शराब की दुकान पर संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटके मिले युवक का शव तीसरे दिन उसके घर पूरनपुर पहुंचा। शव आते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों और रिश्तेदारों के आने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के परिजन लगातार उसकी हत्या की ओर इशारा कर रहे है, लेकिन पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

कस्बे के रहने वाले लकी जायसवाल नाम का युवक करीब तीन माह पहले लुधियाना में काम करने के लिए गया था। वहां एक शराब भट्टी पर काम कर रहा था। तीन दिन पहले युवक का शव शराब की दुकान पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता मिला था। घटना के बाद सूचना पर पहुंची वहां की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी। सूचना मिलने पर परिवार वाले भी लुधियाना पहुंच गए थे। पोस्टमार्टम और अन्य प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीसरे दिन सोमवार को परिवार वाले युवक का शव लेकर पूरनपुर पहुंचे। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक परिवार में सबसे छोटा था और उसकी एक बहन और भाई की शादी हो चुकी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# फरियादी भटकते दिखे तो होगी कार्रवाई: डीएम

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में जिम्मेदारों को दी चेतावनी, अब निधन पर तेरहवीं के दिन घर पहुंचाई जाएगी खतौनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सुनवाई करते डीएम-एसपी।



बीसलपुर तहसील में जनसुनवाई करते एडीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान देरी से पहुंचे अफसरों पर भी जताई नाराजगी

**अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई करने पहुंचे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह कुछ जिम्मेदारों के देरी से पहुंचने पर सख्त दिखे। उन्होंने फरियादियों की सहूलियत को प्राथमिकता दी और स्पष्ट कहा कि अधिकारी अपनी कार्यशैली बदलें। कोई भी फरियादी भटकता नहीं दिखना चाहिए। नई परंपरा विकसित करने की बात कहते हुए निर्देशित किया गया कि तेरहवीं पर घर जाकर खतौनी दी जाए। इसके अलावा साक्षरता दर की जानकारी ली और इसे बढ़ाने पर जोर दिया।

बकरीद के चलते शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस नहीं हो सका था, जिसके चलते सोमवार को समस्त तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस के तहत जनसुनवाई की गई। सदर तहसील में डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। कुल 57 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें अन्य तहसीलों के शिकायती प्रार्थना पत्र 22 रहे। इसमें से मौके पर ही पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। डीएम ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें। अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण के लिए मौका मुआइना करें और दोनों पक्षों को बुलाकर निस्तारण कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर देर से आने वाले अधिकारियों को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। हिदायत देते हुए कहा कि जन शिकायतों की सुनवाई में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी समय से अपने कार्यालयों व सम्पूर्ण समाधान दिवसों में पहुंचे। उन्होंने कहा कि अपनी कार्यशैली बदल लें, कामों को टालने की जगह उन्हें निपटाने पर ध्यान दें। आपसी समन्वय के साथ कार्य करें जिससे जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके। कहा कि अगर किसी घर में कोई मृत्यु हो जा रही है तो उसकी विरासत दर्ज करने पर प्राथमिकता के साथ काम हो। अगर कोई विवाद नहीं है तो विरासत दर्ज कर उसके घर पर जाएं। तेरहवीं संस्कार पर अपने हाथों से परिजनों को खतौनी दें। इससे प्रशासन को लेकर जनमानस में एक अच्छा संदेश जाएगा। यह नई परंपरा अभी से ही विकसित की जाए।

बीते दिन डीएम ने ग्राम मथुडांडी में राहत चौपाल का आयोजन किया था, जहां कुछ लोगों ने विरासत दर्ज न होने की शिकायत की थी। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम मथुडांडी निवासी मृतक मुंशी सिंह व कुंवर बहादुर के परिवारजनों को खतौनी भी वितरित की गई। बीएसए अमित कुमार सिंह से जनपद की साक्षरता दर की जानकारी ली। बीएसए ने साक्षरता दर 63 प्रतिशत बताई। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्कूल चलों अभियान केवल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नहीं, बल्कि सभी विभागों की जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रभागीय निदेशक वन्य एवं वन्यजीव प्रभाग भरत कुमार डीके, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार अर्चो गुप्ता मौजूद रहे।

### बीसलपुर में आई 39 शिकायतें, पांच निस्तारित

**बीसलपुर, अमृत विचार :** डीएम ऋतु पूनिया और एएसपी विक्रम दहिया की अगुवाई में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 39 शिकायतों में से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर एसडीएम नागेंद्र पांडे, सीओ प्रतीक दहिया, तहसीलदार आशीष गुप्ता, नायब तहसीलदार, वीरेंद्र कुमार, वन क्षेत्राधिकारी रोहित जोशी, एआरओ मनोज कुमार शर्मा, ईओ शमशेर, खंड शिक्षा अधिकारी हर्षित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आज आएगी विधानसभा की प्रतिनिहित समिति की टीम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने संबंधित अधिकारियों की बैठक कर की तैयारियों की समीक्षा

**अमृत विचार:** डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्रतिनिहित समिति के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत तैयारियों से संबंधित बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को पहले से ही तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में सोमवार को हुई बैठक में बाल विकास विभाग, पर्यटन विभाग, बेसिक शिक्षा, परिवहन, भूतत्व एवं खनिकर्म, राज्य कर विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, राजस्व, वन एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपनी तैयारियां से संबंधित बुकलेट मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से समिति को उपलब्ध कराए। अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति की बैठक में लिए गये निर्णयानुसार उप समिति द्वारा जनपद में 10-11 जून को नगर विकास से संबंधित विनियम, उप नियम, उप विधि पर विचार-विमर्श के साथ स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 जून को जनपद में उप समिति स्थानीय अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेगी।

वहीं 11 जून को समिति द्वारा सुबह 8 बजे उप समिति की बैठक एवं स्थलीय निरीक्षण किया गया। डीएम ने कहा कि इसकी तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली जाए। बैठक में एडीएम वित्त् ऋतु पूनिया, एडीएम न्यायिक सौरभ शुक्ला, डीडीओ संजय कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बढ़ते बाघ हमलों के मद्देनजर डिप्टी डायरेक्टर ने ली बाघमित्रों की बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीटीआर मुख्यालय के सभागार में बाघमित्रों के बैठक करते डीडी मनीष सिंह।

- सूचना तंत्र और अधिक विकसित करने और जागरूकता कार्यक्रम चलाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जनपद में एकाएक बढ़े बाघ हमले से टाइगर रिजर्व प्रशासन भी चिंतित हो उठा है। सोमवार को बाघ हमले में हुई किसान की मौत के बाद टाइगर रिजर्व मुख्यालय पर डिप्टी डायरेक्टर की अध्यक्षता में बाघ मित्रों की बैठक हुई, जिसमें उन्होंने बाघ मित्रों को सूचना तंत्र को और अधिक विकसित करने के साथ जंगल से सटे गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व मुख्यालय पर सोमवार को मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण के परिपेक्ष्य में डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह की अध्यक्षता में बाघ मित्रों की बैठक हुई। बैठक में माला रेंज, महोफ रेंज एवं पीलीभीत रेंज के बाघ मित्रों ने हिस्सा लिया। बैठक में पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास क्षेत्रों में एकाएक बढ़ी मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर चिंता जताई गई। डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में एकाएक बढ़ोतरी हुई है। इसकी रोकथाम के लिए बाघ मित्रों को अपना सूचना तंत्र और अधिक विकसित करना होगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाने होंगे। थोड़ी सी लापरवाही बहुत नुकसानदायक होती है। कहा कि घटनाओं के एकाएक वृद्धि के कारणों को भी खोजना होगा। हम सभी को मिलकर प्रत्येक जीवन की रक्षा करनी हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि मानव- वन्यजीव संघर्ष निवारण के लिए वृहद स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में जन जागरुकता कार्यक्रम को बाघ मित्र एक अभियान के रुप में लेंगे। इन जागरूकता कार्यक्रमों में गोष्ठी और नाटकों का आयोजन लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# रेलवे फाटक में आई तकनीकी खराबी, जाम

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर तहसील क्षेत्र स्थित माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के एक बैरियर में अचानक खराबी आ गई। जिसके चलते वह खुल नहीं सका, जिसके चलते वाहन रेलवे ट्रैक पर आ गए। काफी देर तक बैरियर न खुलने से दोनों ओर जाम लगा रहा।

बाद में बैरियर खुलने पर वाहन निकले, लेकिन जल्द निकलने की होड़ में जाम की स्थिति बनी रही। एसएसबी का वाहन भी फंसा। इसके बाद एसएसबी जवानों ने खुद ही कमान संभाली और जाम खुलवाया।पूरनपुर-माधोटांडा और शेरपुर रेलवे क्रासिंग पर लगा रेलवे का बैरियर खराब होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे जब ट्रेन पास हुई तो माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग का एक बैरियर खराब हो गया। इसी को लेकर कई वाहन जाम में फंस गए। जाम में ही एसएसबी का वाहन भी फंस गया था। काफी देर बाद भी जाम नहीं खुला तो एसएसबी जवानों ने मशक्कत की और बेतरतीब आए वाहनों को कतारबद्ध कराकर जाम खुलवाया। करीब आधे घंटे आवागमन बाधित रहा।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**बिलसंडा, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है।

शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम पिपरिया बांसखेड़ा की रहने वाली प्रीति की शादी करेली क्षेत्र के ग्राम बमरौली निवासी सौरभ से करीब छह साल पहले हुई थी। सोमवार को प्रीति की ससुराल में संदिग्ध हालात मे मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर मायके वाले पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। एसओ दीपक कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। जांच करा रहे हैं।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। इसके अलावा विधायक ने कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई।

नगर के एक बरात घर में सोमवार दोपहर 3 बजे प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सक्सेना उर्फ अजीत को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद के सापेक्ष काम करने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा कर अपने सुझाव रखे। साथ ही अन्य पदाधिकारियों को विशिष्ट अतिथि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सदस्य बार काउंसिल ऑफ इंडिया, पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश, विधायक बाबूराम पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने शपथ दिलाई।

इससे पहले अधिवक्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद के सापेक्ष काम करने की बात कही। इस दौरान सभी ने अधिवक्ताओं के हित में काम करने की बात कही।

# खड़े ट्रक में घुसी कार, तीन की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गोरखपुर से नैनीताल घूमने जा रहे होटल मालिक की कार सीतापुर हाईवे पर जमुका गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। भीषण टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए और होटल मालिक, उनके बेटे व बहन की मौत हो गई। जबकि उनका भांजा व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल भांजे को बरेली रेफर किया गया है। पत्नी का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। हादसे में मरने वाले शिवम गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरदेंदु पांडेय के भतीजे थे।

गोरखपुर जिले के थाना बेलीपार के मोहल्ला मलालो निवासी होटल शिवाय के मालिक और गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरदेंदू के भतीजे शिवम पांडेय (35) सोमवार सुबह लगभग छह बजे अपने परिवार व अन्य रिश्तेदारों के साथ दो कारों में सवार होकर गोरखपुर से नैनीताल घूमने के लिए जा रहे थे। होंडा सिटी कार में शिवम उनकी पत्नी शालिनी, ढाई साल का बेटा माधवन और उनकी 42 वर्षीय बहन श्वेता द्विवेदी और सात वर्षीय भांजा शिवांश थे। दूसरी कार में उनके चचेरे भाई अमृतेश और अन्य रिश्तेदार थे। रविवार की सुबह छह बजे सीतापुर हाईवे पर जमुका गांव के सामने ट्रक सड़क के किनारे खड़ा होकर बजरी उतार रहा था। अचानक शिवम की कार खड़े ट्रक में जाकर पीछे से घुस गई। कार में सवार सभी लोग कार में ही फंस गए। इसी बीच पीछे से शिवम का चचेरा भाई अमृतेश अपनी कार से आ गया। उन्होंने राहगीरों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर घायल शिवम, शालिनी, माधवन, श्वेता और शिवांस को कार से बाहर निकाला। वह सभी घायलों को वाहन से मेडिकल कालेज लेकर गए। डॉक्टर ने शिवम, उनके बेटे माधवन और उनकी बहन श्वेता को मृत घोषित कर दिया। डाक्टर ने घायल शिवांश को बरेली रेफर कर दिया, जबकि मृतक शिवम की पत्नी शालिनी का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घायल चालक अंगद के मामूली चोट आई है। मृतक श्वेता के पति डा. नीरज गोरखपुर में डिप्टी सीएमओ हैं। सूचना पर एसपी राजेश द्विवेदी और सीओ सदर प्रयांक जैन मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने मृतक के परिवार वालों से जानकारी की। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि ट्रक खड़ा होकर बजरी उतार रहा था और कार पीछे से ट्रक में घुस गई। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतक शिवम।




घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### आज कमिश्नर तो कल आएंगी राज्य महिला आयोग सदस्य

**लखीमपुर खीरी अमृत विचार :** लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब मंगलवार को जिले में आ रही हैं। वह बाढ़ नियंत्रण को लेकर कराए जा रहे कार्यों का जायजा लेकर आकांक्षा कैफेटेरिया और डीएम वार रूम का लोकार्पण कर थारू बाहुल्य क्षेत्रों का भ्रमण कर चौपाल लगाकर समस्याएं सुनेंगी। उधर, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 11 जून को जिले में आकर 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई करेंगी। इसके बाद वह महिला बंदी गृह का निरीक्षण कर महिलाओं की स्थिति व सुविधाओं का जायजा लेंगी। इसके बाद सदर ब्लॉक में महिला स्वयं सहायता समूह, आशा, पेंशन व अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर सीएचसी बेहजम का निरीक्षण कर मलिकपुर बेहजम आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई व अन्नप्राशन में हिस्सा लेंगी।

### दो फीडरों की बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गोला उपखंड अधिकारी नीलाक्ष्य मनोस ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गोला टाउन से पोषित फीडर एक के टाउन ऑफिस वाले ट्रांसफार्मर के जर्जर केबल से नई केबल पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन जोड़ने तथा कुछ शेष बची जर्जर केबल को बदलने का कार्य और फीडर चार के रेलवे स्टेशन मोड़ वाले 400 केवीए ट्रांसफार्मर (पीलीभीत धर्मशाला) के कानपुर धर्मशाला वाली गली की जर्जर केबल बदलने का कार्य मंगलवार 10 जून को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा, जिसके चलते बड़ा चौराहा वाले दोनों परिवर्तक और रेलवे स्टेशन मोड़ वाले परिवर्तक से चलने वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

# तारीख नहीं बढ़ी तो छठे दिन बंद हो जाएगा दुधवा पार्क

## बाघ-गैंडों को देखने के लिए हर रोज बढ़ रहे सैलानी, 15 जून को बंद होता है, पिछले साल 10 दिन बढ़ाया था पर्यटन सत्र

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र की तारीख नहीं बढ़ी तो पार्क की सैर करने के लिए सैलानियों के पास अब सिर्फ छह दिन का ही समय है। हालांकि इस संभावना को देखते हुए हर रोज सैलानी बढ़ रहे हैं। इस बार मार्च, अप्रैल और मई में सैलानियों की संख्या काफी बढ़ी गई। इस बार विदेशी सैलानियों की भी संख्या दोगुनी रही।

मानसून सत्र में बारिश होने से जंगली रास्ते खराब हो जाते हैं और उन पर वाहनों का चलना संभव नहीं होता है। इससे सैलानियों के लिए पार्क की सैर बंद कर दी जाती है। यही वजह है कि दुधवा टाइगर रिजर्व को हर साल सैलानियों के लिए नियमतः 15 जून को बंद कर दिया जाता है, लेकिन पिछले साल मानसून में देरी और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पर्यटन सत्र 10 दिन बढ़ाकर 25 जून किया गया था। हालांकि इस बार मानसून समय से पहले आने की संभावना के चलते पर्यटन सत्र बढ़ने की उम्मीद कम है। बहरहाल, यदि पर्यटन सत्र न बढ़ा तो 15 जून यानी छठे दिन दोपहर की पाली में सैलानियों को दुधवा को सैर कराने के बाद पार्क को बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद पार्क को नवंबर में सैलानियों के लिए खोला जाएगा।



दुधवा में स्वच्छंद विचरण करते गैंडे। ● अमृत विचार



दुधवा में विचरण करता बारहसिंघा। ● अमृत विचार



दुधवा में आकर्षण का केंद्र होते हैं चीतल। ● अमृत विचार



दुधवा की किशनपुर रेंज में विचरण करते बाघ। (फाइल फोटो)।




दुधवा राष्ट्रीय उद्यान। ● अमृत विचार

## मई तक 628 विदेशी सैलानियों ने किया दुधवा का दीदार

**पलिया कलां।** दुधवा नेशनल पार्क (डीटीआर) में पिछले सालों की तुलना में इस बार देशी और विदेशी सैलानियों की संख्या बढ़ गई है। जहां विदेशी सैलानी दोगुने तक भ्रमण करने पहुंचे, वहीं पिछले दो सालों की तुलना में पार्क प्रशासन ने दोगुना राजस्व प्राप्त किया है।

पार्क के आंकड़ों के अनुसार, 2023- 24 के पर्यटन सत्र में 51,011 देशी व 334 विदेशी सैलानी पार्क का भ्रमण करने पहुंचे थे, जबकि 2024-25 में मई महीने तक ही 50,964 देशी व 628 विदेशी सैलानियों ने पार्क का भ्रमण किया। इसमें दुधवा नेशनल पार्क को तीन करोड़ 17 लाख 11 हजार 704 रुपये का सालाना राजस्व मई तक प्राप्त हुआ है। इस बार राजस्व में बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं, 2023-24 में पार्क प्रशासन को एक करोड़ 39 लाख 73 हजार 240 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार पिछले पर्यटन सत्र की तुलना में इस बार पार्क प्रशासन ने दोगुना राजस्व प्राप्त कर लिया है। इसी तरह 2022-23 में 26,730 देशी और 1601 विदेशी सैलानी पहुंचे थे। उस समय पार्क प्रशासन को एक करोड़ 45 लाख 16 हजार 127 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

### आकर्षण का केंद्र रहे बाघ, गैंडे और हिरण

**पलिया कलां।** दुधवा नेशनल पार्क की दुधवा और किशनपुर रेंज में इस बार लगातार बाघ के दीदार होते रहे, जिससे सैलानियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती रही। साथ ही जंगली हाथियों के झुंड, गैंडों और हिरणों के कारण पार्क आकर्षण का केंद्र बना रहा। यहां पाए जाने वाले बहुकीमती साखू, शीशम, सागौन, खैर, जामुन, बड़हर, असना, गूलर आदि के अनगिनत पेड़ भी पर्यटकों को लुभाते हैं। इसके अलावा स्वच्छंद विचरण करने वाले बाघ, तेंदुआ, हाथी, गैंडा, भालू, नीलगाय, सूअर, खरगोश, मगरमच्छों के अलावा सात प्रकार के हिरण, बारहसिंघा, सांभर, चीतल, पाढ़ा, काकड़, चौसिंघा, काला हिरण आदि प्रमुख हैं।

> दुधवा टाइगर रिजर्व का पर्यटन 15 जून को समाप्त हो रहा है। तारीख आगे बढ़ने की बाबत अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कूलों में छुट्टियां होने से बड़ी संख्या में सैलानी यहां उमड़ रहे हैं। उम्मीद है कि 15 जून तक सैलानियों की संख्या बढ़ती रहेगी। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक पर्यटक पहुंचने की उम्मीद है। **-डॉ. रंगा राजू टी** उपनिदेशक- दुधवा टाइगर रिजर्व।

## टेस्ट में पास हुआ छाउछ में बना नया बिजली उपकेंद्र

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार:** शहर के छाउछ में बनाया गया नया बिजली उपकेंद्र सोमवार को टेस्ट में पास हो गया है। पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर और 33 केवी बिजली लाइन को भी चार्ज कर लिया है। इसके बाद अधिशासी अभियंता टेस्ट राजीव कुमार ने उपकेंद्र के संचालन को हरी झंडी दे दी है। इसके चालू होने से करीब आठ हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इन्हें नए उपकेंद्र से जोड़कर बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

मौजूदा समय में छाउछ उपकेंद्र पर करीब 18 हजार उपभोक्ताओं का लोड है। गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग के चलते इस क्षेत्र में बिजली कटौती होती है। लगातार फुंक रहे ट्रांसफार्मर से दिक्कत होती है। करीब एक साल से बन रहा नया बिजली उपकेंद्र मार्च में तैयार हो गया था।

हैंडओवर में देरी से अभी नए उपकेंद्र का संचालन नहीं पाया था, लेकिन टेस्टिंग में उपकेंद्र के पास होने के बाद बिजली लोड डालने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस उपकेंद्र से एलआरपी, छाउछ, पटेलनगर, कनौजिया कॉलोनी, पिपरिया के उपभोक्ताओं का बिजली लोड जोड़ा जाएगा। उपकेंद्र पर लगे पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर और 33 केवी बिजली लाइन को चार्ज कर लिया है। ओवरहेड लाइन पर पेड़ों की टहनियों की छंटाई के लिए वन विभाग से अनुमति लेनी है।

## क्षेत्र की समस्या को लेकर रेल मंत्री से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री

संवाददाता, पलियाकलां

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय नागरिकों की बहु प्रतीक्षित मांग मैलानी- नानपारा रेल लाइन के अमान परिवर्तन के मुद्दे पर पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं पूर्व खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और छोटी लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तित करने की मांग की।



केंद्रीय रेल मंत्री को ज्ञापन देते पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी।

● **छोटी लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तित करने की मांग की**

कुछ दिन पूर्व नगर व्यापार मंडल पलिया के अध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में व्यापारियों ने पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र से मिलकर मैलानी से पलिया, तिकुनिया होते हुए नानपारा को जाने वाले छोटी लाइन रेल प्रखंड को ब्रॉड गेज में परिवर्तित कराने की मांग की थी। क्षेत्रीय जनता की मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए पूर्व सांसद अजय मिश्र ने रविवार को दिल्ली पहुंचकर रेल लाइन अमान परिवर्तन के मुद्दे को रेल मंत्री के सामने उठाया और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस पर रेल मंत्री ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही इस प्रकरण पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

## भाजपा नेता ने किया घाघी नाले की खुदाई का निरीक्षण

संवाददाता, निघासन

● **लोगों को बाढ़ समस्या के समाधान की आस बंधी**

**अमृत विचार:** भाजपा नेता राजा राजराजेश्वर सिंह ने क्षेत्र में बाढ़ समस्या के स्थाई समाधान के लिए मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव, सिंचाई से मिलकर घाघी नाले की खुदाई और चौड़ीकरण कराने का आग्रह किया था। इसके बाद घाघी नाले की खुदाई और चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे लोगों को बाढ़ समस्या के समाधान की आस बंध गई है। वहीं सोमवार को भाजपा नेता ने बैलहा क्षेत्र में मंडप फार्म पर घाघी नाले की खुदाई व चौड़ीकरण का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

बीते साल क्षेत्र में आई बाढ़ की समस्या के बाद भाजपा नेता ने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से घाघी नाले की खुदाई कराने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर घाघी नाले की सफाई और चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया था। साथ ही प्रमुख सचिव अनिल गर्ग को भी एक पत्र सौंपा था। इसके बाद शासन ने कार्यों को स्वीकृति देते हुए घाघी नाले पर तेजी से काम शुरू कराया। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि मानसून शुरू होने से पहले कार्य पूर्ण हो जाएगा, जिससे बाढ़ की विभीषिका को काफी हद तक रोका जा सकेगा।

सोमवार को भाजपा नेता मंडन फार्म पर पहुंचे, जहां पहले से मौजूद सिंचाई विभाग के जेई दिलीप से उन्होंने कहा कि मानसून से पहले हर हाल में खुदाई व सफाई का कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि निघासन को बाढ़ समस्या से निजात मिल सके। उनके साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख निघासन नरेंद्र सिंह भदौरिया, सरदार बकशीर सिंह और कई क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा नेता ने यह भी बताया कि रानीगंज में बाढ़ से जगह जगह क्षतिग्रस्त हुए बंधे की मरम्मत व मदनापुर लालबोझी के पास शारदा नदी के अतिरिक्त पानी से घाघी में रोकने की भी मांग उठाई है। आश्वासन भी मिला है।



बैलहा के मंडप फार्म के पास खुदाई कार्य देखने पहुंचे भाजपा नेता राजराजेश्वर सिंह।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आरंभ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छह में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षा छह की 80 सीटों पर प्रवेश होगा। इसके लिए अभिभावक 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर मितौली कस्बे में जवाहर नवोदय विद्यालय है। निःशुल्क और आवासीय शिक्षा के लिए हर साल बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं दाखिले के लिए आवेदन करते हैं। शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह में प्रवेश को लेकर आवेदन प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। कक्षा पांच में अध्ययनरत बच्चे ही आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र का निवास प्रमाण-पत्र उसी जिले का होना जरूरी है, जिस जिले से वह आवेदन कर रहा है। इसके अतिरिक्त बच्चे ने कक्षा तीन, चार और पांच की पढ़ाई सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय से की हो। छात्र एक बार ही प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इसके लिए छात्र का जन्म एक मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना जरूरी है।

**ऐसे करें पंजीकरण :** पंजीकरण के लिए वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाकर नीचे की ओर ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर क्लास-6 जेएनवीएसटी 2026 पर क्लिक करना होगा। इससे एक लिंक खुलेगा, जिस पर क्लिक करते ही एक नया पेज खुल जाएगा। पंजीकरण के लिए दिए गए विकल्प पर क्लिक करते ही पंजीकरण की विंडो खुल जाएगी, जिसमें मांगी गई सूचनाओं के साथ फोटो, हस्ताक्षर, आवास प्रमाणपत्र एवं शैक्षिक जानकारी अंकित करनी होगी। समस्त जानकारी भरने के बाद प्रिंट अवश्य निकालकर रख लें।

**नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 में कुल सीटें- 80**

- इनमें से 75 फीसद ग्रामीण छात्रों के लिए आरक्षित
- इसमें भी छात्राओं को प्राथमिकता रहेगी
- आवेदन की अंतिम तिथि- 29 जुलाई
- प्रवेश परीक्षा की तिथि- 13 दिसंबर 2025

> नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इसकी अंतिम तिथि 29 जुलाई है। कक्षा छह में प्रवेश के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा देनी होगी। **– संजीव कुमार सक्सेना प्रधानाचार्य**, जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली



वाईडी कॉलेज में गोष्ठी के पूर्व मौजूद प्रोफेसर, शिक्षक एवं छात्र। ● अमृत विचार

## वाजपेयी की विदेश नीति संवाद व संतुलन का आदर्श रही

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **जन्म शताब्दी वर्ष पर विचार गोष्ठी में बोलीं प्रो. नीलम त्रिवेदी**

**अमृत विचार:** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर विचार गोष्ठी हुई। इसका विषय अटल बिहारी वाजपेयी और पड़ोसी देशों से उनके संबंध रहा। प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की दूरदर्शी विदेश नीति, शांति व संवाद की प्रतिबद्धता एवं पड़ोसी देशों के साथ उनके संतुलित एवं सौहार्द्रपूर्ण संबंधों की जानकारी दी। प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी ने कहा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की विदेश नीति भारतीय परंपरा के अनुरूप संवाद और संतुलन का आदर्श उदाहरण रही है। सौरभ वर्मा ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि दक्षिण एशियाई कूटनीति में संवाद के माध्यम से स्थायित्व लाने वाले दृष्टा थे। गोष्ठी में डॉ. इष्ट विभु, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. बृजेश शुक्ल, डॉ. अमित सिंह, डॉ. श्वेतांक भारद्वाज, योगेश दुबे सहित समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर, बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** शहर के हिदायत नगर चौराहा पर लगा ट्रांसफार्मर सोमवार दोपहर बाद दगा दे गया। ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग से चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आई सब्जी की दुकान को भी नुकसान पहुंचा है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर जलने से कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई है।

दोपहर करीब साढ़े तीन बजे ट्रांसफार्मर में आग लगी। सोमवारी बाजार लगने से काफी भीड़भाड़ थी। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों और राहगीरों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई।



ट्रांसफार्मर में लगी आग को बुझाती फायर ब्रिगेड। ● अमृत विचार

● **आग की चपेट में आई सब्जी की दुकान, मची भगदड़**

ट्रांसफार्मर जलने की वजह से कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई है। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना था कि बिजली बहाल होने में चार से सात से आठ घंटे का समय लग सकता है। एक्सईएन शैलेंद्र ने बताया कि सूचना पर बिजली कर्मियों को भेजा गया है।

बिजली सप्लाई जल्द से जल्द शुरू करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उधर, ट्रांसफार्मर के निकट लगी एक सब्जी की दुकान भी आग की चपेट में आ गई। दुकान पर पड़ा छप्पर और रखा बारदाना आग की भेंट चढ़ गया।

## आज निकलेगी बजरंगबली की भव्य शोभायात्रा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** सब्जी मंडी स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परमार्थ सेवा समिति के उपाध्यक्ष शिवगोपाल गुप्ता ने बताया कि जेठ के बड़े मंगल पर 10 जून को सुबह सात बजे से मंदिर पर सुंदरकांड पाठ, नौ बजे महाप्रसाद की शोभायात्रा, 11 बजे से मंदिर प्रांगण में बजरंगबली का भोग और प्रसाद वितरण के बाद शाम तीन बजे से नगर के प्रमुख मार्गों पर भव्य झांकियों से सजी बजरंगबली की शोभायात्रा निकाली जाएगी। विधायक अमन गिरि के प्रतिनिधि जवाहर वर्मा ने बताया कि पौराणिक अंतिम बड़े मंगल को शिव मंदिर पर शाम को सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारा कराया जाएगा।

## अन्नपूर्णा भवनों से ही कराया जाए खाद्यान्न का वितरण

संवाददाता, धौरहरा

● **एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को जारी किए निर्देश**

**अमृत विचार:** गांवों में खाद्यान्न वितरण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया गया, लेकिन अब तक निर्मित अन्नपूर्णा भवनों से वितरण शुरू नहीं हो सका है। इसकी वजह बिजली कनेक्शन न हो पाना बताया गया। एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक रमेश कुमार वर्मा को एक सप्ताह में बिजली कनेक्शन करवाने के बाद वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

शासनादेश के मुताबिक गांव में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण करा कर वही से ही खाद्यान्न वितरण कराया जाए, लेकिन ज्यादा तर भवन अब भी अधूरे हैं और जो बनकर तैयार है वहां से भी खाद्यान्न वितरण नहीं हो पा रहा है।

एसडीएम राजेश कुमार ने इसे गंभीरता से लेते हुए, अन्नपूर्णा भवनों का अधूरे निर्माण जल्द पूरा कराने और निर्मित भवनों में ग्राम पंचायत स्तर से बिजली कनेक्शन कराकर एक सप्ताह के अन्दर अन्नपूर्णा भवनों से ही खाद्यान्न वितरण कराए जाने के लिए पूर्ति निरीक्षक धौरहरा को निर्देश दिए है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया पूर्ति निरीक्षक सुनिश्चित करें, वितरण अन्नपूर्णा भवनों से हो, नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## शिव मंदिर के पीछे बनी मठिया व खंडहर ढहाया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी के शिव मंदिर कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण के कराए जा रहे कार्यों में पौराणिक शिव मंदिर के पीछे बनी मठिया और खंडहरनुमा स्थल को ढहाकर, समतलीकरण कराया गया है, जहां हरे भरे पेड़, पौधों के रूप में स्थल को ग्रीन एरिया में डेवलप कराया जाएगा। शिव मंदिर के उत्तर पश्चिम में रिटेनिंग वॉल बनवाने के लिए फाउंडेशन का कार्य भी शुरू करा दिया गया है।

छोटी काशी के शिव मंदिर कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण का कार्य दिसंबर 2024 से ध्वस्तीकरण अभियान से शुरू हुआ, जिसमें नगर पालिका, जिला पंचायत की दुकानों, आवासीय मकान, मंदिरों, कई धर्मशालाओं को ढहाया गया है। सोमवार को पौराणिक शिव मंदिर के पीछे बनी मठियानुमा मंदिरों का ध्वस्तीकरण कराया गया। वहीं निकट खंडहरनुमा जगह का जेसीबी से समतलीकरण कराकर सफाई कराई है। नायब तहसीलदार सर्वेश यादव ने बताया कि शिव मंदिर के पीछे पड़े खंडहर का समतलीकरण कराया गया है, जिसका सौंदर्यीकरण कराकर पार्क के रूप में विकसित कराया जाएगा, जहां पर्यटक, श्रद्धालु छायादार आकर्षक स्थल पर बैठ सकेंगे।



पौराणिक शिव मंदिर के पीछे ढहाई गई मठिया। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल शिव मंदिर कॉरिडोर भव्य, दिव्य और अलौकिक बने इसके लिए विधायक अमन गिरि भी प्रयासरत हैं। कैफेटेरिया में जलपान गृह के साथ एक यात्री विश्राम हाल भी बनाया जाएगा, जिसका लाभ दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक उठा सकेंगे। स्टेशन रोड पर ढहाई गई अंगद धर्मशाला के पास बनने वाले मुख्य प्रवेश द्वारा से ही श्रद्धालु, शिव भक्त प्रवेश कर सकेंगे और पौराणिक शिव मंदिर में दर्शन, पूजन, जलाभिषेक करने के बाद मंदिर के दक्षिण द्वार से उनके निकास की सुविधा वीआईपी रोड से रहेगी। मुख्य प्रवेश द्वार के निकट ही बेलपत्र, फूल, पत्ती बेचने वालों की व्यवस्था रहेगी। 19524.670 वर्ग मीटर भूमि पर 96 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे छोटी काशी के शिव मंदिर कॉरिडोर का सौंदर्यीकरण हो जाने से नगर की सुंदरता में चार चांद लगेंगे, ही साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

● **मंदिर के उत्तर पश्चिम रिटेनिंग वॉल बनने का कार्य शुरू**



## एक नजर

### युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर से सटे गांव राजापुर निवासी इकराम ने बताया कि उसका भाई इकबाल सलमानी (28) बाल कटिंग का काम करता था। इकबाल घर पर अकेला था। अज्ञात कारणों के चलते उसने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह घटना की जानकारी हुई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई इकराम ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची राजापुर चौकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों का कहना है कि इकबाल सलमानी नशे का आदी था। आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुनैठिया, हाल पता पुरानी बाईपास भारत भूषण कॉलोनी निवासी सूरज कुमार पुत्र रूपराम पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि वह आठ जून रविवार को सुबह अपनी सास के साथ दवा लेने लखनऊ गया था। उसने सुबह 8.30 बजे चौकीदार को फोन कर अपनी पत्नी से बात कराने को कहा तब चौकीदार ने बताया वह कपड़े प्रेस कराने गई हैं जब वह शाम पांच बजे घर पर पहुंचा तो उसकी पत्नी घर पर नहीं मिली। उसने रिश्तेदारी में पता कराया पर उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान उसे पता चला कि उसकी पत्नी के मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी अरबाज से अवैध संबंध है और अरबाज ही उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। घटना के बाद अरबाज खान भी घर से गायब है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अरबाज के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मिकाडा सर्कल, करनाल में अधीक्षक से मारपीट

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर की पटिहन रोड कृष्णा नगर निवासी उमाशंकर भारती वर्तमान में अधीक्षक मिकाडा सर्कल करनाल में कार्यरत हैं। वह अपने निवास कृष्णा नगर में मकान का निर्माण कार्य करवा रहे थे। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 6.30 बजे तराई करते समय पड़ोसी जितेंद्र कुमार सैनी ने अपने तीन भाइयों के साथ अचानक उन पर हमला कर दिया और गाली गलौज करते हुए पिटाई शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर पत्नी मंजू भारती बीच बचाव करने आईं तो आरोपियों ने उन्हें भी जमकर मारापीटा। इससे दोनों पति-पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बेलरायां चीनी मिल को 8.50 करोड़ का मुनाफा

## गन्ना विकास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने समय पर पेराई सत्र शुरू करने के दिए निर्देश

संवाददाता, बेलरायां


बेलरायां चीनी मिल में मरम्मत कार्य के बारे में जानकारी करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

**अमृत विचार :** बेलरायां की सरजू सहकारी चीनी मिल में सोमवार को कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें किसानों को कृषि यंत्र का वितरण कर आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान डीएम ने चीनी मिल का निरीक्षण कर अधिकारियों को समय से पेराई सत्र शुरू करने के निर्देश दिए।

गन्ना विकास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं निघासन विधायक शशांक वर्मा ने मिल में गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को अनुदान आधारित उपकरण में 500 नैपसेक स्प्रे मशीन, 20 ट्रेंच ओपनर और 125 सोलर फेंसिंग दिए गए। डीएम ने किसानों को अनुदान आधारित उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उपकरण देकर इनका

● **कम कीमत पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने को कैंटीन शुरू कराने का दिया आश्वासन**

उपयोग कर उन्नति तरीके से खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। डीएम ने कहा कि बेलरायां चीनी मिल को गत पेराई सत्र में 08.50 करोड़ का लाभ हुआ है, जो किसानों की मेहनत और मिल प्रबंधन की बेहतरीन कार्यप्रणाली का परिणाम है। उन्होंने किसानों के लिए कम कीमत पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए कैंटीन शुरू कराने का आश्वासन दिया। डीएम ने अधिकारियों को समय पर पेराई कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक शशांक वर्मा ने मिल अधिकारियों को रिपेयरिंग व मेंटेनेंस का कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से वितरित किए गए कृषि यंत्रों का सदुपयोग कर खेती को नई दिशा देकर पेराई सत्र सफल बनाने का आह्वान किया। डीसीओ वेद प्रकाश सिंह ने कृषि यंत्रों की आवश्यकता एवं उपयोगिता बताकर सहफसली खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान नेशनल राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ नई दिल्ली के प्रबंध समिति सदस्य बेलरायां चीनी मिल के पूर्व चीनी मिल उपाध्यक्ष श्याम सुंदर पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

### श्रमिकों को सुरक्षा के लिए दें जरूरी उपकरण

आगामी पेराई सत्र की तैयारियों को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को विधायक शशांक वर्मा के साथ चीनी मिल बेलराया का निरीक्षण किया। डीएम ने मरम्मत कार्य से लेकर उपकरणों का रखरखाव, मिल हाउस, पॉवर हाउस सहित अन्य प्रमुख इकाइयों का जायजा लेकर गन्ना सर्वे कार्य समय पर पूरा करने, ट्रांसपोर्टेशन टेंडर प्रक्रिया की जानकारी कर श्रमिकों की सुरक्षा के लिए हेलमेट, बूट्स और ग्लव्स देने के निर्देश दिए। इस दौरान डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, प्रधान प्रबंधक महेंद्र प्रताप, चीफ इंजीनियर राजेंद्र कुमार, चीफ केमिस्ट राजेश त्रिपाठी, मुख्य लेखाकार भुवनेश कुमार, सीसीओ त्रिलोकी सिंह, विक्रय प्रभारी प्रशांत कुमार वर्मा मौजूद रहे।

### 15 नवंबर से शुरू करें पेराई सत्र

डीएम ने सोमवार को निरीक्षण के दौरान मिल प्रशासन को 15 नवंबर से हर हालात में पेराई सत्र शुरू करने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक तैयारियां समय पर करने के साथ 15 अक्तूबर तक मरम्मत कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इसलिए सभी विभाग मिलकर तय समय पर कार्यों को पूरा करने में सहयोग दें, जिससे पेराई सत्र का आगाज बिना किसी बाधा के हो सके।

# विधायक ने किया प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का आरंभ


सीएचसी में जन औषधि केंद्र का आरंभ करते विधायक रोमी साहनी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलियाकलां

**अमृत विचार:** सीएचसी परिसर में सोमवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का आरंभ पलिया विधायक रोमी साहनी ने फीता काटकर किया।

विधायक ने कहा कि आम जनमानस को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की स्थापना कर रही है। जहां मुख्य रूप से जेनेरिक दवाएं मिलेंगी, जो ब्रांडेड दवाओं के समान हैं, लेकिन काफी कम कीमत पर उपलब्ध हैं। जन औषधि परियोजना में 1800 दवाएं, 285 शल्य चिकित्सा उपकरण और उपभोग्य वस्तुएं शामिल हैं। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर भारत सिंह, दीपक पुरी, संजय गुप्ता, सुमित पांडेय, अभिनव मिश्रा, रिंटू शर्मा, काउंसलर अंकित दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# गन्ने की फसल के साथ सहफसली खेती करें किसान


किसान गोष्ठी में बोलते अपर कृषि निदेशक अमरनाथ मिश्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गांव जसमढ़ी में एक किसान गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें अपर कृषि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र अमरनाथ मिश्र ने कहा कि भारत सरकार का उद्देश्य अनुसंधान और शोध से किसानों को लाभ पहुंचाने का है। इसीलिए गांव गांव विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि फरवरी- मार्च में गन्ने की फसल में सहफसली खेती करनी चाहिए। उन्होंने गन्ना के साथ मक्का की फसल को लाभकारी बताया। उन्होंने बताया कि मोहम्मदी और मितौली में बीज गोदाम बनाए जायेंगे। उन्होंने घटती कृषि योग्य भूमि और बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए वैज्ञानिक तकनीक से खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने पारंपरिक गन्ने

● **कृषि संकल्प अभियान के तहत गोष्ठी में अपर कृषि निदेशक ने किसानों को दी सलाह**

की खेती के साथ प्रयोग करते हुए मक्के की सहफसली खेती शुरू की, जिससे उनकी आमदनी में भारी बढ़ोतरी हुई है. इस नई तकनीक से वे एक ही खेत में दो फसलें उगा कर लाखों रुपये कमा रहे हैं। गोष्ठी में मौजूद कृषि उप निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र ने बताया कि मिट्टी में जीवाश्म कम हो रहे हैं, इसका मुख्य कारण खेती में अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग है। खेती में लाभ कम हो रहा है। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर विस्तार से चर्चा करते हुए जीवामृत और घन जीवामृत के लाभ और बनाने की विधि बताई। बैठक में प्रधान प्रतिनिधि भारत प्रसाद, जगत प्रकाश, विषय लाल विशेषज्ञ, एडीओ कृषि इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# 250 लोगों का परीक्षण कर दी दवाएं

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के एक हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के संचालक डॉ. कौशल वर्मा ने कुम्भी क्षेत्र के गांव बस्तौली में रामचंद्र स्मारक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर 250 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गईं। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिक एसिड, नसों और फिजियोथैरेपी की जांचे की गई। इस दौरान डॉ सौरभ बाजपेई, नीरज शुक्ला, अचल शुक्ला, प्रताप शंकर शुक्ला, रामनाथ राठौर, अखिलेश दीक्षित, निर्मल सिंह, मोतीचंद्र सिंह, अमित सिंह, विपिन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अजबापुर चीनी मिल का मशीनीकरण पर जोर

संवाददाता, औरंगाबाद


पॉवर टिलर मशीनों के साथ क्षेत्र के किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गन्ने की खेती में निराई-गुड़ाई व मिट्टी की चढ़ाई की समस्या को दूर करने के लिए अजबापुर चीनी मिल मशीनीकरण को बढ़ावा दे रही है। बुवाई के समय मैकेनिकल प्लांटर का वितरण, पेड़ी प्रबंधन के लिए आरएमडी मशीन का वितरण और इस समय पॉवर टिलर का वितरण किया जा रहा है।

गन्ना प्रमुख व रीजनल हेड रमेश चंद्र चौधरी की मौजूदगी में किसानों को पॉवर टिलर मशीन वितरित की गईं। इस मशीन की कीमत 1,21,000 रुपये है, जिसमें चीनी मिल की अनुदान राशि 21,000 रुपये है। इस मशीन में 9 एचपी का डीजल इंजन है, इसलिए यह गन्ने की दो लाइनों के बीच जुताई व मिट्टी चढ़ाने का कार्य बखूबी करती है।

रीजनल हेड रमेश चंद्र चौधरी ने बताया कि पॉवर टिलर से एक एकड़ गन्ने के खेत में मिट्टी चढ़ाने के लिए मात्र तीन से चार लीटर डीजल की जरूरत है। सोमवार को प्रगतिशील किसान जितेंद्र सिंह, बृजेश तिवारी निवासी बाईकुआं, रोहित कुमार मितौली, मुंशी लाल निवासी उसरी, दलवीर सिंह निवासी खूंटी खुर्द और लाल्हौवा निवासी चंद्रशेखर पांडेय ने सोमवार को पॉवर टिलर क्रय किए।

# इग्नू की परीक्षाएं 12 जून से 19 जुलाई तक

गोला गोकर्णनाथ,

**अमृत विचारः** इग्नू अध्ययन केंद्र सीजीएन पीजी कॉलेज में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जून की सत्रांत परीक्षाएं 12 जून से प्रारम्भ होकर 19 जुलाई तक होंगी।

डॉ. अनिल कुमार मिश्रा क्षेत्रीय निदेशक इग्नू ने ऑनलाइन मीटिंग में इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. अरुण कुमार सिंह को जानकारी दी कि 12 जून से 19 जुलाई तक होने वाली परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप परीक्षाएं दो पालियों में संचालित होंगी। प्रथम पाली 10 से एक बजे तक एवं द्वितीय पाली दो से पांच बजे तक रहेगी। सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थी इग्नू की ओर से जारी किए गये हाल टिकट विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षार्थी परीक्षा के समय अपना हाल टिकट, पहचान पत्र आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

# दोषियों पर कार्रवाई को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, पलियाकलां


एसडीएम रत्नाकर मिश्रा को ज्ञापन देते नवचेतना मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कौशांबी जिले के बहुचर्चित रामबाबू तिवारी आत्महत्या कांड में पुलिस प्रशासन की बर्बरता और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को लेकर ब्राह्मण नवचेतना मंच ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रत्नाकर मिश्रा को सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में ब्राह्मण समाज के लोगों ने पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति के रूप में एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता एवं पीड़ित परिवार के किसी व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिए जाने, परिवार पर लड़े गए फर्जी मुकदमे वापस लिए जाने की

● **ब्राह्मण समाज ने कौशांबी जिले के रामबाबू के परिजनों को आर्थिक मदद व नौकरी की मांग की**

मांग की। इस मौके पर ब्राह्मण नव चेतना मंच के संयोजक विश्वकांत त्रिपाठी, सक्षम शुक्ला, सुनील शुक्ला, डॉ एके अवस्थी, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रीष द्विवेदी, गगन मिश्रा, दीपक पांडेय, राजीव शुक्ला, रामचंद्र अवस्थी, श्री कुल सेवा संस्थान के संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र, सचिव धनेंद्र शुक्ला, विकास दीक्षित सहित काफ़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# तीन खाद विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित


गोदाम में यूरिया का स्टॉक चेक करते जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में खाद को लेकर मची मारामारी का संज्ञान लेकर सोमवार को जिला कृषि अधिकारी के निर्देश पर खाद की 25 दुकानों पर छापेमारी हुई इस दौरान तीन दुकानों से खाद का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। दुकानों पर अनियमितता मिलने पर दुकानदारों को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। वहीं स्टॉक में गड़बडी मिलने पर तीन दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।

जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर तहसील पर तैनात पर उर्वरक निरीक्षकों ने औद्योगिक एवं डिस्टीलरी इंडस्ट्रीज में 25 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर तीन सैंपल भरे। इसके अलावा जूम मीटिंग कर रिटेलरों को एक एकड़ पर एक ही यूरिया की बोरी देने, ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर एफआईआर कराने, एक जून के बाद यूरिया बेचने वाले सभी

● **छापे में मिली गड़बड़ी, 25 दुकानों पर भरे तीन सैंपल**

दुकानदारों की जांच कराने की चेतावनी दी। उन्होंने दुकानदारों को किसानों को नैनो यूरिया का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

अचानक हुई छापेमारी से खाद विक्रेताओं में खलबली मची रही। इसके अलावा स्टॉक में गड़बड़ी, जांच के समय दुकान बंद करने के मामले में दो थोक एवं एक फुटकर खाद विक्रेता का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी अरविन्द चौधरी ने बताया कि महेवागंज स्थित खाद के थोक विक्रेता वर्मा इंटरप्राइजेज और टंडन खाद भंडार पर छापा मारा। टंडन की दुकान बंद मिली। जबकि वर्मा इंटरप्राइजेज की दुकान और गोदाम में मौजूद स्टॉक में गड़बड़ी मिली। वहीं वर्मा ट्रेडर्स कोरारा में भी टीम को यूरिया स्टॉक में गड़बड़ी मिली। इस पर तीन दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

B.I.U. Admission Open Session 2025-26 BIU College of Pharmacy BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

B.I.U. FOPS Faculty of Paramedical Sciences Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# लखीमपुर-गोला के बीच जुलाई से रफ्तार भरेंगे वाहन

## फरधान में आरओबी तैयार होने के बाद बनने लगी रोड, गोला में आरओबी निर्माण के लिए ब्लॉक लेने की कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पीलीभीत बस्ती हाईवे पर लखीमपुर और गोला के बीच जल्द ही वाहन रफ्तार भर सकेंगे, क्योंकि फरधान में रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनकर तैयार है, जबकि गोला में जंगल वाली क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। क्रॉसिंग पर स्लैब डालने की तैयारी पूरी कर कार्यदायी संस्था ने रेलवे से ब्लॉक लेने के लिए पत्राचार कर दिया है। यदि सब कुछ समय पर हुआ तो एनएच 730 पर जुलाई से वाहन आवागमन कर सकेंगे।

एनएच 730 पर लखीमपुर गोला के बीच फरधान और गोला से पहले जंगल में रेलवे क्रॉसिंग है। ऐसे में वाहनों को रफ्तार भरने में दिक्कत होती थी, क्योंकि ट्रेन आवागमन के दौरान क्रॉसिंग बंद होने पर वाहनों को काफी देर रुकना पड़ता था। इससे होने वाले जाम से निकलने में चालकों को काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। इस पर एनएचआई ने दोनों क्रॉसिंग पर फरवरी 2021 में आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) का निर्माण शुरू कराया। हालांकि निर्माण कार्य मई-2022 में पूरा होना था। मगर, कोरोना काल में लॉकडाउन की वजह से काम की रफ्तार बेहद सुस्त हो गई। बताया जाता है कि बजट के अभाव में कई बार काम बंद हुआ। आरओबी न बन पाने के कारण वाहन पिछले चार साल से हाईवे पर रफ्तार नहीं भर पा रहे थे। इससे लोगों को आवागमन में खासी मुसीबत उठानी पड़ती थी। हालांकि फरधान क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनने के बाद हाईवे का निर्माण शुरू हो गया है। जो इसी सप्ताह पूरा हो जाएगा।


फरधान क्रॉसिंग के रेलवे ओवर ब्रिज पर बनने लगा हाईवे। ● अमृत विचार


गोला जंगल वाली क्रॉसिंग पर तैयार हो रहा स्लैब। ● अमृत विचार


फरधान रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी बनकर तैयार। ● अमृत विचार

### जून के अंत तक तैयार होगा आरओबी

गोला से पहले जंगल वाली क्रॉसिंग पर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) का निर्माण प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था ने रेल पटरियों पर स्लैब डालने के लिए शटरिंग लगा दी है। जिस पर लोहे का स्लैब करीब 70 फीसदी बनकर तैयार है। कार्यदायी संस्था के लोगों के मुताबिक 15 जून तक शेष काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद पटरियों पर स्लैब डालना रह जाएगा। इसके लिए रेलवे को ब्लॉक के लिए पत्राचार कर दिया है। ब्लॉक मिलते ही क्रॉसिंग पर स्लैब डाल दिया जाएगा।

### स्लैब पड़ने के बाद 8-10 दिन का काम

कार्यदायी संस्था के लोगों ने बताया कि क्रॉसिंग पर स्लैब का काम पूरा होने के बाद सड़क निर्माण का काम शुरू होगा, जिसे पूरा होने में आठ से 10 दिन का समय लगेगा। जून के अंत में दोनों ब्रिज तैयार हो जाएंगे। इससे हाईवे पर गुजरने वाले वाहन बिना किसी रुकावट के रफ्तार भर सकेंगे।

> गोला जंगल वाली155 रेलवे क्रॉसिंग पर स्टील फैब्रिकेशंस का काम चल रहा है। मेगा ब्लॉक के लिए पत्र भेज कर अनुमति मांगी है। ब्लॉक मिलते ही कार्य पूरा कर लिया जाएगा। **–दिलीप कुमार**, विजय कंस्ट्रक्शन कार्यदायी संस्था।

## दहेज की मांग को लेकर महिला को मायके में छोड़ा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला हफीजपुर निवासी ऋशिता जौहर ने बताया कि उसका विवाह 11 मई 2023 को जनपद शाहजहांपुर के सदर बाजार मोहल्ला हद्दफ निवासी अनूप कुमार से हुआ था। अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख की मांग करते हुए पति अनूप कुमार, ससुर ओमकार, सास माया देवी, देवर रितिक व ननद हेमलता उर्फ पूजा उसे प्रताड़ित करने लगे।

पति अनूप कुमार पुलिस विभाग में लखनऊ के थाना गोमती नगर में तैनात है, जो दूसरी शादी कर लेने की धमकी देता है। आरोप है कि पति का गोमती नगर थाने में तैनात एक महिला आरक्षी से अवैध संबंध हैं। दोनों ने चोरी चुपके विवाह कर लिया है। उसकी ननद भी अपने पति को छोड़कर तीन बच्चों सहित मायके में रहती है। पीड़िता का कहना है कि 28 सितंबर 2023 को उसका देवर रितिक उसे उसके मायके लेकर आया और छोड़कर चला गया। दूसरे दिन उसके भाई आदि समझौता करने शाहजहांपुर गए, लेकिन उनके साथ भी वही व्यवहार किया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति अनूप कुमार, ससुर ओमंकार, सास माया देवी, देवर रितिक और ननद हेमलता उर्फ पूजा के नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

## कुकरा में खुशी में की गई दावत बन गई आफत

संवाददाता, कुकरा

- घटना से तमाम रिश्तेदार बिना खाए भागे घर
- पीड़ित और आरोपियों के घरों में छाया मातम

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र के कस्बा कुकरा में कोर्ट से बरी होने की खुशी में की गई दावत में सत्यराम की मौत दोनों परिवारों के लिए आफत बन गई है। पुलिस ने सात नामजदों में पांच का चालान भेजा है, जबकि चौधकपुर के दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

मूल रूप से नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव चौधकपुर निवासी सरोजकुमार अपनी ससुराल कुकरा में कई वर्षों से रह रहे हैं। बताया जाता है कि सरोज कुमार के पुत्र अजयराज को एक मामले में कोर्ट ने बाइज्जत बरी कर दिया, जिसकी खुशी में सरोज कुमार ने कार्यक्रम कर खानदानी एवं परिवार के लोगों को दावत में बुलाया था, जो कार से कुकरा आए थे।

दावत में शामिल होकर कुकरा से घर जाते समय रास्ते में पड़ी लकड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद ने खुशियों के माहौल मातम में बदला गया। मारपीट में सत्यराम की मौत होने से कुकरा और चौधकपुर में पीड़ित और आरोपी परिवारों में मातम छाया है। कुकरा में पांच आरोपियों के जेल चले जाने से उनके घर में चूल्हा तक नहीं जला है।

### चौधकपुर के दो आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**कुकरा।** सत्यराम की मौत पर उसके भाई शिशुपाल की तहरीर पर कुकरा के पांच और चौधकपुर के दो आरोपियों के नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मैलानी पुलिस ने कुकरा के रामपाल उर्फ पालू, वेदप्रकाश, पवन कुमार, और सरोज कुमार को गिरफ्तार कर उनका चालान भेज दिया है, जबकि चौधकपुर के रामआश्रय, उत्तमकुमार पुलिस की पकड़ से दूर हैं। चौकी इंचार्ज अबलीश कुमार पंवार ने बताया कि चौधकपुर में आरोपियों के यहां दबिश दी गई, लेकिन उनके फरार होने के कारण गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक गंभीर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- शाहजहांपुर के जिला निवासी तीनों युवक बाइक से गोला की ओर आ रहे थे

**अमृत विचारः** गोला खुटार मार्ग पर जंगल के समीप खुटार की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर घायल हो गया। तीनों को सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस से सीएचसी गोला लाया गया। कार चालक जंगल में ही वाहन छोड़कर भाग गया।

गोला खुटार मार्ग पर देर शाम शाहजहांपुर जिला के खुटार थाना क्षेत्र के गांव लखपेड़ा निवासी लाल बहादुर (35) पुत्र गौरी शंकर, छोटे (42) और बृजेश (32) पुत्र बाबूराम एक ही बाइक से गोला की ओर आ रहे थे। बताया जाता है कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूवी कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने लाल बहादुर और छोटे को मृत घोषित कर दिया, बृजेश की प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

## तीन आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचारः** थाना नीमगांव पुलिस ने बेहजम कस्बे से नकब लगाकर चोरी की गई 20 बोरी सरसों के मामले में घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद सातवें दिन रविवार को चोरी की रिपोर्ट दर्ज की और सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए गिरफ्तार तीन आरोपियों का चालान भेजा है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चार क्विंटल सरसों भी बरामद की है।

कस्बा बेहजम निवासी मनोज कुमार के बेहजम बाजार स्थित स्टोर में दो जून की रात चोरों ने नकब लगाया और और स्टोर में रखी 20 बोरी सरसों चोरी कर ले गए थे। खास बात यह है कि जिस वक्त चोर नकब लगा रहे थे। उस समय गश्त पर निकली चौकी पुलिस घटना स्थल के पास खड़ी पिकअप को देखकर रुकी और उसके चालक से पूछताछ भी की थी। चोर घटना को अंजाम देकर चले गए थे।

व्यापारी ने घटना के दिन तहरीर पुलिस को दी थी। रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी लेकिन पुलिस ने घटना के खुलासे के प्रयास तेज कर दिए थे। प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान के नेतृत्व में लगी टीमों को ने सीतापुर के एक आढ़ती समेत तीन चोरों को शनिवार को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद की थी। अमृत विचार ने इस खबर को रविवार के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। हिरासत में लिए गए सीतापुर के आढ़ती को पुलिस ने छोड़ दिया था। रविवार रात स्टोर मालिक मनोज की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने सोमवार को घटना का खुलासा कर दिया। गिरफ्तार किए गए थाना फरधान के गांव गौरिया निवासी फिरोज उर्फ अशरफ, प्रदीप उर्फ इक्का और तैय्यब का पुलिस ने चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार धीमान ने बताया कि पुलिस ने पिकअप बरामद कर 10 प्लास्टिक के बोरों में चोरी की गई चार क्विंटल सरसों, घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।


चोर पिकअप में भरकर ले गए थे लाही की बोरियां
अश्वनी वाजपेयी, बेहजम
- सीतापुर के आढ़ती समेत पांच दबोचे
- घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद

रविवार के अंक में प्रकाशित खबर।

- सातवें दिन रिपोर्ट दर्ज कर चोरी का किया खुलासा

## सार-संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खुला जन औषधि केंद्र



**पसगवां, अमृत विचार :** सोमवार को पसगवां सीएचसी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का आरंभ हुआ। इसका उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉ. अश्वनी वर्मा ने फीता काट कर किया। पुरोहित सदानंद मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रोपराइटर संदीप गुप्ता से पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान अर्श, काउंसलर शालिनी पांडेय, आशीष पांडेय, अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर दंपती की पिटाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव मनिकापुरवा निवासी अल्ताफ ने बताया कि उसकी पड़ोस के ही अशरफ आदि से रंजिश चल रही है। रात में वह अपने घर में सो रहा था। तभी अचानक पड़ोसी अशरफ, नियामत व शराफत उसके घर घुस आए। उसे और उसकी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उनका एक हाथ भी टूट गया। शोर शराबा होने पर जब मोहल्ले के लोग आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### धोखे से ले जाई गई बाइक लौटाई

**सिंगाही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद निवासी अमृत पाल सिंह कस्बे की पंजाब एंड सिंध बैंक आया था। बैंक शाखा के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर दी और चला गया। कुछ देर बाद जब बाहर आया तो देखा बाइक नहीं थी। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी और शाखा प्रबंधक से सीसीटीवी फुटेज दिखाने को कहा। आरोप है कि शाखा प्रबंधक ने उनके साथ अभद्रता की। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि कस्बे के वार्ड संख्या तीन निवासी मोहम्मद शाहिल अपनी बाइक की जगह धोखे से उसकी बाइक ले गया था। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि धोखे से बाइक बदल गई थी। जिसे मालिक के सुपुर्द कर दिया गया है।

### दुर्घटना में मौत मामले में ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ईदगाह निवासी सगीर अहमद पुत्र नजीर अहमद ने हैदराबाद थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनका बेटा मोहम्मद तालिब बकरीद वाले दिन सात जून शनिवार को अपने ननिहाल दतेली जा रहा था। तभी खुटार रोड पर कोरैया मोड़ के पास संसारपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार लापरवाही से चला रहे ट्रक के चालक ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे उनके बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### सर्पदंश से तीन साल के बच्चे की मौत

**बेलरायां, अमृत विचार :** थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव शीतलापुर निवासी नीतीश यादव का तीन साल का पुत्र उत्कर्ष सोमवार की शाम करीब पांच बजे अपने घर के आंगन में छोटी साइकिल चला रहा था। इसी बीच किसी जहरीले सर्प ने उसे काट लिया। घटना से परिवार वालों में हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में उत्कर्ष को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर आते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### घर वालों के शोर मचाने पर छत से कूदकर भागे चोर

**बेहजम, अमृत विचार :** गांव बाछेपारा निवासी दिनेश मौर्य ने बताया कि उनके परिवार के कुछ सदस्य घर की छत पर तो कुछ लोग आंगन में लेटे थे। रात करीब दो बजे चोर मकान की छत पर पीछे की दीवार के सहारे चढ़ आए। आहट मिलन पर उनकी आंख खुल गई। चोर देख उनके होश उड़ गए। उनके शोर मचाने पर चोर छत से कूदकर भाग निकले। चौकी प्रभारी सिद्धांत पवार ने बताया कि जानकारी मिली है। किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है।

## आंजन धाम में होंगे रुद्रावतार बाल हनुमान के दर्शन, भंडारा आज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- डीआईओएस कार्यालय में हनुमत धाम बनकर तैयार
- सोमवार को विधि विधान से हुई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**अमृत विचारः** सोमवार को डीआईओएस कार्यालय परिसर के मंदिर में रुद्रावतार बाल हनुमान की मूर्ति स्थापना हुई। मंदिर में माता अंजनी की गोद में पवनपुत्र की मूर्ति स्थापित है। सोमवार को विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा हुआ। मूर्ति स्थापना के बाद मंगलवार को भंडारा कर भक्तों में प्रसाद वितरण होगा।

डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के सहयोग से परिसर में मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है। सोमवार को रुद्रावतार बाल हनुमान से लेकर गणेश, शनि महाराज एवं बाबा बैद्यनाथ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्य सोनेलाल मिश्र ने मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई। डीआईओएस ने बताया कि मूर्ति स्थापना के बाद ज्येष्ठ के पांचवें अंतिम मंगल पर भव्य भंडारे का आयोजन कर भक्तों में प्रसाद वितरण होगा। डीआईओएस ने जिले का यह पहला मंदिर है, जिसमें बाल रूप में हनुमान माता अंजना की गोद में हैं। इसलिए इसका नाम आंजन धाम रखा है। आचार्य सोनेलाल मिश्र ने बताया कि मंगलवार को पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण होगा। कार्यालय परिसर में डीआईओएस ने सिंदूर, एक मुखी और तीन मुखी रुद्राक्ष का पौधा रोपा है।

इस दौरान डीआईओएस कार्यालय के उमाशंकर मिश्र, अभय अग्निहोत्री, अश्विनी कुमार, विजय कुमार, मनोज पांडेय, अनिल भारती, राजेश कुमार, प्रेमचंद्र सहित समस्त स्टाफ आदि मौजूद रहा।


बाल हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह।

## भाई, भतीजे और एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी सईद उल्ला खान ने बताया कि उसके पिता ने उसके भाई फिरोज खान को चाल चलन सही न होने पर उसे बेदखल कर दिया था, जिससे वह रंजिश मानता था। आठ जून को सुबह नौ बजे फिरोज अपने पुत्र साहिल और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ चाकू, तमंचा लेकर घर आया और फिरोज ने तमंचे से उसे पर फायर कर दिया। फायर मिस हो जाने से वह बाल बाल बच गया।

तब उसने और उसके पुत्र ने चाकू से हमला कर उसकी पुत्री आफिया उर्फ जिया को घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर मोहल्ले वाले बचाने आए तो वह लोग गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उसने फिरोज खान, साहिल के नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## शिविर में 200 मरीजों का परीक्षण कर दी दवाएं


स्वास्थ्य शिविर में मरीज का दवाएं देते डॉ. सलीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, खीरी टाउन

**अमृत विचारः** गरीब कल्याण समिति के लोगों ने रविवार को कस्बे में मुफ्त चिकित्सा शिविर लगवाया। इसमें आए करीब 200 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गई।

शिविर में डॉ. सलीम खान और इशरत अली ने दो सौ लोगों का मुफ्त चिकित्सीय परीक्षण कर दवाएं दी। डॉ. सलीम खान ने बताया कि शिविर में मौसमी बीमारियां, जिसमें सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार से लेकर हाथ पैर से लेकर जोड़ो में दर्द आदि से ग्रसित मरीजों की संख्या अधिक रही।

इन सभी को दवाएं देकर मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए खानपान में एहतियात बरतने के लिए जागरूक कर दवाएं दी गई।

**लापरवाही** खोखले साबित हो रहे विकास कार्यों के दावे, कार्य समाप्त होने की तिथि 30 फरवरी 2024, ग्रामीणों को नहीं मिल पाया शुद्ध पेयजल

# गांव सुभानपुर में अधूरी पड़ी 746 लाख रुपये से बनने वाली पानी की टंकी

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** विकास खंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 10 के सुभानपुर गांव में अधूरी बनी पानी की टंकी ब्लॉक बांकेगंज के विकास के तमाम दावों को खोखला साबित करती हैं। भोले भाले ग्रामीणों का कहना है कि सरकार चाहे किसी की भी हो मनमानी ठेकेदारों की चलती है। पानी की टंकी अधूरी होने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

कार्य स्थल पर लगे बोर्ड के अनुसार नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उत्तर प्रदेश पेयजल योजना के तहत कार्यदाई संस्था एनसीसी लिमिटेड ने 746 लाख रुपये की लागत वाली पानी की टंकी का निर्माण 30 अगस्त 2023 को शुरू कराया था। जो 30 फरवरी 2024 तक पूर्ण हो जाना था, परंतु कार्य पूर्ण होने की तिथि के लगभग 15 माह बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो सका है। जो भाजपा शासन व प्रशासन के विकास के तमाम दावों को खोखला साबित करती है। काम भले ही एक वर्ष से अधिक समय से बंद हो परंतु गांव का ही एक व्यक्ति रामकिशोर वहां चौकीदारी करता है।

ग्रामीण बताते हैं कि निर्माण के समय सावधानी न बरतने के कारण टंकी निर्माण के लिए बनने वाले पिलर टेढ़े हो गए थे, जिससे निर्माण कार्य रोक दिया गया था तथा ठेकेदार अपने मजदूर लेकर चला गया। उसके बाद से अब तक न तो किसी अधिकारी ने निर्माण कार्य को पूरा कराने में अपनी रुचि दिखाई और न ही ठेकेदार ने अपनी गलती सुधारने की हिम्मत जुटाई। हां कार्य आरंभ होने तथा कार्य समाप्त होने तथा लागत को दर्शाता एक बोर्ड जरूर लगवा दिया है।


गांव सुभानपुर में अधूरी पड़ी पानी की टंकी। ● अमृत विचार


सुभानपुर निवासी दयाशंकर कहते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में जब किसी विकास कार्य की शुरुआत होती है तो ग्रामीणों के मन में उम्मीद जागती है परंतु उसके बाद जब कार्य इस तरह रोका दिया जाता है तब उन्हें गांव के पिछड़ेपन का एहसास होने लगता है।


गांव के मनोज कुमार कहते हैं कि टेढ़े पिलरों पर यदि पानी की टंकी बन भी जाए तो आसपास खेती करने वाले लोगों को जान का खतरा रहेगा। बेहतर होगा यदि टंकी बनवाना है तो पिलर पुन: शुरू से खड़े करके बनवाई जाए। यही बात कुछ अधिकारी भी कह रहे थे।


गांव के ही शिवकुमार कहते हैं कि सरकारी विभाग प्रत्येक काम में कमियां निकालता हैं परंतु जांच अधिकारियों को यही नहीं मालूम है कि फरवरी कभी 30 दिन की नहीं होती है। इससे तो प्रतीत होता है कि न 30 फरवरी कभी होगी और न ही कार्य पूरा होगा।

> सुभानपुर गांव में बन रही पानी की टंकी जल निगम के अंतर्गत है। वही निर्माण कार्य कर रहा है। ब्लॉक प्रशासन की जिम्मेदारी तब शुरू होती है जब वह पूरी तरह निर्मित होने के बाद उन्हें सुपुर्द कर दे। **–आरिफ खान**, एडीओ पंचायत बांकेगंज।


पानी की टंकी से थोड़ी दूर आम के बगीचे में बैठे रामचंद्र बताते हैं कि कार्य लगभग एक साल से बंद है, जिससे इसके पूरा होने की उम्मीद भी नहीं है। अधूरी टंकी नहीं बनती तो सरकार का पैसा किसी और काम आता। पैसा बर्बाद होने के बाद भी ग्रामीणों को लाभ नहीं मिला।

### जेसीबी लगाकर खाली कराई गई थी जमीन

ग्रामीण बताते हैं कि दो वर्ष पूर्व कुछ किसानों की फसल कार्यस्थल पर खड़ी थी। ग्रामीणों द्वारा यह कहे जाने के बावजूद की पकी फसल काटने के बाद वह जगह खाली कर देंगे, अधिकारी नहीं माने थे और जेसीबी मंगवाकर पुलिस फोर्स की मौजूदगी में फसल को हटवा दिया था। लोगों का कहना है कि जिस तत्परता से भूमि खाली कराई थी उसी तत्परता से यदि निर्माण कार्य कराया होता तो हम लोगों का विश्वास शासन प्रशासन पर बना रहता। परंतु कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा रहना प्रशासनिक क्षमता पर संदेह उत्पन्न करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैं उमा पाण्डेय पत्नी JC3688876X स्व. सूबेदार अमित पाण्डेय, नि0 म नं. 1 रेंज कॉलोनी भरतौल, पो0 पी.ए.सी. डी.एस.सी. नकटिया, थाना कैन्ट पर0 तह. व जिला बरेली (उ.प्र.)-243123. की हूँ, मेरे पति से सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम EAKLIVYA PANDEY गलत दर्ज है जबकि सही नाम EKALAVYA PANDEY है। कृपया सही नाम दर्ज हों।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्ठा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# खतरनाक मोड़ पर युद्ध

तीन साल से ज्यादा समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। हमले में 24 घंटे में 200 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों की मौत की खबर है। साथ ही रूस ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गए 26 अब्राम्स टैंकों को नष्ट कर दिया। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। हवाई हमला दोनों देशों के सैनिकों के शवों की अदला-बदली के बीच हुआ है, जिससे नए सिरे से शांति वार्ता की संभावनाओं पर चिंताएं बढ़ गई हैं। रुस का कहना है कि ये हमले यूक्रेन द्वारा पिछले आठ दिनों से किए जा रहे लगातार हमलों के जवाब में किए गए हैं। इन हमलों में रूस के ऊर्जा क्षेत्र, तुला में एक केमिकल प्लांट, मास्को में एक लुब्रिकेंट कंपनी का गोदाम, और नोवगोरोद में एक ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने भी क्रीमिया पर कब्ज़े की तैयारी शुरू कर दी है जिससे युद्ध और भीषण होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस आम लोगों को निशाना बना रहा है। यह युद्ध अब केवल यूक्रेन का नहीं, मानवता का युद्ध है।

अमेरिका, यूरोप और पूरी दुनिया को अब निर्णायक दबाव बनाना होगा। निर्णायक कार्यवाही का समय है केवल समर्थन से युद्ध नहीं रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2022 से अब तक रूस-यूक्रेन के हजारों नागरिक मारे गए, लाखों लोग विस्थापित हुए। इससे यूक्रेन की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अगर रूस लड़ाई के मैदान में तेजी दिखा रहा है, तो यूक्रेन भी दिलेर बना हुआ है। वैसे भी रूस ने इस कार्रवाई को अपने बमवर्षकों पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमलों का प्रतिशोध बताया। अभी तक ट्रंप की शांति कायम करने की कोशिशों में बहुत कम प्रगति हुई है। लेकिन उन्हें हार नहीं माननी चाहिए। मतभेदों को कम करने और एक स्थायी युद्धविराम की दिशा में काम करने में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर जंग जारी रही, तो दोनों पक्षों का नुकसान और भी बढ़ जाएगा। यूक्रेन कमज़ोर हवाई सुरक्षा, जनशक्ति के गहरे संकट और अमेरिकी समर्थन को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहा है। वैसे भी यूक्रेन युद्ध ने देश को अस्थिर कर दिया है, पश्चिम को अलग-थलग कर दिया है और विश्व भर में युद्ध ने आर्थिक असुरक्षा को बढ़ावा दिया है।

# इंजीनियरिंग के आकाश पर भारत का परचम



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई।

भारत के सबसे दुर्गम और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक, जम्मू-कश्मीर का रियासी जिला, इसी रियासी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया गया, जिससे भारत के सबसे कठिन रेलवे प्रोजेक्ट 'उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक' (यूएसबीआरएल) का सबसे जटिल और निर्णायक भाग पूरा हो गया। यह परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में अब तक की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण परियोजना मानी जाती है।

अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था। चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में दो दशक का समय जरूर लगा लेकिन अब इसके शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल लिंक बनने से लोग कन्याकुमारी से सीधा कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे।

चिनाब नदी पर बना चिनाब रेलवे ब्रिज न केवल एक तकनीकी चमत्कार है बल्कि यह भारत की इंजीनियरिंग शक्ति, वैज्ञानिक कौशल, राष्ट्रीय संकल्प और कूटनीतिक दूरदृष्टि का भी प्रतीक बन गया है। यह पुल अब वैश्विक पटल पर भारत की उपलब्धियों का जीवंत प्रमाण है क्योंकि यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है। यह पुल न केवल भारत के लिए सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है बल्कि यह देश की विकास यात्रा में एक युगांतरकारी मील का पत्थर भी है। चिनाब ब्रिज चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर (324 मीटर) से 35 मीटर अधिक ऊंचा है। इसकी कुल लंबाई 1315 मीटर है और मुख्य आर्क का फैलाव 467 मीटर है। यह पुल आर्क ब्रिज तकनीक पर आधारित है, जिसमें स्टील की दो विशाल कमानी संरचनाओं को नदी के दोनों किनारों पर बनाए गए

अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था।

एंकरों से जोड़कर मध्य में स्थिर किया गया है। यह तकनीक इतनी जटिल थी कि इसे अंजाम देने में दुनियाभर के विशेषज्ञों की मदद लेनी पड़ी।

इस ब्रिज की संरचना में 63 मिलीमीटर मोटी स्टील प्लेट्स का इस्तेमाल किया गया है, जो ब्लास्ट-प्रूफ हैं और सामरिक दृष्टि से अत्यधिक मजबूत हैं। इस ब्रिज का डिजाइन इस तरह से किया गया है कि यह 8 रिक्टर स्केल तक के भूकंप और 260 किलोमीटर प्रतिघंटा की अत्यधिक तेज रफ्तार वाली हवाओं को भी सहन कर सकता है। यह पुल यूरोपीय मानक सीईएन श्रेणी का पालन करता है, जो विश्व की सबसे कठिन इंजीनियरिंग परियोजनाओं के मानकों में से एक है। इस ब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2004 में शुरू हुआ था किंतु भूगर्भीय जटिलताओं, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद जनित बाधाओं के कारण यह कार्य कई बार रुका और डिजाइन में परिवर्तन की आवश्यकता पड़ी। वर्ष 2008 में फिर से इसकी इंजीनियरिंग संरचना पर पुनर्विचार किया गया और नवीनतम तकनीकों का सहारा लेते हुए इसे दोबारा आरंभ किया गया।

इस परियोजना की कुल लागत अब तक 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है, जिसमें केवल चिनाब ब्रिज पर ही लगभग 1,486 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके निर्माण में 28,660 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग हुआ है और 10 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक खुदाई का कार्य किया गया है। पुल की संरचना तैयार करने में कुल मिलाकर 17 स्टील के खंभों का सहारा लिया गया है। चिनाब ब्रिज के निर्माण में कई अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इसमें केबल क्रेन प्रणाली का उपयोग किया गया। यह विश्व की सबसे ऊंची केबल क्रेन प्रणाली थी, जो 3000 फीट की ऊंचाई पर कार्य कर सकती थी। इसके अलावा जियोटेक्निकल रडार सिस्टम और स्ट्रेस मॉनिटरिंग तकनीक इस्तेमाल की गई, जो पुल की संरचनात्मक स्थिरता की निगरानी के लिए स्थापित की गईं। पूरे पुल पर ऐसी सेंसर प्रणाली लगाई गई है जो मौसम, कंपन और बाह्य आघातों की निगरानी करती है। पुल की संरचनात्मक मजबूती की पुष्टि के लिए 700 से अधिक 'ब्लास्ट लोड टेस्टिंग और वाइब्रेशन एनालिसिस' किए गए।

इस परियोजना में भारत की एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर, कोंकण रेलवे, डीआरडीओ और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता का भी सहयोग लिया गया। जर्मनी की लियोनहार्ट एंड्रा, कनाडा की डब्ल्यूएसपी तथा डेनमार्क और दक्षिण कोरिया की इंजीनियरिंग कंपनियों ने भी इस चुनौतीपूर्ण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई। 1975 में पठानकोट-जम्मू लाइन शुरू हुई और 1983 में जम्मू-उधमपुर परियोजना शुरू की गई, जिसे पूरा करने में दो दशक लगे। 1994 में यूएसबीआरएल परियोजना की घोषणा हुई और 1995 में इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। तब से लेकर अब तक 20 से अधिक सुरंगें और 158 पुल इस परियोजना के अंतर्गत बनाए जा चुके हैं। इनमें बनिहाल सुरंग (पीर पंजाल) की लंबाई 11.2 किमी है, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है।

पुल के निर्माण में भौगोलिक और पर्यावरणीय चुनौतियां अत्यधिक जटिल थी। चिनाब नदी के किनारों पर गहरी खाइयों, चट्टानी भूगर्भीय परिस्थितियों और खराब मौसम ने कार्य को अत्यंत जोखिमपूर्ण बना दिया था। 1.1 लाख मीट्रिक टन स्टील का ऑर्डर दिया गया और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर जांच की गई। इस पुल की विशेषता यह है कि इसमें तापमान परिवर्तन को सहने के लिए थर्मल एक्सपेंशन की सुविधा है। इसके साथ ही इसमें विशेष ग्रोव और एंटी-बकल प्लेट्स का प्रयोग किया गया ताकि वातावरणीय प्रभाव से संरचना को क्षति न पहुंचे। चिनाब ब्रिज केवल एक संरचना नहीं है, यह भारत की सुरक्षा रणनीति का भी अभिन्न हिस्सा है। एलओसी के निकट होने के कारण यह पुल सेना को सीमांत क्षेत्रों में त्वरित और निर्बाध आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स और सैनिकों की तैनाती में सहायता प्रदान करेगा और आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाइयों के लिए यह पुल एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह पुल कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ने का माध्यम बनता है। इससे सेब, अखरोट, हस्तशिल्प, कागज और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में व्यापार में वृद्धि होगी। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत के मुख्य महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता से कश्मीर की दूरी रेल मार्ग से कम हो जाएगी। इस परियोजना में पर्यावरणीय दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरती गई है। सुरंगों के निर्माण में 'एनएटीएम' (न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड) जैसी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तकनीकों का उपयोग किया गया। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की रक्षा हेतु कई कदम उठाए गए। हरियाली की बहाली और निर्माण स्थलों के पास पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन कर उपयुक्त कदम उठाए गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह केवल एक पुल नहीं बल्कि कश्मीर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत प्रयास है। इससे वहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समरसता को मजबूती मिलेगी और एक नया युग आरंभ होगा। चिनाब ब्रिज अब न केवल इंजीनियरिंग का आश्चर्य है बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास, दृढ़संकल्प और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है।

## प्रसंगवश

# मिलावटः मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर

मिलावट शब्द सुनते ही ज़हन में नकली दूध, पत्थर मिली मूंगफली, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ़ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, ज़मीर और व्यवस्था में हो रही है। बाज़ार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं। और मज़े की बात देखिए- इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज़ सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि।



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफ़सोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में ज़हर घोल रहा है।

एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की ज़रूरत है -कहीं वह मिलावटी न हो। बाज़ार में "शुद्धता" अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। "100 प्रतिशत शुद्ध" लिख देने से चीज़ें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं।

बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग-ये सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, ये समाज के नैतिक पतन की निशानियां हैं। और अफ़सोस ये है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो "चलता है" वाली मानसिकता में जीता है, और धीरे-धीरे मरता है।

मिलावट सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक-राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो 'पैकेज' में आते हैं। आजकल 'सेक्युलर' और 'राष्ट्रवादी' दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है-बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ-इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट- हर तरफ़ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है।

दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही। व्यापारी जानता है कि अगर वह मूंगफली में 5 प्रतिशथ पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियांजानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को "फ्रेश" लगेगा। और उपभोक्ता को ये सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है - क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है।

इस मिलावटी माहौल में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ईमानदारी से काम कर रहे हैं। जो अपने खेत में जैविक खेती करते हैं, जो बिना मिलावट के मिठाई बनाते हैं, जो दूध में पानी नहीं मिलाते। लेकिन इनका संघर्ष बहुत कठिन है। उपभोक्ता इन्हें महंगा कहकर छोड़ देता है, और सरकार इन्हें सहयोग की बजाय नियमों में उलझा देती है। ऐसे में सच बोलना और सही बेचना दोनों ही एक किस्म की 'क्रांति' बन गए हैं। समाज की जड़ों में घुसी मिलावट को रोकने के लिए सिर्फ कड़े कानून ही नहीं, एक सांस्कृतिक आंदोलन की ज़रूरत है। हमें बच्चों को सिखाना होगा कि सच्चाई ही सबसे बड़ा व्यापार है। हमें उपभोक्ता के रूप में सजग होना होगा, सवाल पूछने होंगे, जांच करनी होगी, और सबसे जरूरी- अपने ज़मीर से समझौता नहीं करना होगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति के 11 साल



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं।

किसी भी राष्ट्र की विदेशनीति को प्रभावित करना अथवा अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कालखंड में यह कारनामा कर दिखाया है। सबसे पहले दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की बात करें तो उन्होंने अपने 11 वर्ष के कालखंड में दोनों देशों के बीच सामरिक-आर्थिक और भू-रणनीतिक साझेदारी को नया आयाम दिया है। गौर करें तो अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शून्य था वह आज 2025 में बढ़कर तकरीबन 22 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर के पार पहुंच सकता है।

दुनिया के ताकतवर देशों में शुमार रुस की बात करें तो अमेरिका की लाख मनाही के बावजूद रुस ने भारत को एस-400 एयर डिफेंस मिसस्टम की आपूर्ति करके रेखांकित कर दिया कि दोनों देश सदाबहार साथी हैं और किसी के दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। रक्षा समझौतों के अलावा दोनों देश रेलवे, फर्टिलाइजर, अतंर्राष्ट्रीय संस्थानों में सहयोग, आतंकवाद व नशीली पदार्थों के खिलाफ साझा जंग और सौर व नाभिकीय उर्जा का शांतिपूर्वक उपयोग जैसे अन्य मसलों पर भी साथ-साथ हैं। रिश्तों की प्रगाढ़ता और मोदी-पुतिन केमेस्ट्री की चमक का ही असर है कि दोनों देश एकस्वर में आतंकवाद के विरुद्ध मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

अमेरिका और रुस की तरह भारत-फ्रांस संबंध भी नए शिखर पर है। दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हो चुके हैं। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने को तैयार हैं। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्टेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी साथ-साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित कर चुके हैं कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमत हैं।

भारत और आस्टेलिया के संबंधों की बात करें तो भले ही दोनों देश भौगोलिक रुप से दूर हैं लेकिन ऐतिहासिक संबंधों के डोर से बंधे हुए हैं। आस्टेलिया के संसद से भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता पारित हो चुका है। इस समझौते से कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभुषण और मशीनरी सहित भारत का तकरीबन 6000 से अधिक उत्पाद आस्टेलियाई बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंचने लगा है। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा आसान हो गया है। मौजूदा समय में आस्टेलिया के निर्यात का छठा सबसे बड़ा गंतव्य-स्थान भारत ही है, जिसमें कोयला, सोना एवं शिक्षा जैसी सेवाएं शामिल है। दोनों देश व्यापक ज्ञान भागीदारी के सृजन हेतु भी काम कर रहे हैं जिसमें प्राथमिक स्कूल से विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में संयुक्त सहयोग परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य शामिल है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर मुहर लगाते हुए टेड व इन्वेस्टमेंट, डिफेंस व सिक्योरिटी, एजुकेशन एंड इनोवेशन तथा साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के साथ भी रिश्ते मजबूत किए है दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर था, वह आज बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं। गत वर्ष संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में सहभागिता और विकास में सहयोग का संकल्प रेखांकित करता है कि दोनों देश आपसी रिश्ते को धार देने को तैयार हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देशों मसलन नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ-साथ आसियान, बिम्सटेक, सार्क, जी-20, जी-7 जैसे वैश्विक संगठनों से भी रिश्ते मजबूत बनाए हुए हैं।

## सोशल फोरम

# जनतांत्रिक बहस

बहस शुरू होते ही संवादी को भक्त या अंधभक्त अथवा वामी या सिकुलर घोषित कर देने पर तथ्याधारित, स्वस्थ और तार्किक बहस के लिए स्पेस खत्म हो जाता है। बहस तो मुद्दों-मुद्दों पर ही हो सकती है, बहस करने वाले व्यक्ति के वैचारिक रुझान, उसकी योग्यता-अयोग्यता या नीयत और चरित्र पर नहीं। इसे बहस नहीं, 'तू तू मैं मैं' कहते हैं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

पहली बात तो यह कि कौन किसको पूरी तरह जानता है या जान सकता है? ऐसे में किसी व्यक्ति को हमेशा के लिए भक्त, अंधभक्त अथवा वामी, सिकुलर ब्रैंड करके बहस और आलोचना का रास्ता तो ब्रैंड करने वाला ही बंद कर देता है।

यदि कोई खुले दिमाग का व्यक्ति किसी तनहा मुद्दे पर अपनी ईमानदार समझ से गुणावगुण के आधार पर किसी पक्ष का समर्थन या विरोध कर रहा हो और सिर्फ उसी नाते उसे भक्त या वामी घोषित कर दिया जाए तो क्या होगा? वह ढुलमुल प्रकृति का हुआ तो प्रतिक्रिया में संभावना यही रहती है कि वह वस्तुतः अंधभक्त/घोर वामी बनने की ओर प्रवृत्त हो जाए। ऐसे में संवादी का लक्ष्य पूरा होने के बजाय विपक्ष के ध्रुवीकरण से और भी खंडित हो जाएगा। नीयत आभ्यंतर होती है। अभी तक ऐसा कोई यंत्र ईजाद नहीं हुआ जो किसी की नीयत का अक्स ले सके। किसी की नीयत साफ़ है या खोटी, यह हमारा अपना अनुमान होता है जिस पर हमारी अपनी प्रतीतियों और विचारों की छाया न हो, मानवीय धरातल पर असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। किन्तु हमें अपने से भिन्न विचार वाले व्यक्ति के कथ्य को तथ्य और तर्क से काटने के बजाय उसकी नीयत पर सवाल उठा देना सबसे आसान लगता है। संवादी की नीयत खोटी हो भी सकती है, नहीं भी। ऐसे में नीयत पर सवाल उठाने के बजाय गुणावगुण के आधार पर उसके कथ्य का विश्लेषण करने पर खोटी नीयत के चलते मेरिट पर भी उसमें झोल दिख जायेगा। बस उसी पर ज़ोर देने से स्वस्थ बहस जारी रह सकती है।

जनतंत्र में न वर्ग संघर्ष के लिए कोई स्पेस है, न धर्मयुद्ध के लिए। जनतंत्र का आधार ही यही है कि सामान्य अवस्था में बहस-मुबाहसे से अल्पमत बहुमत में और बहुमत अल्पमत में अंतरित होता रहता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# साइकिल चोरी की गुमशुदा खबर



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है।

हाल ही में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस था। हो सकता है कि इस ओर आपका ध्यान न गया हो। वैसे तो आमतौर पर मेरा भी ध्यान इस प्रकार से मनाए जाने वाले दिवसों पर नहीं जाता मगर न जाने क्यों उस रोज चला गया। अखबार से साइकिल दिवस की जानकारी मिलते ही सबसे पहले तो यही सवाल मन में कौंधा कि दशकों हो गए किसी अखबार में साइकिल चोरी की कोई खबर क्यों नहीं पढ़ी? बीस तीस साल पहले तो लगभग रोज ही एक सिंगल कॉलम अथवा संक्षिप्त खबर साइकिल चोरी की मिल ही जाया करती थी। क्या देश में अब साइकिलें खत्म हो गई हैं अथवा बदमाशों ने अब साइकिल चोरी करना बंद कर दिया है? बस फिर क्या था, कई घंटे मशक्कत कर पूरे प्रदेश के आंकड़े टटोल डाले तो ले देकर केवल तीन मामले सामने आए। पहला सीतापुर का था जहां एक ऐसा चोर पकड़ा गया जो केवल साइकिलें चोरी करता था और उसने ढाई सौ से अधिक साइकिलें चोरी करने की बात कबूली थी। दूसरा मामला बस्ती जिले का था जहां साइकिल चोरी की बात इसलिए प्रकाश में आई कि चोर की उम्र मात्र आठ साल थी। तीसरा मामला एक पर्वतारोही की विदेशी साइकिल चोरी होने का निकला जाहिर है ये मामले भी तब दर्ज हुए होंगे जब चोर पकड़े गए होंगे अन्यथा साइकिल जैसी मामूली चीज की चोरी की रपट लिखवाने हेतु थाने में घुसने की हिम्मत भी भला कोई कैसे कर सकता है? क्या अब भी इस बात पर और चर्चा करने की जरूरत है कि कथित विकास के इस शोर में मुल्क के करोड़ों साइकिल सवारों की आवाज अब कहीं गुम हो चुकी है?

साल 2011 की जनगणना के अनुरूप देश में बारह करोड़ घरों में साइकिल थी। ग्रामीण क्षेत्रों में तो 68 फीसदी घरों में साइकिल पाई गई। सरल, किफायती और विश्वसनीय होने के कारण लोग साइकिल से प्रेम करते देखे गए। साइकिल सवारों की तादाद अब कितनी घटी अथवा बढ़ी है, यह तो आगामी जनगणना से ही पता चलेगा। मगर यह ट्रेंड तो साफ दिख रहा है कि आम आदमी साइकिल को गरीब की सवारी मान कर अब इससे पल्ला छुड़ाने की जुगत में है तो वहीं दूसरी तरह शिक्षित और संपन्न आदमी पर्यावरण की सुरक्षा और अच्छी सेहत की गरज से साइकिल का दीवाना हो रहा है। पिछले पांच छह सालों से लगभग हर साल दो करोड़ साइकिलें देश में बिक रही हैं और कोरोना काल में इसका ग्राफ सर्वाधिक तेजी से बढ़ा था। हालांकि मूल रूप से अभी भी साइकिल गरीब आदमी की ही सवारी है और यही कारण है कि इस मुल्क में साइकिल सवार की अब कोई अलग से श्रेणी भी नहीं बची है। देश में पिछले साल हुई 1 लाख 73 हजार सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए 4 लाख 22 हजार और घायल 4 लाख 28 हजार लोगों ने से कितने लोग साइकिल सवार थे, साइकिल चोरी की तरह इसे भी कहीं अलग से दर्ज नहीं किया गया। देश की तमाम सड़कें मोटर वाहनों के हिसाब से ही डिजाइन की जाती हैं और साइकिल सवार की हैसियत अछूत सरीखी है। राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है। तो क्या क्या इस देश में साइकिल सवारों का कोई वाली वारिस नहीं है? क्यों कोई राजनीतिक दल साइकिल सवारों की सुध नहीं लेता? क्या ये साइकिल वाले वोट नहीं देते अथवा इनके वोट के लेने देने में उनकी साइकिल की कोई भूमिका नहीं है ?

बहुत याद करें तो उत्तर प्रदेश में साल 2012 में बनी समाजवादी पार्टी की सरकार थोड़ी बहुत याद आती है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह साइकिल को भुनाने के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर साइकिल सवारों के लिए सड़कों पर अलग से ट्रैक बनाने की मुहीम शुरू की थी। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। लखनऊ, आगरा, नोएडा और गाजियाबाद में ऐसे इक्का दुक्का टूटे फूटे ट्रैक अब भी नजर आते हैं मगर उनकी सरकार के कार्यकाल में ही ये ट्रैक भ्रष्टाचार, अवैध कब्जों और गलत डिजाइन के चलते बेमानी हो गए थे। रही सही कसर अगली सरकार ने पूरी कर दी और सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर इन ट्रैक्स को बहुतायत में तोड़ दिया। इसके अतिरिक्त तो देश भर में साइकिल सवारों की सुध लेता कोई नेता नजर नहीं आता। तो क्या रोशनी की कोई किरण नहीं है? है, अवश्य है। यदि देश का संपन्न आदमी यूरोप और चीन की तरह फैशन अथवा सेहत जैसे किसी कारण से साइकिल को अपना ले तो बात बन सकती है। पैसे वाले की आवाज में तो दम होता ही है और उसे तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने को तो शासन प्रशासन और सरकारें एक लाइन में खड़ी हो जाएंगी। हां यह जरूर है कि जब तक यह नहीं होता तब तक तो मुझे और आपको साइकिल चोरी की खबर अखबारों में ढूंढे से भी दिखाई नहीं पड़ेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं, 147 में 11 का निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवसः शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को किया निर्देशित, लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** सोमवार को निघासन तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें मात्र सात फीसदी ही शिकायतें निस्तारित हो सकीं। शेष फरियादियों की समस्याओं का निराकरण कराने के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक शशांक वर्मा एवं एसपी संकल्प शर्मा की मौजूदगी में मातहतों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 147 शिकायतें आई, जिनमें से 11 ही निस्तारित हो सकीं। शेष शिकायतों का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर समय पर निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब और जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान कर योजनाओं का लाभ दिलाएं। भूमि विवाद के मामले में राजस्व एवं पुलिस की टीम संयुक्त कार्रवाई करे। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

समाधान दिवस में राजस्व की 89, पुलिस की 29, विकास विभाग की 10, सिंचाई की चार, आपूर्ति की तीन एवं वन, नगर निकाय, विद्युत और बैंक की दो-दो, जल निगम से लेकर उपनिबंधक, पंचायती राज, बाल विकास एवं पुष्टाहार की एक-एक शिकायत आई। समाधान दिवस में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसडीएम राजीव कुमार निगम, सीओ महक शर्मा, पीडी एसएन चौरसिया सहित जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान हरियाली का संदेश देने के लिए डीएम ने तहसील परिसर की पौध वाटिका में सिंदूर का पौधा रोपा। डीएम ने विधायक शशांक वर्मा व एसपी संकल्प शर्मा के साथ रीता यादव, किस्मत जहां, तसलेमा खातून, माया देवी और शांति देवी को आवास की चाबी सौंपी। ग्रामोद्योग विभाग की टूल किट योजना के तहत वंदना एवं आरती को निःशुल्क दोना-पत्तल मशीन दी।



समाधान दिवस में महिला की शिकायत सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते एसडीएम राजेश कुमार व सीओ शमशेर बहादुर सिंह।

### संपूर्ण समाधान दिवस में निपटीं तीन शिकायतें

**पलिया कलां, अमृत विचार :** एसडीएम रत्नाकर मिश्रा की अध्यक्षता में स्थानीय तहसील सभागार में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए 19 नागरिकों ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपे। जिनमें से राजस्व विभाग से संबंधित 14 , पुलिस विभाग के दो तथा विकास विभाग, पूर्ति विभाग एवं बिजली विभाग से संबंधित एक-एक प्रार्थना पत्र था। जिनमें से राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर शेष को जांच कर कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया। इस मौके पर तहसील स्तरीय अधिकांश अधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### एसडीएम और सीओ ने सुनीं जन शिकायतें

**धौरहरा, अमृत विचार :** धौरहरा तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। एसडीएम राजेश कुमार और नवागत सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने फरियादियों को सुनकर शिकायतों को समय से निस्तारण के लिए कहा। समाधान दिवस में आशा कर्मियों ने बदायूं की साथी आशा कर्मी के अपहरण, दुष्कर्म के बाद हत्या करने मामले में ज्ञापन सौपते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। समाधान दिवस में कुल 38 शिकायतें आई, मौके पर तीन शिकायतें निस्तारित हो सकी। इस मौके पर तहसीलदार आदित्य विशाल, बीडीओ सुमित कुमार सिंह ईओ गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सीएमओ ने निरीक्षण कर परखी सीएचसी की व्यवस्थाएं

**निघासन, अमृत विचार :** सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में आए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कस्बे की सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की साफ-सफाई, ओपीडी, एक्स-रे रजिस्टर और वार्ड आदि की जांच की। मरीजों से पूछताछ कर सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार को कई निर्देश दिए। सीएमओ ने उपस्थिति पंजिका की जांच की। साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता व समय पर इलाज आदि के इंतजाम पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। निर्माणाधीन 50 बेड के नए अस्पताल भवन का भी जायजा लिया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता व प्रगति जानी। सीएमओ ने बताया कि जल्द ही सीएचसी में गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन की सुविधा शुरू की जाएगी। इस दौरान डिप्टी सीएमओ पीके रावत, डॉ. मोहित वीर सिंह व स्टाफ के लोग मौजूद थे।

## गाय की सेवा को रखा, नाबालिग से किया कुकर्म

**देहरादून, अमृत विचारः** सेलाकुई क्षेत्र में एक नाबालिग से कुकर्म करने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के अमखेड़ा गांव निवासी जितेंद्र कुमार (24) को सेलाकुई क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, सेलाकुई निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज करायी शिकायत में कहा कि उसने आरोपी जितेंद्र को अपनी गाय की देखभाल के लिए नौकरी पर रखा था, जो उन्हीं के घर में रहता था। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने अपने मालिक के नाबालिग पुत्र को गोशाला में ले जाकर उससे कुकर्म किया तथा इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर जितेंद्र के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कनाडा में एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर 16 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपियों ने फर्जी हस्ताक्षर करके बना लिया समझौतानामा
- थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कनाडा में एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर पीलीभीत के जालसाज ने एक व्यक्ति से 16 लाख रुपये ठग लिए। जब व्यक्ति ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर कर समझौतानामा तैयार कर लिया। आरोपी ने पीड़ित और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के निर्देश पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी भीमसेन ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे संतोष कुमार वर्मा को पढ़ाई के लिए कनाडा भेजने के लिए लवप्रीत सिंह खोसा निवासी मोरनिया गांधी थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत से 16 अगस्त 2024 को संपर्क किया था। तब उसने झांसा देकर उससे झूठे प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करा लिए थे। आरोपी ने उससे 10 लाख रुपये एडमिशन फीस और छह लाख रुपये जीआईसी का लिया, लेकिन संतोष का दाखिला नहीं हो सका। इस पर जब उन्होंने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने कहा कि 2.75 लाख काट कर रुपये वापस करेगा। उस समय गवाह रुद्र प्रताप सिंह था। इसके बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। सामने मिलने पर आरोपी ने कहा कि तुम अपने पैसे भूल जाओ।

## ससुर सहित तीन लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के भरकुंडा फॉर्म निवासी नवनीत कौर पत्नी स्व. लवप्रीत सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 6 जून को दो बजे लखीमपुर से घर आ रही थी तभी थाना फरधान क्षेत्र के गांव पिपरी चौराहा पर उसके ससुर हरेंद्र सिंह, देवर जगप्रीत सिंह और जसपाल सिंह ने उसे रोक कर गालियां देते हुए उसका गला दबाकर जान से मारने की ऐलानियां धमकी दी और उसका काफी दूर तक पीछा भी किया। उसने आरोप लगाया कि उसके पति की मृत्यु के बाद वह लोग शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं और उसकी पांच वर्षीय पुत्री को घर से निकाल दिया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## खड़ी बाइक में कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

- अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**खुटार, अमृत विचारः** खुटार-बंडा रोड पर एक खड़ी बाइक में कार सवार ने टक्कर मार दी, जिसमें एक शख्स की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए।

जनपद पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र के गांव जादमपुर गहलुईया निवासी मजीबुल हसन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सोमवार सुबह अपने भतीजे गुलाब खान को लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव पिपरिया कप्तान छोड़ने के लिए बाइक से जा रहा था। खुटार-बंडा रोड स्थित निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास उसका भाई शरीफन हसन व उसकी भाभी मीना बेगम इंतजार कर रही थी। इसी बीच बंडा की ओर से तेज रफ्तार से स्विफ्ट कार चालक ने उसकी बाइक व रोड पर खड़े शरीफन हसन व उसकी भाभी मीना बेगम को टक्कर मार दी, जबकि उसका भतीजा गुलाब खान बाइक को पकड़कर खड़ा था।

बाइक को टक्कर मारते हुए शरीफन हसन व मीना बेगम के साथ ही मजीबुल हसन को भी टक्कर मारती हुई चली गई। राहगीरों ने कार को घेरकर रोक लिया, लेकिन तब तक चालक मौके से फरार हो गया। उधर शरीफन हसन व मीना बेगम व गुलाब खान को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिला मेडिकल कॉलेज ले जाते समय गुलाब खान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। पुलिस ने मजीबुल हसन की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

## करंट लगने से हौज में गिरा युवक, मौत

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** खेत में लगे ट्यूबेल पर पानी पी रहे कस्बा मझगईं निवासी युवक को करंट लग गया, जिससे उसकी पानी के हौज में गिरने से डूबकर मौत हो गई।

कस्बा मझगईं निवासी साजिद कुरैशी (35) वर्ष सोमवार सुबह सरस्वती शिशु मंदिर के पास स्थित रामकुमार शुक्ला के खेत में लगे ट्यूबवेल पर पानी पी रहा था। इसी समय उतरे करंट की चपेट में आकर वह पड़ोस में बने पानी के हौज में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह जब शाम तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने उसकी खोजबीन की। तलाश के दौरान शाम करीब छह बजे उसका शव पलिया निघासन रोड पर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास रामकुमार शुक्ला के ट्यूबवेल पर बने पानी भरे हौज में बरामद हुआ। शव देख परिवार वालों में कोहराम मच गया।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- घर से कबाड़ इकट्ठा करने के लिए निकला था युवक

बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने बताया कि साजिद कुरैशी सुबह कबाड़ इकट्ठा करने के लिए घर से निकला था। वह थाना निघासन क्षेत्र के गांव दुबहा का रहने वाला था, लेकिन काफी समय से मझगईं स्थित ससुराल में रह रहा था।

प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत करंट लगने से पानी में डूबने से होना प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

## आयुष आपके द्वार के तहत कैंप कैंप में दी दवाइयां

**बिलहरी,अमृत विचारः** राज्य आयुष मिशन के अंतर्गत गोला तहसील क्षेत्र के गांव सुहेला में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक जिला अधीक्षक हरबंश के आदेशानुसार कैंप के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाकर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। सुहेला गांव में लगे आयुष कैप में जडौरा मे आयुर्वेदिक अस्पताल की डॉ. निधि वर्मा, सुहेला के डॉ. जितेंद्र वर्मा, वार्डब्याय अनंगपाल ने 50 मरीजों का फ्री चेकअप कर निशुल्क दवाइयां दीं। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि देखा जा रहा है कि धूप बहुत तेज हो रही है। दिन में लू के प्रकोप से बचने के लिए हो सके तो बाहर न निकलें। यदि बाहर निकलना हो तो पूरे शरीर को ढके रहें, आंखों की देखभाल के लिए काला चश्मा लगाएं। समय-समय पर चेहरे को सादे ताजे पानी से धुलते रहें और पानी पीते रहें।

## अहमदनगर में बच्चों के विवाद में गई मासूम की गई जान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/बिलहरी

- पुलिस ने बताया बच्ची की चारपाई से गिरकर हुई मौत

**अमृत विचारः** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव अहमदनगर में दो वर्षीय बच्ची की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने बच्ची के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस गांव गई, पर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया।

अहमद नगर में आकाश की दो साल की पुत्री राधिका की मौत पर गांव में चर्चा है कि सोमवार सुबह 8 बजे कई बच्चे खेल रहे थे, जिन्होंने खेल-खेल में नाली में मिट्टी भर दी। जिसे लेकर दो पड़ोसियों में विवाद हो गया। बताते हैं कि विवाद बढ़ा तो आकाश क्रोधित हो गया और उसने अपनी बच्ची राधिका की पिटाई कर दी।ग्रामीणों ने बताया कि बच्ची को जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आनन फानन में दफन कर दिया गया।

> सीओ गवेंद्रपाल गौतम ने बताया कि अहमदनगर गांव में कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हो जाएगा। जब उन्हें बताया गया कि थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ही नहीं है, तब वह चुप्पी साध गए।

वहीं पुलिस का कहना है कि बच्ची की चारपाई से गिरने से जान चली गई। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने पहले घटना की जानकारी से ही इनकार कर दिया। फिर बताया कि बच्ची की मौत चारपाई से गिरने से लगी चोट से हो गई। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि गांव के लोगों का कहना है कि अगर चारपाई से बच्ची को चोट लगी तो उसे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया। पोस्टमार्टम भी नहीं कराया। यह सवाल गांव में चर्चा का विषय है। हालांकि आकाश की पत्नी गुड्डी देवी ने भी पुलिस को दी तहरीर में राधिका की मौत चारपाई से गिरने पर ही लिखा है। वह किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रही है और न ही कोई कार्रवाई चाहती है।

## आर्मी कैंटीन में नौकरी लगवाने के नाम पर साढ़े सात लाख ठगे

**कैंट, अमृत विचार :** एमईएस कर्मी ने नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 7.5 लाख रुपये की ठगी कर ली। उसे फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दे दिया। ढाई साल तक नौकरी न लगने पर पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने शिकायत डीआईजी से की। डीआईजी के आदेश पर थाना कैंट पुलिस ने सोमवार को आरोपी और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

हाफिजगंज के गांव कमुआ हरहरपुर मटकली निवासी प्रवेश कुमार ने बताया उनकी जान पहचान के थाना नवाबगंज के जादौंपुर गांव निवासी विजेंद्र कुमार ने थाना कैंट क्षेत्र के निवासी राम बहोरन और उसके बेटे अमन से मुलाकात कराई थी। राम बहोरन ने उससे कहा वह एमईएस में है और उसकी नौकरी आर्मी कैंटीन में लगवा देगा। नौकरी लगवाने के बदले में 9 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने फरवरी 2023 में 5 लाख रुपये थाना भुता के कीरतपुर निवासी विजेंद्र कुमार और वेदपाल के सामने कैंट में गरुड़ द्वार पर दिए थे। अलग-अलग तिथियों में ढाई लाख रुपये ऑनलाइन आरोपी के खाते में भेजे। दिसंबर 2023 में आरोपी ने कूटरचित, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर पीड़ित को दे दिया और कहा 2 से 4 दिन में उसे ज्वाइनिंग मिल जाएगी। जब ज्वाइनिंग नहीं मिली, तो उसने आरोपियों से रकम वापस मांगी, पहले तो आरोपी आजकल करके टाल मटोल करते रहे। ढाई साल बीत जाने के बाद रकम मांगने पर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

## शहजिल इस्लाम को तलब करने को कोर्ट में अर्जी

विधि संवाददाता, बरेली

- थाना शेरगढ़ क्षेत्र में 13 वर्ष पूर्व ताजिया उठने के दौरान हुआ था बवाल
- विधायक भोजीपुरा भी मुकदमे में किए गए थे नामजद, 27 को तिथि तय

**अमृत विचार :** थाना शेरगढ़ क्षेत्र में 13 वर्ष पूर्व ताजिया उठने के दौरान हुए बवाल में अभियोजन ने सेशन कोर्ट में अर्जी देकर धारा 319 सीआरपीसी के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग कर विधायक भोजीपुरा शहजिल इस्लाम को बतौर अभियुक्त तलब किये जाने को अर्जी दी है। अदालत ने सुनवाई को 27 जून की तिथि नियत की है।

सरकारी वकील हरेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक शेरगढ़ रामवीर सिंह यादव ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 24 नवम्बर 2012 को कस्बापुर ग्राम में ताजिया जुलूस रखने के स्थान पर विवाद हुआ था। संभ्रांत व्यक्तियों के सहयोग से विवाद का निस्तारण कराया गया था। 25 नवम्बर 2012 को रात करीब 9:30 बजे मुस्लिम पक्ष द्वारा प्रस्तावित भूमि पर ताजिया न रखकर विवादित भूमि पर रख दिया।

इसका हिंदू समुदाय के लोगों ने विरोध किया। इसके बाद मामला बिगड़ गया। पथराव और आगजनी की कोशिश की गई। आरोप लगाया है कि 25 नवम्बर 2012 को भोजीपुरा के विधायक शहजिल इस्लाम ने इंस्पेक्टर को सीयूजी नम्बर पर फोन कर धमकी भरे शब्दों में कहा था कि कस्बापुर का ताजिया विवादित भूमि पर नहीं रखने दिया गया तो शेरगढ़ कस्बे में विभिन्न गांवों से आए हुए ताजिये रोक दिये जाएंगे।इसके बाद कस्बापुरवासियों ने अपने गांव के ताजिये को विवादित भूमि पर रखने की जिद की। पुलिस के रोकने पर विभिन्न मार्गों पर ताजिये रखकर सभी मार्ग अवरुद्ध कर दिये थे।

इससे दोनों पक्षों में पथराव कर आगजनी की कोशिश की गई थी, पुलिस पार्टी के ऊपर भी पथराव किया गया। सीओ बहेड़ी का वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया था। बवाल में पुलिस ने 18 नामजद व 30-35 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। एफआईआर में विधायक को भी अभियुक्त बनाया था। अभियोजन ने कोर्ट में दी अर्जी में उल्लखित किया कि विधायक शहजिल ने अपनी शक्ति का नाजायज इस्तेमाल कर जांच से अपना नाम हटवा दिया था, जबकि उनके उकसावे के कारण ही बवाल हुआ था।

## एमएसएमई से जुड़ी समस्याओं का कराएंगे समाधान

बरेली कार्यालय

**अमृत विचारः** आईआईए के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि वह संस्था को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की हर मुमकिन कोशिश करेंगे। संस्था के साथ 38 सालों का सफर है। इस सफर को आप सभी के सहयोग से और यादगार बनाने की कोशिश रहेगी। उद्योगों को बढ़ावा देने की प्राथमिकता रहेगी। उद्यमियों की समस्याओं के निदान के लिए हर स्तर पर पूरी मजबूती के साथ प्रयास करेंगे। भरोसा दिलाते हैं कि उद्यमियों की समस्या हमारी चिंता रहेगी।

गोयल ने ये बातें सोमवार रात सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से गांधी उद्यान स्थित एक होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में कहीं। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उद्यमियों का दर्द और उनकी समस्या से भलीभांति वाकिफ हैं। हर चुनौतियों से पार पाने की कोशिश करेंगे।

इस मौके पर चैंबर के अध्यक्ष राजीव सिंघल ने कहा कि बरेली उद्योग जगत के लिए इससे बड़ा गौरवशाली क्षण और क्या होगा, जब हम सबके बीच से निकलकर अत्यंत प्रतिभाशाली, मेहनती और कर्मठ उद्योगपति दिनेश गोयल को आईआईए में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। बोले कि यह हमारी संस्था के लिए गौरवान्वित करने वाली बात है कि वह चैंबर ऑफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। अपने कार्यकाल में उन्होंने बरेली के उद्योगों के विकास के लिए कई कार्य किए।

संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अभिनव अग्रवाल ने कहा कि दिनेश गोयल के आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना बरेली के औद्योगिक जगत के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।वह औद्योगिक विकास के साथ ही अब एमएसएमई से संबंधित समस्याओं को सरकार के सहयोग से समाधान कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष किशोर कटरू, वीएस अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, राज गोयल, अजय शुक्ला, नीरज गोयल, शेखर अग्रवाल, उन्मुक्त सम्भव शील, अभिनव कटरू, अभिषेक कटरू, तनुज भसीन, रवि शर्मा, रविन्दर रायजादा, राजेश गुप्ता, अमित अग्रवाल, आलोक कुमार, पार्थो कुनार आदि मौजूद रहे।




आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल का सम्मान करते शहर के वरिष्ठ उद्यमी।

## शारदा नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** खमरिया थाना क्षेत्र के मुन्नुपूरवा लालपुर निवासी सरोज (17) पुत्र बांके लाल शनिवार को दोपहर में अपने साथी रवि, सुरेंद्र, पप्पू आदि के साथ पड़ोसी जनपद सीतापुर में थाना तंबौर क्षेत्र के गोनिया घाट पर शारदा नदी में स्नान करने गया था, जहां नहाते समय सरोज अचानक गहरे पानी में चले जाने लापता हो गया।

साथियों ने उसकी खोजबीन की पर जब उसका पता नहीं चल सका तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी थी। परिजनों के साथ पहुंची थाना तंबौर सीतापुर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से सरोज की तलाश शुरू कराई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को उसका शव नदी किनारे झाड़ियों में फंसा बरामद हुआ है। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## ट्रेन के आगे जान देने का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर मुगलसराय एक्सप्रेस के आगे एक व्यक्ति ने रेल लाइन पर कूदकर जान देने का प्रयास किया। लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया। लोगों ने उसे पकड़कर खींच लिया। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शाम सात बजे बरेली-मुगलसराय एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक की रेल लाइन पर आ रही थी। इसी बीच आत्महत्या करने के उद्देश्य से एक 58 वर्षीय व्यक्ति रेल लाइन पर कूद गया। ट्रेन धीरे होने के कारण इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इस दौरान जीआरपी और आरपीएफ पहुंच गई और उसे रेल लाइन से पकड़कर प्लेटफार्म पर लाए। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और बिहार का रहने वाला है।



## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वुमन स्टडीज में दो कोर्स में दाखिले शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वुमन स्टडीज (महिला उत्कृष्टता विशेष अध्ययन केंद्र ने सत्र 2025-26 के लिए दो प्रमुख प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में दाखिले की घोषणा की है, जिसमें इन वुमन लीडरशिप और इन वुमन राइट्स एंड लीगल अवेयरनेस सर्टिफिकेट कोर्स शामिल है। दोनों कोर्स की अवधि छह महीने रखी गई है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12 वीं निर्धारित की है।

इन कोर्सों के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व कौशल, अधिकारों की जानकारी, संचार शैली, आत्म-निर्भरता और आत्म-सम्मान जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सीटें सीमित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रमों के तहत महिला नेतृत्व कार्यशालाएं, आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं अधिकारों पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाते हैं, ताकि प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके।

# राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले 11 जिलों के धनाढ्य आयकर के निशाने पर

## दिल्ली सेंट्रल कार्यालय से बरेली आयकर विभाग में 1500 लोगों की भेजी गई सूची

- सूचनाओं को और संकलित कर रहे अधिकारी, सभी को जल्द जारी होंगी नोटिस

अनुपम सिंह, बरेली




**अमृत विचार :** टैक्स बचाने के लिए गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले बरेली समेत 11 जिलों के सैकड़ों लोग आयकर विभाग के रडार पर आ गए हैं। इनकम टैक्स के दिल्ली कार्यालय से बरेली कार्यालय को इन लोगों की सूची भेजी गई है। इसके बाद आयकर विभाग के अधिकारी और जानकारियां एकत्रित करने के साथ ऐसे लोगों को नोटिस भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

दरअसल, पूरा मामला वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर 2024-25 के मध्य का है। जानकारों के मुताबिक आयकर विभाग के केंद्रीय कार्यालय में विजिलेंस यूनिट की ओर से गैर मान्यता प्राप्त दलों को चंदा देने वाले लोगों के बारे में अपने नेटवर्क के जरिए जानकारियां संकलित की जाती हैं। यूनिट ने बरेली जोन से जुड़े सभी जिलों के ऐसे लोगों की सूचना एकत्रित करने के बाद सूची कार्यालय को भेजी हैं, जिसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर, मुरादाबाद, संभल, चंदौसी, बिजनौर सीतापुर और हरदोई जिले के सरकारी और गैर सरकारी व्यक्ति शामिल हैं। अनुमानित तौर पर ऐसे लोगों का आंकड़ा 1500 के करीब है।

### 11 जिलों से 50 करोड़ के करीब वसूलेंगे टैक्स

आयकर विभाग के अधिकारी के अनुसार विजिलेंस की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 की तैयार की गई सूची में ही 18 से 20 करोड़ का टैक्स बचाने का प्रयास इन लोगों ने किया है। जबकि 2020-21 से लेकर 2024-25 के मध्य तक करीब 50 करोड़ का टैक्स बन रहा है। इसकी वसूली के लिए अधिकारियों ने प्रयास तेज कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय कार्यालय से भेजी गई सूची में किस पार्टी को किस जिले से कितने लोगों ने चंदा दिया है, इसका उल्लेख किया गया है। गैर मान्यता प्राप्त दलों को 2020-21 से लेकर 2024-25 के बीच चंदा देने वाले लोगों की सूची केंद्रीय कार्यालय से संकलित करके भेजी गई है।

> 11 जिलों के 1500 लोग हैं। दबाए गए टैक्स को जमा कर ब्याज और जुर्माने जैसी कार्रवाई से बच सकते हैं। विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नोटिस भी जारी किए जाएंगे। **-अभय मिश्रा**, आयकर अधिकारी टीडीएस

टैक्स बचाने के लिए इन लोगों ने राजनीतिक दलों को चंदा दिया है। अब बरेली आयकर विभाग की ओर से इन सभी लोगों को दबाए गए टैक्स को जमा करने के लिए जागरूक करने के साथ ही नोटिस भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**गैर मान्यता प्राप्त दलों को नहीं दे सकते चंदा :** आयकर विभाग से जुड़े जानकारों के मुताबिक मान्यता प्राप्त दलों को नियमानुसार चंदा दिया जा सकता है, मगर गैर मान्यता प्राप्त दलों को चंदा देने का प्रावधान नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि टैक्स बचाकर चंदा देने के लिए चिह्नित किए गए अधिकांश लोगों ने गैर मान्यता राजनीतिक दलों को ही चंदा दिया है।

## कटघर-काशीपुर रेलखंड पर ब्लॉक, दो ट्रेनों का समय बदला

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के कटघर-काशीपुर रेलखंड स्थित पीलपसाना, रोशनपुर एवं अलीगंज स्टेशनों के बीच रेल पथ संबंधी कार्य होगा। इसके लिए रेलवे ने 10 जून से 31 अगस्त तक प्रतिदिन चार घंटे का ब्लॉक घोषित किया है। इसकी वजह से दो पैसेंजर ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है।

65307 मुरादाबाद-काशीपुर सवारी गाड़ी को मुरादाबाद से 50 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाया जाएगा। 65306 रामनगर-मुरादाबाद सवारी गाड़ी को रामनगर से 50 मिनट की देरी से चलाया जाएगा। यह परिवर्तन 10 जून से 31 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार, ब्लॉक के दौरान पटरियों की जांच, मरम्मत और अन्य तकनीकी कार्य किए जाएंगे। यह ब्लॉक पूर्वाह्न 11:35 से 15:35 बजे तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि यह ब्लॉक 31 अगस्त तक प्रभावी रहेगा।

# विधि विभाग में आज से जमा होगी प्रवेश फार्म की हार्डकॉपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में फार्म जमा करने आने वाले विद्यार्थियों को पश्चिमी गेट से मिलेगा प्रवेश
- मेडिकल प्रवेश परीक्षा की वजह से 11 जून को नहीं जमा होंगे प्रवेश फार्म

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए अब विधि विभाग में प्रवेश फार्म की हार्ड कापी जमा की जाएगी। फार्म जमा करने आने वाले विद्यार्थियों को पश्चिमी गेट से ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की मेडिकल प्रवेश परीक्षा होने की वजह से 11 जून को हार्ड कॉपी जमा नहीं होगी।

शनिवार और रविवार को अवकाश की वजह से कॉलेज दो दिन बंद रहा। इसकी वजह से सोमवार को सेमिनार कक्ष में 257 विद्यार्थी हार्ड कॉपी जमा करने के लिए पहुंचे। प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि दो दिन कॉलेज बंद होने से सोमवार को विद्यार्थियों की भीड़ अधिक रही। एलएलबी परीक्षाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए अब हार्ड कॉपी विधि विभाग में जमा की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को पश्चिमी गेट से ही प्रवेश मिलेगा। पूर्वी गेट से प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि अब तक 4,486 आवेदनों की हार्ड कॉपी जमा की जा चुकी हैं। इनमें बीएससी मैथ के 296, बॉयोलॉजी के 792, बीकॉम के 632, बीए के 1,996, बीबीए के 263, बीसीए के 293, बीकॉम ऑनर्स के 214 विद्यार्थियों ने आवेदन की हार्ड कॉपी जमा कर दी है। हार्ड कॉपी की प्रक्रिया खत्म होने के बाद मेरिट जारी करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि सभी आवेदनकर्ताओं को प्रवेश समन्वयक समिति के सदस्यों की ओर से प्रवेश के साथ ही काउंसिलिंग कर कॉम्बिनेशन विषयों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। सेल्फ फाइनेंस कोर्स के निदेशक प्रो. एपी सिंह ने बताया कि सभी सेल्फ फाइनेंस कोर्स के लिए शिक्षकों की कमेटी बनाकर विद्यार्थियों को जानकारी दी जा रही है।

# बिजली संकट से परेशान छात्रों का कुलपति आवास पर रात में धरना, परीक्षा स्थगित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास के छात्र गर्मी से हुए बेहाल
- परीक्षा की तैयारी हुई प्रभावित, रात में तीन बजे छात्र संगठनों ने शुरू किया विरोध

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास में बिजली आपूर्ति बाधित होने से नाराज सैकड़ों छात्रों ने रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक कुलपति आवास के बाहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। बिजली न आने से छात्र गर्मी में बेहाल हो गए और उनकी परीक्षा की तैयारी भी प्रभावित हुई। हालांकि बाद में विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा स्थगित कर दी गई।

छात्रों का कहना था कि पूरी रात छात्रावास में बिजली नहीं आई और पंखे बंद रहे। मोबाइल भी चार्ज नहीं हो सके। भीषण गर्मी और उमस के कारण कई छात्र बीमार भी पड़ गए। छात्रों को सबसे अधिक चिंता सोमवार सुबह होने वाली परीक्षा की थी, क्योंकि गर्मी की वजह से वे तैयारी नहीं कर पा रहे थे। छात्रों के कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बाद रात तीन बजे छात्र समूह बनाकर कुलपति आवास पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। छात्रों के समर्थन में छात्र संगठन भी पहुंच गए। हालांकि बाद में बिजली आई।

छात्रों के प्रदर्शन को समर्थन देने समाजवादी छात्र सभा (सछास) के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्र और एबीवीपी के महानगर मंत्री आनंद कठेरिया अपने-अपने पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रों की मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। छात्रों की प्रमुख मांगें नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना, जनरेटर की व्यवस्था करना और छात्रावास की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करना थीं।

प्रदर्शन को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को सोमवार की परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि विवि परिसर की 11 हजार वाली हाइटेंशन तार में समस्या आने से छात्रावास में बिजली संकट रहा। विवि परिसर के अधिकांश पाठ्यक्रमों की परीक्षा भी सोमवार को थी, परीक्षार्थियों की समस्याओं को देखते हुए परीक्षा को स्थगित किया गया। जल्द नई तिथि जारी होगी।

## बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा आज से

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में मंगलवार से एलएलबी की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा को लेकर कॉलेज प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। बरेली कॉलेज क्लासिक लॉ कॉलेज, मोहन लॉ कॉलेज, सिल्वर लॉ कॉलेज के छात्रों का परीक्षा केंद्र बनाया गया।

परीक्षा पूर्वाह्न 11 से 2 बजे तक चलेगी। परीक्षा निगरानी के लिए 33 सदस्यीय फ्लाइंग स्काउट तैनात की गई, जो केंद्र का औचक निरीक्षण करेगी। इस संबंध में प्राचार्य प्रो ओपी राय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो राजेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को करीब 1300 विद्यार्थी एलएलबी की परीक्षा देंगे। प्राचार्य ने बताया कि सभी परीक्षा कक्षों में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे बाद तक ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।

# बरेली से राजस्थान तक नफरत फैला रहा हैदरी दल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नफरत फैलाने के लिए इंस्टाग्राम पर कई नामों से बना रखी हैं आईडी

**अमृत विचार :** देश में नफरत फैलाने की फिराक में हैदरी दल ने कई आईडी बनाई हैं। इसका नेटवर्क बरेली से लेकर राजस्थान तक फैला है। इंस्टाग्राम पर हैदरी दल राजस्थान, हैदरी दल बरेली यूपी और हैदरी दल बरेली यूपी 25 के अलावा अन्य नाम से आईडी बनी हैं। सभी आईडी पर नफरत फैलाने के लिए ही लोगों को उकसाया जा रहा है। यही नहीं पिछले दिनों हैदरी दल के सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद स्टेटस पर सीओ प्रथम का फोटो डालकर लिखा कि मामला सॉल्व हो गया है।

बकरीद के दिन गांधी उद्यान में मुस्लिम लड़कियों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाला हैदरी दल बरेली ही नहीं बल्कि राजस्थान तक फैला हुआ है। ये और बात है कि बकरीद वाले दिन इसके सदस्य अपनी हरकतों की वजह से समाज के सामने बेनकाब हो गए। मामला मीडिया में आने और सोशल मीडिया साइट एक्स पर शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने हैदरी दल के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। यह मामला साइबर सेल को ट्रांसफर करने के बाद जांच कराई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये दल बरेली ही नहीं बल्कि देश के अन्य हिस्सों में नफरत फैलाने के लिए बनाया गया है, इसलिए इस पर कार्रवाई जरूरी है।

**नफरत फैलाने का काम कर रहा हैदरी दल :** हैदरी दल यूपी और राजस्थान में नफरत फैलाने का काम कर रहा है। इंस्टाग्राम पर इसकी कई आईडी हैं। इनमें हैदरी दल राजस्थान, हैदरी दल बरेली यूपी, हैदरी दल यूपी 25 बरेली और जंग-ए-बदर नाम से हैं। सभी इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट किए गए अधिकांश वीडियो में नफरत फैलाने वाली बातें कही गईं हैं। जंग ए बदर नाम से बनी इंस्टाग्राम आईडी के बायो में लिखा है कि तुम्हारे आका की शान में गुस्ताखियां हो रही है, उठो जिहाद की तैयारी करो। वहीं इसी आईडी पर लिखा है कि गुस्ताख को सिर्फ एक ही भाषा समझ आती है और वह जुबान है तलवार की। इसी आईडी पर लिखा है कि आई लव जिहाद। इंस्टाग्राम पर इन आईडी से की जा रही भड़काऊ बयानबाजी से संभ्रांत और शिक्षित लोग नाराज हैं। लोगों का कहना है कि नफरत फैलाने वाले हैदरी दल के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हैदरी दल बरेली नाम के अकाउंट पर 8 भड़काऊ पोस्ट पड़ी हैं।

### स्टेटस पर लगाया सीओ प्रथम का फोटो

हैदरी दल के सदस्य इतने बेखौफ हैं कि उन्हें पुलिस अधिकारियों की भी परवाह नहीं है। ये ही वजह है कि हैदरी दल बरेली नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टेटस पर सीओ प्रथम की फोटो लगाकर लिखा है कि अल्हम्दुलिल्लाह केस साल्व हो गया है। डरने की कोई बात नहीं है। हम कस्गस्त नहीं हैं। सीओ का फोटो लगाने से ये निश्चित हो गया है कि इस दल के हौसले बढ़े हुए हैं। बताया जाता है कि ये संगठन देश के कई प्रांतों में सक्रिय है।

### खुफिया एजेंसियां हुईं फेल

इंस्टाग्राम पर कई माह से चल रहा हैदरी दल अब तक किसी भी खुफिया एजेंसी के सामने नहीं सका है। इसकी वजह से ये दल खुलेआम यूपी से लेकर राजस्थान तक दूसरे समुदाय की युवतियों की आजादी पर पाबंदी लगा रहा है। लोगों का कहना है कि आखिर इन्हें हक किसने दिया कि किसी बहन बेटी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करें।

# मस्जिद के बड़े हिस्से को जेसीबी से किया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

- लोक निर्माण विभाग ने तीन दिन पहले मस्जिद कमेटी को जारी किया था नोटिस
- एसडीएम की मौजूदगी में मजदूरों ने तोड़ा मस्जिद का हिस्सा, फिर चली जेसीबी

**अमृत विचार :** संभल-बहजोई मार्ग पर हयातनगर थाने से आगे लोक निर्माण विभाग की सड़क पर बने धर्मस्थलों को तोड़ने की कार्रवाई हुई। मस्जिद के बड़े हिस्से को जेसीबी ने ध्वस्त किया वहीं मंदिर के कुछ हिस्से को भी तोड़ा गया। एहतियातन अधिकारियों के साथ ही पुलिस बल मौजूद रहा।

प्रशासन ने पिछले महीने हयातनगर थाने से आगे प्राचीन धर्मकूप मंदिर और उसके सामने मस्जिद को लेकर पैमाइश की थी। देखा गया कि लोक निर्माण विभाग की सड़क में दोनों धर्मस्थलों का कितना हिस्सा आ रहा है। अतिक्रमण चिह्नित कर लिए जाने के बाद कार्रवाई की बात कही गई थी। दोनों ही धर्मस्थलों के संचालकों से अतिक्रमण खुद तोड़ लेने को कहा गया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने मस्जिद कमेटी को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। सोमवार को सुबह एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा, तहसीलदार धीरेंद्र सिंह राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।


हयातनगर में मस्जिद का अतिक्रमण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

प्रशासनिक अमले ने अतिक्रमण तोड़ने की तैयारी की तो मस्जिद को कमेटी के लोगों ने खुद ही मजदूरों के जरिये तुड़वाना शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह तो काफी वक्त लगेगा और परेशानी भी होगी जिसके बाद बुलडोजर से सड़क में आ रही मस्जिद के हिस्से को तोड़ने का काम शुरू हो गया। बुलडोजर ने आगे की तरफ के हिस्से को ध्वस्त कर दिया। चूंकि मस्जिद परिसर में आ रही मजार के भी सड़क में आने की बात थी तो तय किया गया कि मजार को ऐसे ही उठाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करा दिया जाएगा। इस पर सहमति जताई दी गई।

### मंदिर का अतिक्रमण वाला हिस्सा भी तोड़ा गया

लोक निर्माण विभाग की सड़क में आ रहे मंदिर के हिस्से को भी तोड़ने का काम शुरू हो गया। मजदूरों ने आगे की तरफ बाउंड्री को तोड़ना शुरू किया। दोपहर में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार भी मौके पर पहुंच गए। मामला धर्मस्थलों से जुड़ा था, इसलिए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता से काम लिया। एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा ने बताया कि पिछले दिनों पैमाइश करने पर पाया गया था कि मस्जिद और दरगाह पूरा हिस्सा सड़क में आ रहा है और दूसरी तरफ मंदिर का आंशिक हिस्सा भी आ रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा नोटिस भेजा गया था, जिसके बाद आज कार्रवाई हुई है।

## वंश इंटरप्राइजेज के मालिक पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिकायत पर बारादरी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- कार के किराये का भुगतान न करने का आरोप

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने वंश इंटरप्राइजेज के मालिक पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भमोरा के गांव घिलौरा निवासी आर्येंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने 28 जून 2024 को वंश इंटरप्राइजेज के मालिक छोटेलाल निवासी आनंद पार्क सुपरसिटी को 16 हजार रुपये प्रति माह किराये पर कार दी थी।

दो माह तक आरोपी ने रुपये दिए और बाद में देने बंद कर दिए। उनके छोटेलाल पर 1.65 लाख रुपये बकाया रह गए। मांगने पर छोटेलाल बहाना बनाते रहे। करीब 20 दिन पहले उन्होंने ने अपनी कार डोहरा मोड़ पर देखी तो वह टूटी फूटी थी। पूछने पर उसने बताया कि चालक की गलती से कहीं लग गई और वह उसे ठीक करा देगा। इसके बाद पीड़ित अपनी गाड़ी ले गया, लेकिन छोटेलाल ने न रुपये दिए और न ही स्टेपनी। मांगने पर चेक दे दिया, जो बाद में बाउंस हो गया। पीड़ित छोटेलाल से रुपये मांगने गया तो उसने जान से मारने की धमकी दी।

**इन्हें भी लगाया चूना :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के पटेल विहार निवासी रक्षपाल और बल्लिया निवासी रामकृष्ण ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर वंश इंटरप्राइजेज के मालिक पर रुपये न देने का आरोप लगाया है। रक्षपाल के अनुसार वंश इंटरप्राइजेज के मालिक छोटेलाल पर उनके 2 लाख 33 हजार 700 रुपये और रामकृष्ण के 1.80 लाख रुपये बकाया हैं।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव जहांगीरपुर निवासी अमर पाल (41) सोमवार शाम पत्नी के साथ बाइक से गांव रीठ की बाजार गया था। पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अमर पाल की मौत हो गई।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी**

**ई-निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2025-26 में विभिन्न सामानों की आपूर्ति एवं जॉब कार्यों से सम्बन्धित ई-बिड निविदायें दिनांक 07.06.2025 से दिनांक 25.06.2025 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

**कार्यालय तहसीलदार मीरगंज**

पत्रांक : 2504/रा.नि.(कार्या.) 2025 दिनांक : 06.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मीरगंज के ग्राम सुकटिया परगना शाही तहसील मीरगंज, बरेली के ग्राम समाज (चकमार्ग) के गाटा सं. 137 रकबा-0.025 हे. चकमार्ग पर खड़े 1 पेड़ नीम व 1 पेड़ आम की नीलामी दिनांक 17.06.2025 को समय अपरान्ह 11:00 बजे तहसील सभागार मीरगंज में मूल्यांकन के आधार पर कराई जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलाम शर्तों के अनुसार नीलामी में प्रतिभाग करने के हकदार होंगे। नीलामी की शर्तें कार्यालय तहसीलदार मीरगंज के यहां से प्राप्त की जा सकती है। नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उपजिलाधिकारी महोदया मीरगंज में निहित होगा।

तहसीलदार, मीरगंज

# फैक्टर के लिए भटकता रहा हीमोफीलिया मरीज, थम गई सासें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल में 10 दिन पहले फैक्टर इंजेक्शन लगवाने आया था बदायूं निवासी मरीज
- फैक्टर उपलब्ध न होने से परिजन ले गए दिल्ली, नोएडा के निजी अस्पताल में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** हीमोफीलिया मरीजों को निशुल्क फैक्टर इंजेक्शन लगाने का आदेश शासन ने दिया है। वहीं इन इंजेक्शनों की उपलब्धता अस्पताल में हर समय बनी रहने को भी कहा गया है। बदायूं के मरीज ने 10 दिन पूर्व जिला अस्पताल बरेली में संपर्क किया लेकिन फैक्टर इंजेक्शन की उपलब्धता न होने पर परिजन उसे दिल्ली ने गए। जहां हालत गंभीर होने पर रविवार देर रात उसकी मौत हो गई।

**सोसाइटी अध्यक्ष से किया था संपर्क:** बदायूं के उसैत निवासी सरनाम सिंह का 15 वर्षीय बेटा अमरजीत हीमोफीलिया से ग्रसित था। दस दिन पूर्व उसके परिजनों ने जीवन रेखा हीमोफिलिया सोसाइटी में संपर्क किया तो जानकारी मिली कि जिला अस्पताल में फैक्टर नहीं हैं। सोसाइटी की अध्यक्ष रेखा रानी ने बताया कि सोसाइटी में अमरजीत का पंजीकरण था। दो सप्ताह पहले उसके परिजनों ने जानकारी तो बताया गया कि जिला अस्पताल में फैक्टर-8 खत्म हो गया है। उसी दौरान अमरजीत के ब्रेन में ब्लीडिंग होने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन अमरजीत को दिल्ली के निजी अस्पताल ले गए जहां फैक्टर लगा, लेकिन हालत बिगड़ती चली गई। दिल्ली में कई चिकित्सकों से संपर्क करने के बाद परिजन अमरजीत को नोएडा के अन्य निजी अस्पताल ले गए, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ और इलाज के दौरान रविवार देर रात अमरजीत ने दम तोड़ दिया।

**इसलिए होती है फैक्टर की जरूरत :** हीमोफीलिया में चोट लगने या सर्जरी के बाद रक्तस्राव लंबे समय तक चलता है, जिससे गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। फैक्टर थेरेपी रक्तस्राव को रोकने में मदद करती है, इसलिए मरीज को फौरन फैक्टर इंजेक्शन लगना अनिवार्य होता है।

## संभल से दंगों का नहीं मोहब्बत का जाएगा पैगाम

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय सद्भावना मंच की ओर से आयोजित सूफी संत सम्मेलन में सर्व धर्म समाज के लोगों ने एक मंच पर आकर आपसी सांप्रदायिक सौहार्द पर जोर दिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संरक्षक (आरएसएस) डॉ. इंद्रेश कुमार रहे। इंद्रेश ने पैगम्बर मुहम्मद, भगवान श्रीराम की सेवाओं ओर पैगाम के बारे में बताया। कहा कि संभल से दंगों का नहीं मोहब्बत का पैगाम जाएगा।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति आंवला (बरेली)**

पत्रांक : कृ.उ.मा.स./2025-121 दिनांक : 09.06.2025

**कैन्टीन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति आंवला (बरेली) में निर्मित कैन्टीन माह 01.07.2025 से 30.06.2026 तक के लिए खुली नीलामी दिनांक 24.06.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे मण्डी समिति आंवला के सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म मण्डी समिति आंवला कार्यालय से रू. 1180.00 नकद जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर रू. 64000.00 (चौसठ हजार) मात्र का नकद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक दिनांक 23.06.2025 को सायं 05:00 बजे तक मण्डी समिति आंवला के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। कैन्टीन नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय में देखी जा सकती है। सभी धनराशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगी।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
आंवला (बरेली)

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत**
टनकपुर रोड, निकट जिला अस्पताल पीलीभीत (उ.प्र.)

ई-मेल : kvpilibhit2008@gmail.com दूरभाष : 05882-253319

**कक्षा-10 एवं 12 में रिक्त सीट पर प्रवेश हेतु पंजीकरण (सत्र 2025-26)**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत में कक्षा-10 एवं 12 में प्रवेश हेतु कुछ सीटें रिक्त है। ये सीटें केवल सेवा प्राथमिकता श्रेणी एक और दो के लिए ही उपलब्ध है। इच्छुक अभिभावक दिनांक 10.06.2025 से 19.06.2025 तक सभी कार्यदिवसों में (प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक) विद्यालय में ऑफलाइन माध्यम द्वारा पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण फार्म एवं अधिक जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://pilibhit.kvs.ac.in देखें।

प्राचार्य

**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, लखीमपुर**
नवीन मण्डी स्थल राजापुर-खीरी
G-mail : mandi.samiti.lakhimpur@gmail.com

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2025-26/86 दिनांक : 06.06.2025

**विज्ञापन सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति लखीमपुर के क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत समस्त प्रकार के वैध लाइसेन्सों के लाइसेन्सधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि कृषि वर्ष 2024-25 के लिए निर्गत लाइसेंसों की वैधता अवधि 30 जून 2025 को समाप्त हो रही है। उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम 1964 एवं तदधीन बनायी गयी नियमावली 1965 के प्राविधानुसार उक्त लाइसेंसों के लाइसेंसों का नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है।

अत: समस्त वैध लाइसेंसों के लाइसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि आगामी कृषि वर्ष 2025-26 के लिए लाइसेंसों का नवीनीकरण दिनांक 25.06.2025 तक समिति के ई-लाइसेंस पोर्टल (emandi.upsdc.gov.in) पर निर्धारित लाइसेंस शुल्क के साथ आवेदन करना सुनिश्चित करें। प्रार्थना-पत्रों की जांच के पश्चात सही पाये गये प्रार्थना-पत्रों की ई-लाइसेंस संख्या निर्गत की जायेगी। लाइसेंस नवीनीकरण निम्न प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अन्तर्गत किया जायेगा-

1. लाइसेंस प्रार्थना-पत्र (20ग) की प्रविष्टियां पूर्ण रूप से भरी हों तथा इस पर पासपोर्ट साइज का स्व हस्ताक्षरित फोटो चस्पा हो तथा लाइसेंस प्राप्त करने हेतु दो पासपोर्ट साइज के फोटो संलग्न हों।
2. कृषि वर्ष 2024-25 की मासिक एवं वार्षिक विवरणियां प्रस्तुत हों।
3. समस्त देय मण्डी शुल्क विकास सेस, ब्याज, दुकान किराया/प्रीमियम एवं अनाद्रित चेक की धनराशि आदि अवशेष न हो।
4. वगत दो वर्षो में कार्य/व्यापार शून्य न हो।
5. निर्धारित लाइसेंस शुल्क जमा हो।
6. विगत अवधि में फर्म में हुए परिवर्तन का विवरण साक्ष्यों सहित प्रस्तुत किया गया हो।

पांच वर्षीय अथवा आजीवन एवं एकीकृत लाइसेंसधारी लाइसेंस प्रार्थना-पत्र के साथ देयकों के जमा तथा अवशेष का विवरण मासिक विवरणी एवं स्थिति परिवर्तन सम्बन्धी सूचना/साक्ष्य सूचना प्रस्तुत करना आवश्यक है। दिनांक 30.06.2025 के पश्चात बिना लाइसेंस कार्य करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मण्डी अधिनियम 1964 (यथा संशोधित) की धारा-09, 17 एवं 36,37 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

सचिव सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति लखीमपुर-खीरी

## एक नजर

### शाहजहांपुर की 14 सीएचसी में लगेंगे अग्निशमन संयंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** शाहजहांपुर के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर नए अग्निशमन संयंत्र स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव आनन्द कुमार राय ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 14 सीएचसी में न केवल अग्निशमन संसाधन जुटाने को तीन करोड़ 41 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत किए, बल्कि सोमवार को एक करोड़ 33 लाख 61 हजार रुपये की दूसरी किश्त जारी कर शीघ्र क्रियान्यवन करने के निर्देश दिए हैं। इन 14 सीएचसी में भावलखेड़ा, ददरौल, कांट, मदनापुर, पुवायां, बंडा, सिधौली, तिलहर, निगोही, मिरानपुर कटरा, जयतीपुर, जलालाबाद, अल्हागंज एवं जरियनपुर शामिल हैं।

### ट्रॉमा-2 से मिलेगी मरीजों को राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज मुहैया कराने के लिए ट्रॉमा-2 के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। उम्मीद है अगले माह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ट्रॉमा का शिलान्यास करेंगे। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में 400 से अधिक बेड हैं। यहां कई प्रदेश से गंभीर मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मरीजों का काफी दबाव है। इसकी वजह से काफी मरीजों को बिना इलाज लौटना

### कीट नियंत्रण योजनाओं को 20 करोड़ 96 लाख जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि क्षेत्र में कीट व रोग नियंत्रण योजनाओं के लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ 96 लाख रुपये का बजट जारी किया है। विशेष सचिव ओम प्रकाश वर्मा ने बजट जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि इस बजट में न केवल आउट सोर्सिंग सेवाओं में आवश्यकतानुसार कर्मियों को वेतन दिया जा सकेगा।

# मुख्यमंत्री योगी आज गिनाएंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां

- 21 तक चलेगा 11 वर्षों पर केंद्रित प्रदेशव्यापी अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 जून से मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करेंगे। 21 जून तक विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण जैसे विषय शामिल हैं। जिलों में प्रदर्शनियां, प्रबुद्ध समागम और डिजिटल प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि मंडलों में संकल्प सभाएं और शक्ति केंद्रों पर चौपालों में आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे।


पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकार वार्ता करेंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जिला स्तर पर 11 व 12 जून को प्रेस कांफ्रेंस होंगी। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सरकार के मंत्री या सांसद संबोधित करेंगे। जिलों में प्रबुद्ध समागम होगा। इसमें तीन अलग-अलग वक्ता विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष समेत सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषय पर बोलेंगे। इसके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी अपलोड किए जाएंगे। इंटरनेट मीडिया से जुड़े लोगों के लिए डिजिटल प्रतियोगिता 'बदलता भारत मेरा अनुभव' विषय पर कराई जाएगी।

# ड्रोन सर्वेक्षण से बनेगा शहरों का नक्शा, बेहतर होगा भू रिकॉर्ड

## सर्वेक्षण के बाद मिलेगी शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी, कम होंगे भूमि विवाद

- केंद्र सरकार की टीम ने राअधिकारियों के साथ की बैठक
- भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर लगेगी रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब सभी शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण से नया नक्शा बनेगा। इससे भू-रिकॉर्ड बेहतर होने के साथ शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी सामने आएगी, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी। भूमि विवाद कम होंगे और भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर रोक लगेगी।

सोमवार को राजस्व परिषद में ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी और संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर ड्रोन सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। कहा गया कि वर्तमान में प्रदेश में 22.27 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास कर रही है। वर्ष 2031 तक 40 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। इसलिए सटीक व सुलभ भूमि रिकार्ड प्रणाली की जरूरत है। अभी तक शहरी क्षेत्रों के जो भी नक्शे हैं, वह टैक्स प्रणाली के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। ड्रोन सर्वेक्षण के बाद सभी शहरों का नक्शा तैयार किया जाएगा, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी।

केंद्रीय टीम ने जिन शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण किया जाना है, वहां के नोडल अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद व राहत आयुक्त भानु गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्वेक्षण पूरा करने पर मिलेगी 10 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने बताया कि एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए कराए जाने वाले सर्वेक्षण के जरिए सभी शहरों व कालोनियों के नक्शों की जियो-रेफरेंसिंग (वास्तविक दुनिया के भौगोलिक निर्देशांकों को डिजिटल मानचित्र या छवि के साथ जोड़ने की प्रक्रिया) पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा करने वाले नगरीय निकायों को 10 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। देशभर में 4,912 शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

### भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत होंगे सर्वेक्षण

डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआइएलआरएमपी) के तहत होने वाले इस सर्वेक्षण के जरिए शहरी क्षेत्रों का क्षेत्रफल, वर्तमान वास्तविक स्थिति तथा भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी एकत्र की जाएगी। साथ ही शहरी क्षेत्रों में स्थित कालोनियों का भी नक्शा तैयार किया जाएगा। पहले चरण में टांडा, नवाबगंज, अनूपशहर, चित्रकूट धाम, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, चुनार, पूरनपुर व तिलहर का ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा। पिछले साल 2 सितंबर को केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों की टीम ने लखनऊ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण को लेकर प्रशिक्षण भी दिया था।

# दिव्यांगों को आरक्षण के लिए पद चिन्हित

## विभिन्न विभागों में श्रेणियों के साथ किया गया पदों का पुनर्चिन्हांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिव्यांगों को अब नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, न्याय विभाग, सचिवालय प्रशासन और ग्राम्य विकास विभाग में भी चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। इन विभागों द्वारा किए गए पदों के चिन्हांकन में श्रेणियां चिन्हित न करने ये यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब इनमें श्रेणियों सहित पदों का पुनर्चिन्हांकन कर दिया गया है।

प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन के लिए लोक सेवाओं में चार प्रतिशत



पदों के क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था कर रखी है। इसमें रिक्तियों का एक-एक प्रतिशत खंड क, ख व ग में और एक प्रतिशत खंड घ व ड में आरक्षित किया गया है। अब विशेषज्ञ समिति द्वारा किए पुनर्चिन्हांकन में नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई विभाग) में समूह के तहत अधिशासी अभियंता, समूह ख में सहायक अभियंता और समूह ग में अवर अभियंता, बोरिंग टेक्नीशियन, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन और अमीन के पद चिन्हित किए गए हैं।

पंचायती राज विभाग (राज्य निर्वाचन आयोग) में समूह ग के तहत कनिष्ठ सहायक व समूह घ के पद, न्याय विभाग (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज) में समूह ग के तहत सहायक लेखाकार, आशूलिपिक, कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर सहायक (ग्रेड ए) के पद चिन्हित किए गए हैं। सचिवालय प्रशासन विभाग में समूह ख के तहत अनुभाग अधिकारी (लेखा) और ग्राम विकास विभाग (दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ) में समूह ग के तहत शोध सहयुक्त के पद का पुनर्चिन्हांकन किया गया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से इन पदों पर नियुक्तियों की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### इन श्रेणियों के दिव्यांग आएंगे पात्रता में

दृष्टिहीनता और कम दृष्टि, बधिर और श्रवण शक्ति हास, प्रमस्तिष्कीय अंग घात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण, बौद्धिक निशक्तता, विशिष्ट अधिगम निशक्तता और मानसिक निशक्तता।

# शाह से मिले योगी, जल्द ही घोषित किया जाएगा नया प्रदेश अध्यक्ष

## सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर हुई चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृहमंत्री के साथ पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के अचानक सोमवार को दोपहर बाद दिल्ली दौरे से सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर राजनीतिक अटकलें शुरू हो गईं। गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक में पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाने के साथ नए प्रदेश अध्यक्ष के नामों पर भी चर्चा हुई। शाह के 15 जून के दौरे के साथ संगठन के मुखिया का एलान भी हो सकता है। बैठक के बाद योगी लखनऊ लौटने के लिए हिंडन एयरपोर्ट रवाना हो गए।

दिल्ली दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के बीच सोमवार को तकरीबन 35 मिनट तक बैठक चली। गृहमंत्री 15 जून को लखनऊ आएंगे, वे यहां समारोहपूर्वक 60 हजार से अधिक नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इस कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ यूपी में प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर भी चर्चा हुई। योगी और अमित शाह की इस बैठक में यूपी भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। सहमति बनी कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव और 2026 के पंचायत चुनावों को देखते हुए प्रदेश में नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान जल्द करेगी।



दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी।

### भाजपा अध्यक्ष के लिए इन नामों पर चर्चा

राज्य में भाजपा अध्यक्ष के लिए जहां ओबीसी वर्ग पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का नाम चर्चा में है, वहीं दलित वर्ग से विद्यासागर सोनकर, और विनोद सोनकर के साथ सपा का जोरदार जवाब देने और युवाओं में बेहद लोकप्रिय समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण का नाम भी काफी चर्चा में है। ब्राहमण चेहरे में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का नाम सामने आ रहा है।

### नए प्रदेश अध्यक्ष के एलान में देरी से संगठन सुस्त

हाल यह है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में देरी से युवा मोर्चा, दलित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, महिला मोर्चा समेत अनुषांगिक संगठन सुस्त दिख रहे हैं। ऐसे में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी पर भी असर पड़ रहा है। अभी 28 जिलाध्यक्षों के नाम भी घोषित नहीं हो पाए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष भी अपनी टीम नहीं बना सके हैं।

# सरकार सवाल पूछने से रोकती है : अखिलेश




लखनऊ एक होटल में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व एमएलसी कांति सिंह व पार्टी सांसद डॉ. एसपी सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा हमारे अंदर रोशनी पैदा करती है। शिक्षा से ज्ञान मिलता है और ज्ञान से जिज्ञासा और सवाल पैदा होते हैं, लेकिन यह सरकार सवाल करने से रोकती है। शिक्षा को महंगा कर रही है और रूढ़िवादी सरकार के मंत्री आपस में ही खींचतान कर रहे हैं। ये आरोप सोमवार को पूर्व एमएलसी कांति सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन करने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लगाए। पूर्व एमएलसी कांति सिंह लखनऊ पब्लिक स्कूल व कॉलेज के संस्थापक और सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह की पत्नी हैं। उनके जीवन पर आधारित छूना है आसमां पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम लखनऊ के ताज होटल में आयोजित किया गया था। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि रूढ़िवादी लोग शिक्षा के खिलाफ हैं और इस पर नियंत्रण करना चाहते हैं।

# महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव मनाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच में रहेंगे। वे यहां चित्तौरा के समीप स्थापित की गई महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची कांस्य यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसका निर्माण उप्र संस्कृति विभाग के राज्य ललित कला अकादमी द्वारा कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार, रामसुतार आर्ट क्रिएशन्स प्रालि. द्वारा बनाया गया है।

# औद्योगिक क्षेत्रों में भी शुरू होगी दीदी की रसोई

- लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत गठित एसएलसीसी की हुई पहली बैठक


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूलों के साथ अब औद्योगिक क्षेत्रों में भी 'दीदी की रसोई' शुरू होगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इसके विस्तार के लिए निर्देश दिये। मुख्य सचिव सोमवार को लोकभवन में लखपति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 'दीदी की रसोई' के समान प्रेरणा कैंटीन को स्कूलों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में यूपीएसआरएलएम की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अब तक 17.09 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। 7 लाख 17 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिया गया है। 5 लाख 74 हजार एसएचजी को सामुदायिक निवेश निधि दी गई। 7 लाख 26 हजार को बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया। 49,800 दीदियों को एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) से जोड़ा जा रहा है।

## धर्म दर्शन

# 21वीं सदी पर भी थी कबीर की दृष्टि



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

समाजसुधारक संत कवि कबीर जन्मे थे तो 16 शताब्दी में लेकिन उनकी नजर थी 21वीं सदी पर भी थी। जब वे दोहा 'कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सब की खैर, ना काहू से दोस्ती नहिं किसी से बैर' लिख रहे थे तो वे जानते थे कि अर्थवादी और भौतिकता के चलते समाज में संवेदनशून्यता की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और पूरी दुनियां अर्थ की होड़ में गुटों में विभक्त हो जाएगी तब भारी संकटों के कारण गुट निरपेक्ष आन्दोलन के बिना लोक कल्याण नहीं होगा। कबीर की यह पंक्तियां संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की ओर इशारा करती हैं कि कोई ऐसा व्यक्ति या संगठन हो जो मानव-कल्याण को महत्ता दे। प्रकारांतर से कबीर अपनी स्थिति 'ना काहु से दोस्ती ना काहु से बैर' के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ की निरपेक्षता पर जोर देते है ताकि कहीं ऐसा न हो कि भौतिकता की होड़ में मनुष्य जानवर बन जाए। कबीर के एक दूसरे दोहे 'सांई से सब होत है बंदे ते कछु नाहिं, राई से पर्वत करे पर्वत राई माहि' में भी वे सांई शब्द प्रयोग करते हुए व्यक्ति में आदर्शो एवं संस्कारों की विशिष्टता का एहसास करा रहे है क्योंकि संरक्षण देने वाला ही सांई (मालिक) हो सकता है जबकि वंदे शब्द के माध्यम से निरन्तर वन्दगी, जी-हुजूरी, खुशामदी तथा दूसरों के बल पर जीवन जीने वालों से किसी उपलब्धि की आशा नहीं की जा सकती। इस दोहे में कबीर के वनस्पतिशास्त्र का ज्ञाता होना भी झलकता है। कबीर 'वंदा' नाम के उस पेड़ से परिचित दिखते है जो परजीवी है और आसपास के पेड़ों का खुराक लेकर बढ़ता है। यहां कबीर दूसरों का हक छीनने की कोशिशों पर कटाक्ष कर रहे हैं।

इस तरह के लोग ठाठ-बाट से भले जीते हैं पर समाज मे कुछ ऐसा बड़ा या नया काम नहीं कर सकते कि जमाना उनके पीछे चले या उन्हें लंबे दिनों तक याद करे। इसी दोहे में आगे कबीर का आधुनिक हाईटेक दुनियां का अनुमान शत प्रतिशत खरा है। हाईटेक युग मे राई जैसे पेन ड्राइव (चिप) में विशाल दुनियां के साथ अंतरिक्ष तक को समेट लेने की तकनीक सामने है। संत कबीर का भौतिकता पर भी कटाक्ष इस दोहे के जरिए देखा जा सकता है जिसमें वे लिखते है कि 'काकर पाथर जोड़ के मस्जिद दई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बाग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय'। यहां भौतिकता (आलीशान पत्थर के भवनों) के बल पर सम्मान पाने की कोशिशों पर व्यंग्य परिलक्षित होता है। मानवीय गुणों से हीन व्यक्ति येन-केन-प्रकारेण धन कमाकर और भौतिक उपकरणों के बल पर श्रेष्ठ बन रहा है। संत कवियों में गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरित मानस में अनेक प्रसंगों में इस तरह की प्रवृत्तियों को रेखांकित किया है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सन्त कबीर ने अपने तीसरे नेत्र से आने वाले समय को देख लिया था। जाहिर है कि कबीर सचाई के बल पर जीवन मे तप किया जिसके चलते वें भगवान शंकर की तरह त्रिनेत्रधारी हो गए।


## वर्ग पहेली- 457

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।




## वर्ग पहेली -456 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | | | 2 गों |
| रा | | | 3 ज़ो | | द |
| लुं | | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | | | दा | | |
| त | | 5 अ | र | का | न |
| | | ज़ा | | | |
| 6 लं | घ | न | ट | | |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी-11.35 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष :** आज विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। अपनी गलतियों को स्वीकार कर उसमें सुधार कर लेना हितकर होगा। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। आज यात्रा करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत कुछ खराब हो सकती है।

**वृष :** आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। घरेलू उलझनों से आपको छुटकारा मिलेगा। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे। व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन :** आज आपकी कार्यशैली से लोग बहुत प्रसन्न रहेंगे। लंबे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाये रखें। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क :** आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। लेकिन आप अपनी लापरवाही से उन अवसरों को खो सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आज थोड़ा गंभीरता दिखाना आवश्यक है। व्यर्थ की यात्राओं में आपका समय व्यर्थ हो सकता है।

**सिंह :** आज आप दिखावे में अधिक धन खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप जल्दी में काम समेटने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिन्तकों का निरादर न करें।

**कन्या :** आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में अत्यन्त वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा।

**तुला :** आज कार्यस्थल में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। करियर को लेकर योजना बनाने के लिए बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं। आज आप गृहकार्यों में अत्यन्त व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक :** आज आप लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अनुशासन का अत्यधिक ध्यान रखेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। मानसिक शान्ति के लिए आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे।

**धनु :** आज किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी समस्या होने की संभावना है। आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**मकर :** आज शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे। धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कुंभ :** आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। तकनीक संबंधी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा।

**मीन :** आज व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 06.02 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## सुडोकू -4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 3 | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 3 |
| | | | 8 | 9 | | | | 5 |
| 8 | | 1 | | | 3 | 5 | 2 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 2 | 4 | 5 | | | 8 | | 7 |
| 1 | | | | 4 | 5 | | | |
| 7 | | 6 | | | | 3 | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 1 | |

## सुडोकू - 3 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 |


अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 10 जून 2025




# सरकार को 8,076.84 करोड़ का दिया लाभांश

## एसबीआई के चेयरमैन ने वित्त मंत्री को सौंपा चेक

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया।

इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे। वित्त मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक मिला। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया था। बैंक ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। एसबीआई ने 2024-25 के दौरान 70,901 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 61,077 करोड़ रुपये था।

## सीतारमण ने एसपीएमसीआईएल को जल्द नवरत्न का दर्जा मिलने की जताई उम्मीद

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यह जल्द ही नवरत्न कंपनी बन जाएगी। एसपीएमसीआईएल इस समय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है और इसे भारत सरकार की अनुसूची 'ए' के तहत मिनीरत्न श्रेणी-1 कंपनी का दर्जा मिला हुआ है। सरकार कुछ पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न का दर्जा देती है। इसमें लाभ का पिछला रिकॉर्ड और कुल संपत्ति जैसे वित्तीय मानक शामिल हैं। वित्त मंत्री ने एसपीएमसीआईएल के कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उसके प्रदर्शन की सराहना की। सार्वजनिक उपक्रम मुद्रा नोटों की छपाई, प्रचलन के लिए सिक्कों की ढलाई और स्मारक सिक्के की ढलाई का काम करता है। इस अवसर पर सीतारमण ने उम्मीद जताई कि एसपीएमसीआईएल अपने वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर नवरत्न का दर्जा भी हासिल करेगी। सीतारमण ने कहा कि 2015 में अपनी पूंजी पुनर्गठन के बाद कंपनी ने 2016-17 तक ब्याज सहित अपना पूरा ऋण चुका दिया और मजबूत प्रतिफल देना जारी रखा। वित्त वर्ष 2023-24 में इसने 364 करोड़ रुपये का लाभांश दिया, जबकि पिछले साल इसने 534 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि निगम ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा जब्त किए गए सोने से लगभग 3 .4 टन परिष्कृत सोना भारतीय रिजर्व बैंक को दिया।

# चीन का अमेरिका को निर्यात 35% घटा, अर्थव्यवस्था पर बढ़ा दबाव

बीजिंग, एजेंसी

चीन का अमेरिका को निर्यात मई माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत घटा है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका से व्यापार वार्ता का नया दौर सोमवार को लंदन में शुरू होने वाला है।

पिछले महीने चीन के कुल निर्यात में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उम्मीद से कम है। अप्रैल में सालाना आधार पर चीन का निर्यात 8.1 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का आयात 3.4 प्रतिशत घट गया। इससे चीन का व्यापार अधिशेष 103.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चीन ने मई में



- सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से मिली जानकारी, उम्मीद से कम हुई निर्यात वृद्धि

अमेरिका को 28.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 44 अरब अमेरिकी डॉलर था। सीमा शुल्क विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका से इसका आयात घटकर 10.8 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इसके बावजूद दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोपीय संघ को निर्यात मजबूत रहा, और इसमें सालाना आधार पर क्रमशः 14.8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। थाइलैंड, वियतनाम और इंडोनेशिया को निर्यात में तेजी से वृद्धि हुई। जर्मनी को निर्यात 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया।

आईएनजी इकनॉमिक्स की लिन सॉन्ग ने एक टिप्पणी में कहा, अन्य अर्थव्यवस्थाओं को निर्यात में तेजी ने व्यापार युद्ध के बावजूद चीन के निर्यात को अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ने में मदद की है। कई कंपनियों ने ऊंचे शुल्क से बचने के लिए साल की शुरुआत में ऑर्डर दिए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क में भारी बढ़ोतरी को टालने के लिए चीन के साथ एक समझौता किया है।

# बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से बैंक



- स्थानीय शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी

शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान एक समय यह 480.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ। चार दिन की तेजी से निफ्टी 560 अंक यानी 2.27 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि सेंसेक्स 1,707 अंक मजबूत हुआ है। अमेरिका और चीन के बीच एक और दौर की व्यापार वार्ता को लेकर भी बाजार में धारणा सकारात्मक रही। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सप्ताह आरबीआई के नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया है। इससे अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों में तेजी आई है। ऊर्जा, आईटी और वित्तीय क्षेत्र प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक ने मानक सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वित्तीय शेयरों में तेजी जारी रही। इसका कारण आरबीआई की नीतिगत दर और सीआरआर में कटौती है।

## चार यूरोपीय देशों के समूह से व्यापार समझौता सितंबर तक

**बर्न।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच एफटीए इस साल सितंबर से लागू होने की संभावना है। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



इसके तहत भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली है जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरे जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति होगी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिश्टेंसटाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से ईएफटीए के साथ व्यापार समझौते पर कहा, यह सितंबर तक लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते को सभी चार देशों की संसदों से मंजूरी मिल गई है। हालांकि स्विट्जरलैंड में इस पर 10 जुलाई तक आपत्ति की जा सकती है।

# सुपर बिल्ट अप व कार्पेट एरिया में बढ़ा फासला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख शहरों की आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है जिससे पिछले कुछ वर्षों में फ्लैट के भीतर इस्तेमाल लायक जगह काफी कम हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। किसी आवासीय परियोजना में साझा सुविधाओं के लिए इस्तेमाल हुई जमीन को भी जोड़कर फ्लैट की बिक्री की जाती है।

इस संपूर्ण क्षेत्रफल को सुपर बिल्टअप एरिया कहा जाता है जबकि फ्लैट के भीतर की जगह कार्पेट एरिया कही जाती है। इन दोनों के बीच के अंतर पर लोडिंग अनुपात कहा जाता है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक के मुताबिक, वर्ष 2019 में औसत लोडिंग अनुपात 31 प्रतिशत था लेकिन जनवरी-मार्च 2025 की



- आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40%तक पहुंचाया

तिमाही में यह बढ़कर 40 प्रतिशत पर पहुंच गया। फ्लैट मालिकों को अब रहने लायक कम जगह मिल रही है और वे साझा सुविधाओं के नाम पर अधिक पैसे चुका रहे हैं। ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक व प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा, हालांकि नियामक रेरा के तहत अब डेवलपरों के लिए घर खरीदने वालों को दिए जाने वाले कुल कार्पेट एरिया का उल्लेख करना जरूरी है लेकिन कानून में परियोजनाओं के लोडिंग फैक्टर को सीमित नहीं किया गया है।

## लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल

**लंदन।** सोमवार को शुरू हुए लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियां शामिल हुईं, जो इस आयोजन में देश का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। इन कंपनियों में द ब्लैक बॉक्स, डिजी ऑस्मोसिस, बहवान साइबरटेक, आर्य डॉट एआई, एमफैसिस, हेलिओस बैटरीज, फाइंड, हाइपररेडी, मनीहॉप और सियाम कंप्यूटिंग शामिल हैं। लंदन के मेयर कार्यालय ने भारतीय भागीदारी में वृद्धि को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हाल ही में हस्ताक्षर किए जाने के बाद दोनों देशों के तकनीकी परिवेश के बीच मजबूती का उदाहरण बताया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने लंदन टेक वीक में 'एक्सट्रैक्ट' को पेश करने की घोषणा की थी।

राष्ट्रीय

# मशाल जुलूस निकाल सरकारी इमारत फूंकी

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों का विरोध प्रदर्शन जारी, सुरक्षाबलों से हुई झड़प, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

मणिपुर, एजेंसी

मणिपुर में मेइती संगठन के एक नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात को प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल जुलूस निकाले, एक सरकारी इमारत में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनकी झड़प हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेइथेल और सिंगजमै क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़पें हुईं, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि इंफाल पूर्व जिले के याइरीपोक तुलिहाल स्थित उप-विभागीय कलेक्टर (एसडीसी) कार्यालय में आग लगा दी गई, जिससे इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा और आधिकारिक दस्तावेज जल गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आगजनी करने वालों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में कोई और अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों की आवाजाही को रोकने के लिए इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और कोइरेंगी क्षेत्रों में सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई, याइरीपोक और खुरई में सड़कों के बीच टायर जलाए और सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई जिसके बाद उन्हें तितर-बितर



प्रदर्शनकारियों के उपद्रव के बाद इंफाल में तैनात किया गया सुरक्षाबल।

करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सोमवार सुबह इंफाल के कई इलाकों में सड़कों पर जले हुए टायर और धुआं उठता देखा गया। स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रदर्शनकारी कई सड़कों को बांस की बल्लियों से बंद कर रहे हैं।

हालांकि, सुरक्षा बलों ने कई अवरोधों को, विशेष रूप से इंफाल हवाई अड्डे की ओर जाने वाली तिद्दिम रोड पर लगे अवरोधकों को हटा दिया है। महिला समूहों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया और खुरई में मशाल जुलूस निकालकर राज्य में सरकार के तत्काल गठन की मांग की। मणिपुर में अभी राष्ट्रपति शासन लागू है। मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल के नेता कानन सिंह और चार अन्य की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार से मणिपुर में प्रदर्शन जारी है।

## पूर्व हेड कांस्टेबल कानन को मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था : पुलिस

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने कहा कि सीबीआई द्वारा एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया अशेम कानन सिंह राज्य पुलिस में हेड कांस्टेबल था और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उसे मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। सीबीआई ने मणिपुर में 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल (एटी) के सदस्य कानन सिंह को गिरफ्तार किया है। अशेम कानन सिंह (46) को सीबीआई ने इंफाल में गिरफ्तार किया।

# पिछले 11 साल देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक तानेबाने पर हुआ हमला : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 साल में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 सालों में संविधान के हर पन्ने पर सिर्फ तानाशाही की स्याही पोती है। उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर किया है व उनकी स्वायत्तता पर हमला किया है।

कहा कि चाहे जनमत के खिलाफ जाकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या जबरन एक दलीय



तानाशाही लागू करना हो, इस दौरान राज्यों के अधिकारों की अनदेखी की गई है और संघीय ढांचा कमजोर हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार घृणा, धमकी व भय का माहौल फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। उन्हें आरक्षण और समान अधिकारों से वंचित करने

- कहा-सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोती

की साजिश जारी है। मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है।

कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा-आरएसएस ने देश की जीडीपी वृद्धि दर को 5-6 प्रतिशत पर बनाए रखने की आदत बना ली है, जो संप्रग के दौरान औसतन 8 प्रतिशत होती थी। उन्होंने कहा, सालाना 2 करोड़ नौकरियों के वादे को पूरा करने के बजाय युवाओं से करोड़ों नौकरियां छीन ली गईं। मुद्रास्फीति के कारण सार्वजनिक बचत 50 वर्षों में सबसे कम हो गई है और आर्थिक असमानता 100 वर्षों में सबसे अधिक हो गई है।

## सबसे बड़ा जहाज




दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना को केरल के तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) पर पहुंचने पर पानी की बौछारों से सलामी दी गई। एजेंसी

## एक नजर

### पटना में महिला और उसकी पुत्री की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात हमलावरों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की सेवानिवृत्त नर्स महालक्ष्मी और उनकी बेटी संथाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति धनंजय भी गोलीबारी में घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### असम से 330 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने या रहने वाले बंगलादेशी नागरिकों पर कड़ा रुख दोहराते हुए कहा है कि लगभग 330 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया है और उनमें से कोई भी वापस नहीं आया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, उनके लिए वापस लौटना संभव नहीं है और हम इसके लिए दृढ़ हैं और उनकी वापसी में तेज़ी लायी जाएगी।

## भड़काऊ भाषण मामले में फरार वजाहत कोलकाता से गिरफ्तार

**कोलकाता।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली द्वारा सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले और भड़काऊ भाषण देने के मामले में फरार चल रहे वजाहत खान को कोलकाता पुलिस ने सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया। खान को आमहर्स्ट स्ट्रीट इलाके में एक फ्लैट से पकड़ा गया, जहां वह छिपा हुआ था। खान पर धर्म, नस्ल आदि के आधार पर विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाने, धर्म का अपमान करने या अपमान का प्रयास करने से जुड़ी धाराएं शामिल हैं।

## जासूसी मामला: पंजाब के यूट्यूबर जसबीर को न्यायिक हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की एक अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया था।

चार जून को गिरफ्तारी के बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था जिसे बाद में दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। सिंह के वकील मोहित धूपर ने कहा कि उसे 23 जून को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। रूपनगर जिले के महलान गांव का रहने वाला जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41) एक यूट्यूब चैनल जान महल वीडियो चलाता था जिसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वह यात्रा और खाना पकाने के वीडियो ब्लॉग पोस्ट करता था। सिंह पर पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गयी हरियाणा की इंफ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में होने का आरोप है।

# बेंगलुरु भगदड़ पर आरसीबी अधिकारी ने कोर्ट में दावा किया, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई गिरफ्तारी

- हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल को नहीं दी अंतरिम राहत, आज फिर होगी सुनवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत नहीं दी तथा मामले की सुनवाई मंगलवार के लिए स्थगित कर दी। सोसले को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के सिलसिले में 6 जून को गिरफ्तार किया गया था।

हाईकोर्ट ने पुलिस को आरसीबी और इवेंट पार्टनर डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के खिलाफ 12 जून तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया और मामले की अगली सुनवाई उसी दिन तय कर दी। अपनी याचिका में सोसले ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था। आरसीबी और डीएनए ने चार जून को आरसीबी के आईपीएल जीतने के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ सरकार को चेतावनी

न्यायाधीश ने राज्य सरकार को अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, यह भद्र लोगों में आम समझ है - जब तक हम मामले को अपने हाथ में नहीं ले लेते, तब तक कुछ भी मत कीजिए। सोमवार को सोसले के वकील ने अदालत के समक्ष दलील दी कि केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारियों ने आरसीबी अधिकारी को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। आरसीबी के अधिकारी को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह दुबई जा रहे थे।

## निर्वाचन आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ा डेटा कब तक सौंपेगा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़े डेटा साझा करने संबंधी निर्वाचन आयोग के कथित फैसले की सोमवार को सराहना करते हुए इसे पहला अच्छा कदम करार दिया। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वह उस तारीख का ऐलान करे, जब डिजिटल और 'मशीन द्वारा पठनीय' प्रारूप में डेटा सौंपा जाएगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया की एक खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए मतदाता सूची का डेटा साझा करने का रास्ता साफ कर दिया है। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने इससे पहले इस साल की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय को इस संबंध में आश्वासन दिया था।

# अगस्ता वेस्टलैंड : आरोपी की सुरक्षा रिपोर्ट गायब, कोर्ट ने कहा- गंभीर चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कहा कि जेल में बंद अगस्ता वेस्टलैंड मामले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की सुरक्षा पहलू से जुड़ी जांच फाइल का गायब होना गंभीर चिंता का विषय है। अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को फाइल ढूंढने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश संजय जिंदल ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को 7 जुलाई तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, क्योंकि उन्हें बताया गया कि अदालत द्वारा मांगी गई मूल रिपोर्ट काफी प्रयासों के बावजूद भी नहीं मिल सकी है।

अदालत ने कहा, अभियुक्तों द्वारा उठाए गए मुद्दों की गंभीरता और जेम्स की शिकायत पर हाल की सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर आए

- तिहाड़ जेल प्रशासन को रिपोर्ट पेश करने का आदेश, मिशेल ने जान से मारने की साजिश का आरोप लगाया

तथ्यों को देखते हुए, यह गंभीर चिंता का विषय है कि जांच की केस फाइल, जिसके आधार पर 29 अगस्त, 2019 की रिपोर्ट दी गई थी, का पता नहीं चल पा रहा है। न्यायाधीश ने कहा, तिहाड़ जेल के महानिदेशक (कारागार) को उपरोक्त जांच फाइल का पता लगाने और उसे पेश करने के लिए कहा जाए और यदि केस फाइल का अब भी पता नहीं लगता है, तो अगली सुनवाई की तारीख पर जांच फाइल के पता न चलने के तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि जेम्स की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

## खेल डायरी

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो :** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा, "यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है। पैराग्वे, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जो चौथे स्थान पर मौजूद ब्राजील से दो अंक आगे है। शीर्ष छह टीमें अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में अगले साल होने वाले विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएगी।

### दिल्ली ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एस एल नारायणन की अगुवाई में भारत के ग्रैंड मास्टर नॉर्म प्राप्त खिलाड़ियों का दिल्ली अंतरराष्ट्रीय जीएम ओपन शतरंज में सोमवार को चौथे दौर में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। नारायणन ने वियतनाम के ग्रैंड मास्टर गुयेन डुक होआ को हराया, जबकि दिप्तायन घोष और दो अन्य घरेलू ग्रैंड मास्टर ने भी शानदार जीत दर्ज कर तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा और अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश ने भी अपने अपने मुकाबले में जीत के साथ दबदबा कायम किया है। ग्रैंड मास्टर आदित्य एस सामंत ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा है। दिल्ली जीएम ओपन एशिया के सबसे बड़े क्लासिकल प्रारूप के ओपन शतरंज टूर्नामेंट के रूप में वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस टूर्नामेंट में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। इसकी पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये है।

### डीडीसीए की पहली महिला टी20 लीग शुरू

**नई दिल्ली :** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की पहली महिला टी20 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में आर पी क्रिकेट अकादमी ने एन के खन्ना क्लब को 44 रन से हराया। इस लीग में डीडीसीए से पंजीकृत 41 क्लबों की टीमें भाग ले रही हैं और मॉडर्न स्कूल में पहला मुकाबला खेला गया। डीडीसीए उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने इस अवसर पर कहा यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेटरों के लिये बेहतरीन अवसर है। उम्मीद है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ महिला प्रीमियर लीग में खेलने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि संगीता जेटली ने कहा यह ऐसा मंच है जहां परिश्रम और आत्मबल की वास्तविक परख होगी। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों तक यह प्रेरणा और उत्साह का प्रतीक बना रहेगा।

### भारतीय निशानेबाजी लीग से भारत को बढ़ावा मिलेगा

**नयी दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मैरी टकर का मानना है कि भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) भारत और दुनिया भर में इस खेल को विकसित करने का बड़ा अवसर प्रदान करेगी। तोक्यो ओलंपिक 2020 में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली इस 23 साल की इस निशानेबाज ने कहा कि उन्हें टीम प्रारूप वाले टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करना पसंद है। उन्होंने एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन, अमेरिका) प्रतियोगिताओं में केंटुकी विश्वविद्यालय और वेस्ट वर्जीनिया विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के साथ जर्मनी की बुंडेसलीगा में साल्टेंडोर्फ टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है। टकर ने कहा मुझे लीग बहुत पसंद है।

### दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर

**लंदन :** वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है।

### हम अतीत के दिग्गजों का सम्मान करना चाहते हैं : महाराज

**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज बुधवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ग्रीम स्मिथ और उनकी टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन रही टीम के साथी खिलाड़ियों का अनुसरण करना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका ने 13 साल पहले लॉडर्स पर ही टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। उस टीम में स्मिथ, जाक कैलिस, डेल स्टेन जैसे खिलाड़ी थे जिन्होंने इंग्लैंड को मात दी थी। महाराज ने कहा मुझे वह पल याद हैं जब उन्होंने गदा को उठाया था। हम अपने लिये जीतना तो चाहते ही हैं लेकिन अतीत के दिग्गजों को भी सम्मानित करना चाहते हैं। उम्मीद है कि यह खिताब जीतकर हम भी उनकी जमात में शामिल हो सकेंगे। दक्षिण अफ्रीका लगातार सात टेस्ट जीतकर लंदन पहुंची है। उसे आखिरी बार फरवरी 2024 में टेस्ट मैच में पराजय मिली थी।

# भारत को इंग्लैंड में हालात के अनुकूल ढलना होगा

## पूर्व क्रिकेटरों ने टेस्ट सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के लिए दी सलाह, रोहित व विराट के संन्यास के बाद शुभमन पर बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी। वहीं माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए 'कुछ खास' की शुरुआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

चेतेश्वर पुजारा ने कहा भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा। उन्होंने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोटर्स से कहा हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिये यह बड़ा मौका होगा। पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है। पूर्व हरफनमौला इरफान पठान ने कहा भारत की नयी टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है। इंग्लैंड श्रृंखला के लिये उसे कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उसे बहुत कुछ साबित करना होगा लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है। ऋषभ पंत उपकप्तान है और यह टीम खुद को साबित करने के लिये बेताब है। इंग्लैंड का दौरा भारत की अगली पीढ़ी के लिए किसी खास का आगाज हो सकता है।




शुभमन गिल



चेतेश्वर पुजारा।



इरफान पठान।

### ऑफ साइड के बाहर की गेंद पर जूझने के कारण कोहली ने संन्यास लिया : पनेसर

**नई दिल्ली :** पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बार-बार जूझने की समस्या का संभवत: समाधान नहीं मिलने के कारण विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेलने वाले और 2012 में भारत में अपनी टीम को टेस्ट सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले पनेसर का मानना है कि कोहली को इंग्लैंड के अपने पिछले दौरों की तुलना में ऑफ स्टंप के आसपास घूमती गेंदों से निपटना अधिक कठिन लगता। कोहली ने 2014 के खराब दौरे के बाद 2018 में इंग्लैंड में शानदार वापसी की। वर्ष 2014 में जेम्स एंडरसन ने इस दिग्गज बल्लेबाज को काफी परेशान किया। बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर पनेसर ने पीटीआई से कहा कोहली के साथ जो हुआ है वह यह है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद, पांचवें स्टंप की लाइन, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में तेज उछाल वाली पिचों पर वह संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने शायद सोचा होगा कि इंग्लैंड में गेंद और ज्यादा स्विंग करेगी, उन्होंने शायद ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर समस्या का समाधान नहीं निकाला। शायद यही एक कारण रहा होगा कि उन्होंने संन्यास लेने और अपनी सारी ऊर्जा आरसीबी और भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में लगाने के बारे में सोचा। कोहली के पास 2018 में वापसी करने के लिए जवाब थे पर अपने करियर के इस पड़ाव पर ऐसा करना बहुत कठिन होगा।

## भारत ए की बढ़त 400 रन के पार

**नॉर्थम्पटन :** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल कंबोज (नाबाद 51) के अर्धशतक से भारत ए ने सोमवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और अंतिम दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में सात विकेट पर 417 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 438 रन तक पहुंचाई। कोटियान ने अब तक 108 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके मारे हैं। उन्होंने और कंबोज ने दूसरे सत्र में इंग्लैंड लॉयन्स के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। दोनों अब तक आठवें विकेट के लिए 149 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

कंबोज ने भी मेजबान टीम के थके हुए गेंदबाजों का फायदा उठाते हुए उम्दा पारी खेली। मेजबान टीम को विकेट की तलाश में कामचलाऊ गेंदबाजों को भी आजमाना पड़ा लेकिन सफलता नहीं मिली। कोटियान ने 74वें ओवर में बेन मैकिनी की गेंद को थर्ड मैन पर चार रन के लिए खेलकर अपना 16वां प्रथम श्रेणी अर्धशतक पूरा किया। कंबोज ने 91वें ओवर में तीन रन के साथ अपना पहला अर्धशतक जड़ा।

## एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड से लगातार दूसरा मैच हारा भारत

**एम्सटेलवीन :** नौ पेनल्टी कॉर्नर में से महज एक गोल में बदल सकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब सोमवार को नीदरलैंड ने उसे 3-2 से हराया। सात जून को पहले मैच में बढ़त बनाने के बावजूद 1-2 से हारी भारतीय टीम दूसरे मैच में भी उन्हीं गलतियों को दोहराती दिखी। भारत को पूरे मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से सिर्फ एक पर जुगराज सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया। भारत के लिये पहला गोल अभिषेक ने 20वें मिनट में किया था जो अपना 100वां मैच खेल रहे थे। नीदरलैंड के लिये थीज वैन डैम ने 24वें, टी होडेमेकर्स ने 33वें और यिप यानसेन ने 57वें मिनट में गोल दागे। भारत ने मुकाबले में तेज शुरुआत की और पहले क्वार्टर में नौ बार विरोधी टीम के सर्कल में प्रवेश किया लेकिन टीम गोल नहीं कर सकी। भारत को पहला मौका छठे मिनट में मिला लेकिन अभिषेक का शॉट गोल से दूर रहा। शिलानंद लाकड़ा भी इसके बाद मिडफील्ड से गेंद को अपने कब्जे में लेकर आगे बढ़े लेकिन गोल करने में नाकाम रहे।

# यानिक सिनर शीर्ष पर बरकरार

**पेरिस, एजेंसी**

- डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई

फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं।


फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं, लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता।



यानिक सिनर। ● एजेंसी

डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वाइल्ड कार्ड धारक बोइसों ने तीसरी वरीय पेगुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी और फिर छठे नंबर की खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा को हराया।

रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरे स्थान पर हैं। जैक ड्रैपर चौथे जबकि नोवाक जोकोविच पांचवें पायदान पर हैं।



फ्रेंच ओपन विजेता कार्लोस अल्कारेज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। ● एजेंसी

# अनुभवी इलावेनिल से पदक की उम्मीद

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**

दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को यहां आईएसएसएफ (अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होगी। क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालीफिकेशन शुरू होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे।



इलावेनिल वालारिवन। ● एजेंसी

भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरुआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पर्धाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है। ये सभी यूरोपीय सर्किट पर विभिन्न आयोजनों के लिए कई बार यहां आ चूके है। वे अभ्यास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, देखते हैं मुकाबले में क्या होता है। भारत ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अमेरिका में हुए विश्व कप के पहले दो चरणों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय निशानेबाज विश्व कप के साल के शुरुआती दो चरण की सफलताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग ने कहा हमारे निशानेबाज लय में हैं। सभी फिट है इसलिए हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। प्रतियोगिता के शुरुआती दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की थ्री पी टीम भी चुनौती देती दिखेगी। मनु भाकर, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर की तिकड़ी एक बार फिर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की कोशिश करेगी।

## मैच में अश्विन के अशिष्ट व्यवहार ने ध्यान खींचा

**कोयंबटूर :** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए।

ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर में अश्विन स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए। अश्विन ने पांचवें ओवर में पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की पर गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर अपनी उंगली उठाई क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके क्योंकि उन्होंने और जोड़ीदार शिवम सिंह डीआरए ले चुके थे।

# कोलकाता व दिल्ली के टेस्ट मैचों में बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने हैं मुकाबले

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

बीसीसीआई की ओर से स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी।

# पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

**म्यूनिख, एजेंसी**


- शूटआउट में स्पेन को हराकर दूसरी बार हासिल की ट्रॉफी

पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया।

40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतरराष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट में गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डा का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पायी। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुये शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किये। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।




जर्मनी के म्यूनिख में पुर्तगाल की टीम ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी



क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

## एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से चुनौती

**कोवलून (हांगकांग) :** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिए आसान नहीं होगी।

स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50 हजार टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं। वह 2013 से 2016 तक बेंगलुरू एफसी के कोच रहे जिसके बाद एटीके और राउंडग्लास पंजाब एफसी के भी कोच रहे। विश्व रैंकिंग में 127वें स्थान पर काबिज भारत ने मार्च में बांग्लादेश से ड्रॉ खेला था।

गर्मी से राहत



दिल्ली के कई इलाके भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, इसके बावजूद सोमवार को चाणक्यपुरी के संजय कैंप में पानी का टैंकर पहुंचा तो गर्मी से परेशान बच्चे पीने के पानी का संकट भूलकर पानी से खेलने में मशगूल हो गए। एजेंसी

## कोई नहीं जानता...

# देश में गर्मी से कितनी मौतें..!

पिछले साल मई की तपती दोपहर में दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक कूड़ा बीनने वाला व्यक्ति गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़ा। पेशे से सफाई कर्मचारी मजीदा बेगम ने उसे इस हालत में देखा और बताया कि परिवार उसे अस्पताल ले गया। लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। उनके पास इस बात का कोई सबूत नहीं था कि वह गर्मी के कारण मरा है, इसलिए उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला। उसकी मौत को कभी आधिकारिक तौर पर गर्मी से मौत के रूप में नहीं गिना गया। यह भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण मरने वाले अनगिनत लोगों में से एक मामला है, जो कभी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए गए और न ही उन्हें कभी मुआवजा दिया गया।

### गर्मी से मौतों की निगरानी के तीन माध्यम

वर्तमान में तीन अलग-अलग आंकड़ों में लू और गर्मी से मौत के मामलों की निगरानी की जाती है। सबसे अधिक स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) और गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े उद्धृत किए जाते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लू या गर्म हवाओं के कारण होने वाली मौत के आंकड़े रखता है, जो मुख्य रूप से मीडिया में आई खबरों से प्राप्त आंकड़े होते हैं।

### कोई भी निगरानी सटीक नहीं

ये तीनों स्रोत व्यापक रूप से मौतों की अलग संख्याएं बताते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय से आरटीआई के जरिए प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत 2015 से 2022 के बीच गर्मी से संबंधित मौत के 3,812 मामले दर्ज किए गए। एनसीआरबी के मुताबिक इसी अवधि में ये आंकड़ा 8,171 मौतों का है। इसी अवधि में आईएमडी की वार्षिक रिपोर्ट में लू से मौत के 3,436 मामले दर्ज हैं।

### राज्य नहीं देते आंकड़े

कई राज्यों ने अपने आंकड़े केंद्र के साथ साझा नहीं करते। इन राज्यों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं। इससे लू और गर्मी से होने वाली मौतों का सही आंकड़ा प्राप्त नहीं होता।



### अलग-अलग एजेंसियों के अलग-अलग आंकड़े

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक एनसीआरबी के आंकड़े काफी हद तक सार्वजनिक स्थानों, घरों और अन्य जगहों पर मृत पाए गए लावारिस लोगों की संख्या दर्शाते हैं। एनसीआरबी के अनुसार 2022 में लू/गर्मी से 730 लोगों की मौत हुई, 2021 में 374 और 2020 में 530 लोगों की मौत हुई। इसके विपरीत, एनसीडीसी के आंकड़ों के अनुसार 2022 में गर्मी से संबंधित मौत की संख्या केवल 33 है, 2021 में गर्मी से किसी की मौत नहीं हुई और 2020 में गर्मी के कारण चार लोगों की मौत हुई।

### रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त तंत्र नहीं

दिल्ली में केंद्र सरकार संचालित एक अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर के मुताबिक अधिकतर अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी से उचित डाटा संग्रह और रिपोर्टिंग में बाधा आती है। मई में इंडिया हीट समिट 2025 में स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने भी देश की मृत्यु-रिपोर्टिंग प्रणालियों की कमियों को उजागर किया था।

## एक नजर

### सऊदी अरब ने भारतीयों पर नहीं लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा भारतीय यात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सूत्रों ने आज यहां कहा कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध के बारे में रिपोर्ट गलत है। सऊदी सरकार ने इस मामले में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि हर साल हज के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता हैं, जो हज के समापन के साथ समाप्त होता है। इस साल भी वही किया गया है।

### सिंगापुर: चोरी करते पकड़ी गईं दो भारतीय महिलाएं

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर अलग-अलग दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार ने पुलिस के बयान का हवाला देते हुए बताया कि 29 और 30 साल की उम्र की इन महिलाओं ने दो जून को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों महिलाओं को देश छोड़ने से पहले हिरासत में लिया गया।

### बम की धमकी, गल्फ एयर का विमान कुवैत में उतरा

**कुवैत सिटी।** कुवैत में गल्फ एयर के एक विमान को उडान भरने के कुछ समय बाद बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर लिया गया। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि उड़ान जीएफ213 के आगमन पर पूरी सुरक्षा जांच की गई और डीजीसीए और आंतरिक मंत्रालय के समन्वय में आपातकालीन प्रक्रियाएं सक्रिय की गईं। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### दिल्ली से 66 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने वजीरपुर और नयी सब्जी मंडी इलाकों में 66 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें 20 पुरुष, 16 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। हिरासत में लिए गए ये लोग 11 परिवारों से हैं और राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे थे। एक गुप्त सूचना मिलने के बाद छह जून को अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, ये विदेशी नागरिक हाल ही में हरियाणा के नूंह (पूर्व में मेवात) से यहां आए थे, जहां वे ईंट भट्ठों में काम करते थे।

# लॉस एंजिलिस: सैनिकों की तैनाती से भड़के प्रदर्शनकारी, वाहन फूंके

## हजारों प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया, अफसरों ने दागे आंसू गैस के गोले

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ तीन दिन से प्रदर्शन जारी

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर लॉस एंजिलिस में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की असाधारण तैनाती को लेकर रविवार को तनाव और बढ़ गया, जहां हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए, उन्होंने एक प्रमुख राजमार्ग पर जाम लगा दिया और स्वचालित गाड़ियों में आगजनी की। स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं।

इस दौरान पुलिसकर्मियों को घोड़ों पर सवार होकर सड़कों पर गश्त करते देखा गया और शील्ड पहने कुछ पुलिसकर्मी संघीय केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात सैन्य जवानों के पीछे खड़े देखे गए। सैन्य जवानों को उस हिरासत केंद्र की सुरक्षा में भी तैनात किया गया है जहां हाल के दिनों में कुछ अप्रवासियों को ले जाया गया था। पुलिस ने प्रदर्शन को गैरकानूनी सभा घोषित किया और शाम होते-होते कई प्रदर्शनकारी लौटने लगे लेकिन मौके पर डटे प्रदर्शनकारियों ने पास के एक पार्क से कुर्सियां लाकर एक अस्थायी अवरोधक बना दिया तथा दूसरी तरफ खड़े पुलिसकर्मियों पर वस्तुएं फेंकना शुरू कर दिया।

कुछ प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग 101 अवरुद्ध कर पुलिस पर पथराव किया और उनकी तरफ पटाखे फेंके, जिसके बाद खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को एक पुल के नीचे छिपना पड़ा। आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ पिछले तीन दिन से प्रदर्शन किया जा रहा है। सेना के 300 जवानों की तैनाती के बाद स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। नेशनल गार्ड के जवान सुबह से ही लॉस एंजिलिस में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर के बाहर बंदूकें लिए और शील्ड पहने खड़े हैं। प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के खिलाफ 'शर्म करो' और 'वापस जाओ' के नारे लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के करीब पहुंचने की कोशिश की लेकिन वर्दीधारी अधिकारियों ने उन्हें को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।



प्रदर्शनकारियों ने नेशनल गार्ड की तैनाती के विरोध में कई वाहनों में आग लगा दी।

### आव्रजन पर बढ़ते तनाव के बीच नए यात्रा प्रतिबंध लागू

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 12 अफ्रीकी और पश्चिम एशियाई देशों के नागरिकों के अमेरिका यात्रा करने पर लगाए गए नए प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी हो गए। यह प्रतिबंध राष्ट्रपति के आव्रजन प्रवर्तन अभियान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच लगाया गया है। ट्रंप ने बीते बुधवार को इस नई घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। यह प्रतिबंध अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन के नागरिकों पर लागू होते हैं। इसके अलावा बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेज़ुएला के उन नागरिकों पर भी सख्त शर्तें लागू की जाएंगी जो अमेरिका के बाहर हैं और जिनके पास वैध वीजा नहीं है।

कुछ ही मिनट बाद लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए भीड़ नियंत्रण हथियारों का इस्तेमाल किया। इसके बाद प्रदर्शकारियों ने राजमार्ग 101 पर यातायात जाम कर दिया, लेकिन बाद में 'कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल' के अधिकारियों ने उन्हें सड़क से हटा दिया, लेकिन दक्षिण की ओर जाने वाली लेन पर यातायात बंद है। पास में, कम से कम चार स्वचालित कारों में आग लगा दी गई, इलेक्ट्रिक वाहनों के जलने के साथ विस्फोट की आवाज भी सुनाई दी।

## जम्मू-कश्मीर में सैनिक ने खुद को गोली मारी, मौत

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में एक शिविर में एक सैनिक ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले के गुलमर्ग स्थित 9वीं राज राइफल कैंप के लांस नायक बनवार लाल सरन ने रविवार रात अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि राजस्थान के रहने वाले जवान की मौके पर ही मौत हो गई। शव को चिकित्सकीय और कानूनी औपचारिकताओं के लिए तंगमर्ग उप जिला अस्पताल ले जाया गया।

## समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिकी विमान

**सैन डिएगो।** सैन डिएगो के निकट सागर तट से आठ किलोमीटर दूर समुद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे के वक्त विमान में छह लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर प्वाइंट लोमा के निकट मलबे का एक क्षेत्र पाया गया, जहां हादसाग्रस्त विमान की तलाश शुरू की गई।

# शिक्षा मद के 2291 करोड़ रोकने के मामले में तत्काल सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

- तमिलनाडु सरकार का अनुरोध शीर्ष कोर्ट ने ठुकराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) की 2291.30 करोड़ रुपए की धनराशि रोकने का आरोप लगाते हुए उसका भुगतान करने का निर्देश देने की तमिलनाडु सरकार की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मामले का विशेष उल्लेख करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन की तत्काल सुनवाई की दलीलें सुनने के बाद कहा, इसमें कोई जल्दबाजी नहीं है, इसे आंशिक कार्य दिवसों (ग्रीष्मकालीन अवकाश) के बाद इस पर सुनवाई की जा सकती है। तमिलनाडु सरकार ने लाखों बच्चों की पढ़ाई के नुकसान का हवाला देते हुए याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था।

अपनी याचिका में उसने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम श्री के कार्यान्वयन न करने के कारण के केंद्र सरकार एसएसएस के तहत तमिलनाडु को मिलने वाली धनराशि रोक रही है। राज्य की द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपनी मूल याचिका में उसने केंद्र सरकार को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की, जिसमें एक मई, 2025 से लेकर डिक्री की प्राप्ति तक 2,151.59 करोड़ रुपये की मूल राशि पर छह फीसदी प्रति वर्ष ब्याज शामिल है।

### ठग लाइफ: कर्नाटक थिएटर एसोसिएशन से कहा- हाईकोर्ट जाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के सिनेमाघरों में कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की स्क्रीनिंग के लिए सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर भी तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कर्नाटक के थिएटर एसोसिएशन से कहा कि वे इसके बजाय कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख करें। याचिकाकर्ता के वकील ने सिनेमाघरों में आग लगाने की धमकियों का जिक्र किया। मगर न्यायमूर्ति मिश्रा ने तत्काल सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा, अग्निशामक यंत्र लगाएं।

# रूस ने यूक्रेन पर बमबारी के लिए एक रात में 479 ड्रोन से किया बड़ा हमला

**कीव, एजेंसी**

यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को कहा कि रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। वायु सेना के अनुसार, ड्रोन के अलावा यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार की 20 मिसाइलें दागी गईं।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि हमले के दौरान मुख्य रूप से यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। वायु सेना के एक बयान में कहा गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइल ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। लेकिन इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

रूस के हवाई हमले आमतौर पर देर शाम को शुरू होते हैं और सुबह खत्म होते हैं, क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल होता है। रूस ने तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान लगातार यूक्रेन के नागरिक इलाकों में शाहिद ड्रोन से हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन हमलों में 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। रूस का कहना है कि वह सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है।

### अमेरिका के दिए 26 अब्राम टैंकों को रूस ने किया नष्ट

**मास्को।** रूसी सशस्त्र बलों ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गये 31 अब्राम टैंकों में से अबतक 26 को नष्ट कर दिया है। यह जानकारी स्पूतनिक ने सोमवार को दी। जनवरी 2023 में, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को 31 एम1 अब्राम टैंक देने की घोषणा की थी। स्पूतनिक की गणना के अनुसार, रूसी सेना ने फरवरी 2024 से अब तक 26 टैंकों को नष्ट कर दिया है। इस तरह के पहले टैंक को 26 फरवरी, 2024 को अवदेयेवका दिशा में त्सेंट्र समूह की सेनाओं ने नष्ट कर दिया था। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। एम1 जनरल अब्राम्स का लगातार उत्पादन 1980 में शुरू हुआ था। इस टैंक का नाम जनरल क्रेयटन अब्राम्स के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक टैंक बटालियन की कमान संभाली थी।

## एक्सिओम-4 मिशन 11 जून तक स्थगित

**नई दिल्ली।** इसरो ने सोमवार शाम को बताया कि मौसम की स्थिति के कारण भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

आईएसएस की यात्रा के लिए कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन-9 रॉकेट को मंगलवार शाम को अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरनी थी। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 जून 2025 के बजाय 11 जून 2025 के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# केरल तट के पास जहाज में आग लगी

- चालक दल के 22 में 18 सदस्यों ने जहाज छोड़ा

**कोच्चि, एजेंसी**

सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 पर सोमवार सुबह केरल तट के पास आग लगने की सूचना मिलने के बाद चालक दल के सदस्यों को उससे निकाला जा रहा है। एक रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर सवार चालक दल के 22 सदस्यों में से 18 ने जहाज छोड़ दिया है, भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने उनका बचाव अभियान शुरू किया है।

जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, जहाज में अभी आग लगी हुई है और वह बिना नियंत्रण के गतिमान है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय तटरक्षक जहाज सचेत, अर्नवेश, समुद्र प्रहरी, अभिनव, राजदूत और सी-144 बचाव अभियान में शामिल हैं। अधिकारियों ने पहले कहा था कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर विस्फोट की सूचना मिली है, लेकिन बाद में स्पष्ट किया कि उस पर आग लगी है।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

### बचाव के लिए भेजा गया आईएनएस सूरत

पीआरओ ने बताया, नौ जून को सुबह लगभग 10:30 बजे, एमओसी (कोच्चि) को एमओसी (मुंबई) से जहाज के निचले डेक पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद भारतीय नौसेना ने तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए आईएनएस सूरत को उस जगह रवाना किया, जो कोच्चि में लंगर डालेगा। पीआरओ ने कहा कि नौसेना की पश्चिमी कमान ने पूर्वाह्न 11 बजे पोत को घटना वाली जगह की ओर रवाना किया।

# इजराइली सेना ने गाजा में मानवीय सहायता ले जा रहे जहाज को रोका

- ग्रेटा थनबर्ग समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

**यरुशलम, एजेंसी**

इजराइल की सेना ने सोमवार की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए जा रहे एक जहाज को रोक दिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने और इजराइली नाकाबंदी तथा युद्ध में उसके आचरण का विरोध करने और फलस्तीनियों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए ये यात्रा शुरू की थी। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ताओं का इजराइली सेना ने अपहरण कर लिया है और उसने उनके पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश जारी किए।

संगठन ने कहा, जहाज पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। जहाज के निहत्थे असैन्य चालक दल के सदस्यों का अपहरण कर लिया गया और इस पर मौजूद जीवन रक्षक राहत सामग्री जैसे कि शिशु फॉर्मूला, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति को जब्त कर लिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यात्रा को एक 'जनसंपर्क का हथकंडा' बताया और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेलिब्रिटी लोगों का 'सेल्फी जहाज' सुरक्षित रूप से इजराइल के तट पर पहुंच रहा है।

### इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में चेहाबियह-कफ़र दोनिन सड़क पर रविवार को एक मोटरसाइकिल को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में एक हिज़बुल्लाह सदस्य की मौत हो गई और तीन लेबनानी नागरिक घायल हो गए। एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने पुष्टि की कि पीड़ित की पहचान चेहाबियह शहर के हिज़बुल्लाह सदस्य अली शफ़ीक क़ान्सो के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि हवाई हमले के समय तीन नागरिक वहाँ से गुज़र रहे थे। लेबनान के नागरिक सुरक्षा के एक सूत्र ने बताया कि बचाव दल ने पीड़ित के शव और तीन घायल व्यक्तियों को दक्षिणी शहर टायर के एक अस्पताल में पहुंचाया है।

## आतंकी तहव्वुर राणा को मिली फोन पर परिजनों से बातचीत की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने की सोमवार को अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी।

न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। अदालत ने सोमवार से 10 दिन के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी देने को कहा है। राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, न्यायाधीश ने इस पर जेल अधिकारियों को अपना रुख स्पष्ट करने के लिए एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया।

सर्वेक्षण

हिमाचल की राजधानी में गंभीर गुर्दा रोग (सीकेडी) के मामले करीब 40 प्रतिशत तक पहुंचे


# शिमला में गुर्दा रोगियों की संख्या चिंताजनक स्तर पर

**शिमला, एजेंसी**

भारत में विशेष तौर पर हिमाचल प्रदेश में 'गंभीर गुर्दा रोग' (सीकेडी) के बढ़ते मामले गहरी चिंता का कारण बन रहे हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अनुसंधान विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरएस रांटा की देखरेख में मेडिकल छात्रों की ओर से हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार इस रोग के सबसे ज्यादा मामले शिमला जिले में सामने आए हैं। यहां इस रोग के सबसे अधिक 39.9 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए हैं।

वर्ष 2014 से 2023 के बीच इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला में इलाज कराने वाले 2,609 रोगियों के आंकड़ों पर आधारित यह अध्ययन आईजीएमसी के छात्रों ने नेफ्रोलॉजी विभाग के सहयोग से किया गया है। आईजीएमसी में नेफ्रोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कामाक्षी ने बताया कि सीकेडी मुख्य रूप से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्त में यूरिया के स्तर में वृद्धि और मूत्र में प्रोटीन रिसाव के कारण होता है। शिमला के अलावा सीकेडी के मामले मंडी (14.5 प्रतिशत), सोलन (10 प्रतिशत), और कुल्लू (8.6 प्रतिशत) में भी सामने आए हैं।

लाहौल-स्पीति में इस रोग का अभी ज्यादा प्रकोप नहीं फैला है। यहां इसका सबसे कम प्रतिशत दर्ज किया गया। एकत्रित आंकड़ों ने क्षेत्र में लिंग असमानता को भी उजागर किया, जिसमें 60.2 प्रतिशत रोगी पुरुष और 39.8 प्रतिशत महिलाएं थीं। इस रोग का प्रकोप 57 वर्ष से अधिक आयु के रोगियों में ज्यादा पाया गया और इनका प्रतिशत 68 प्रतिशत से अधिक रहा। चौंकाने वाली बात यह है कि 17 प्रतिशत रोगियों का इलाज उनके गुर्दे के काम करना बंद करने के अंतिम चरण में किया गया।



- मंडी, सोलन और कुल्लू जिलों में भी गुर्दा रोगियों की भारी तादाद

### डॉक्टरों की चेतावनी, सीकेडी का ये विकराल रूप

डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अनियमित जीवन शैली, इलाज में देरी और जागरूकता की कमी के कारण सीकेडी विकराल रूप में सामने आ रही है। डॉ. कामाक्षी ने बीमारी के प्रभाव को कम करने के लिए प्रारंभिक जांच, बेहतर आहार संबंधी आदतों और समय पर इलाज के महत्व पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने सीकेडी के मामलों में लगातार वृद्धि के कारण स्वास्थ्य विभाग से इसके रोकथाम के उपायों पर ध्यान देने और इस बाबत जागरूकता अभियान शुरू करने का आग्रह किया है। ये अभियान विशेष तौर पर उन जिलों में ज्यादा जोर-शोर से चलाने का अनुरोध किया गया है, जहां इसके ज्यादातर मामले सामने आए हैं।